PRESS
राष्ट्रीय मुख्यधारा
PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, सोमवार
10.03.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 38

हिन्दी दैनिक
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी




राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# रक्षा मंत्री की मौजूदगी में एचएएल को सौंपा गया एलसीए मार्क-1ए का पहला हिस्सा

## सशस्त्र बलों को लगातार मजबूत करने के लिए एचएएल और निजी क्षेत्र की भूमिका को सराहा

एजेंसी। नई दिल्ली

स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-1ए का पहला रियर फ्यूजलेज (पिछला हिस्सा) रविवार को निजी उद्योग अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंप दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे भारत के रक्षा विनिर्माण की ऐतिहासिक यात्रा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह रक्षा में आत्मनिर्भरता और भारत की प्रगति का एक और प्रमाण है। कर्नाटक के बेंगलुरु में एचएएल के एयरक्राफ्ट डिवीजन में हुए इस समारोह में रक्षा मंत्री ने नवीनतम प्लेटफॉर्म और प्रौद्योगिकियों के साथ सशस्त्र बलों को लगातार मजबूत करने के लिए एचएएल और निजी क्षेत्र की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि एचएएल न केवल सैनिकों की ताकत बढ़ा रहा है, बल्कि निजी क्षेत्र के साथ सहयोग करके विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास के नए आयाम भी खोल रहा है। रक्षा मंत्री ने एचएएल को देश के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र का धड़



बताया, जिसमें एलएंडटी, अल्फा टोकोल, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और वीईएम टेक्नोलॉजीज जैसी निजी कंपनियां अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी विमान का मुख्य हिस्सा धड़ हिस्सा होता है, जिसमें पायलट, यात्री और माल होता है, जबकि पिछला धड़ टेल सेक्शन और उससे जुड़े कलपुर्जों को सहारा देता है। इन भारतीय कलपुर्जों के साथ हमारे रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में निर्मित होने वाले विमान आने वाले समय में और अधिक ऊंचाइयों को छुएंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे साहसी वायु योद्धाओं ने अमूल्य योगदान दिया है, लेकिन स्वदेशी रूप से निर्मित किए जा रहे उपकरण उन्हें अतिरिक्त ताकत प्रदान कर रहे हैं, जिसके साथ वे हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एचएएल और निजी क्षेत्र हर चुनौती को पार करके सशस्त्र बलों को हर तरह से मजबूत करेंगे। दरअसल, एचएएल ने 83 एलसीए मार्क-1ए के लिए एलएंडटी, अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल), वीईएम टेक्नोलॉजीज और लक्ष्मी मिशन वर्क्स (एलएमडब्ल्यू) जैसी विभिन्न भारतीय निजी कंपनियों को ऑर्डर दिए थे। एचएएल ने पहले ही 12 रियर फ्यूजलेज का निर्माण कर लिया है, जो विनिर्माण लाइन में विमान पर हैं।

### रक्षा मंत्री ने एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए रिसर्च बढ़ाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली** । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (आईएएम) का दौरा किया। उन्होंने अंतरिक्ष मनोविज्ञान पर उन्नत अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करते हुए एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान एवं विकास बढ़ाने का आह्वान किया। यह पहला मौका है, जब किसी रक्षा मंत्री ने इस संस्थान का दौरा किया है। इस दौरान उन्हें पायलट प्रशिक्षण, उनके चिकित्सा मूल्यांकन और एयरोमेडिकल अनुसंधान में आईएएम की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री ने लड़ाकू पायलटों के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डायनेमिक फ्लाइट सिम्युलेटर और हाई परफॉर्मेंस ह्यूमन सेंट्रीफ्यूज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में उन्नत अनुसंधान केंद्र का भी शुभारंभ किया। इस परियोजना का शीर्षक 'अंतरिक्ष मनोविज्ञान : भारतीय अंतरिक्ष मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और व्यावहारिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण' है। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने हवाई और अंतरिक्ष यातायात में निरंतर वृद्धि के मद्देनजर एयरोस्पेस मेडिसिन में विशेषज्ञता की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षा के दृष्टिकोण से अंतरिक्ष युद्ध में भारत प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है। हमने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है और एंटी-सैटेलाइट जैसी सबसे उन्नत तकनीकों में महारत हासिल की है।

# टीम इंडिया 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती

## न्यूज़ीलैंड को 4 विकेट से हराया, रोहित की कप्तानी में 9 महीने में दूसरा ICC खिताब

**नई दिल्ली**। टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज कर लिया। 9 महीने में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का यह दूसरा ICC खिताब है। उन्होंने पिछले साल 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप भी जिताया था। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाए।रन चेज में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) का अहम रोल रहा। गेंदबाजी में सबसे बड़ा रोल रहा कुलदीप यादव का, जिन्होंने दो ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर गेम इंडिया के पाले में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई में खेला जा रहा है। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट खोकर 251 रन बनाए हैं। 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी हुई। गिल 50 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हुए। कुछ गेंद के बाद विराट कोहली दो गेंद में एक रन ही बनाकर एलबीडब्ल्यू हो गए। रोहित 83 गेंद में 76 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंद में 48 रन की पारी खेली। उन्होंने अक्षर के साथ 61 रन की साझेदारी की लेकिन 39वें ओवर में सैंटनर का शिकार बने। अक्षर 40 गेंद में 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हार्दिक पांड्या 18 गेंद में 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जैमीसन ने आउट किया। रविंद्र जडेजा और राहुल क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल ने सर्वाधिक 61 रन की पारी खेली।

चैंपियन टीम इंडिया





## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सेना की टुकड़ी 'खंजर' अभ्यास में हिस्सा लेने किर्गिस्तान रवाना



**नई दिल्ली**। भारतीय सेना की टुकड़ी संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर' में शामिल होने के लिए रविवार को किर्गिस्तान के लिए रवाना हुई है। अभ्यास खंजर का 12वां संस्करण 10 मार्च से 23 मार्च तक किर्गिस्तान में होगा। इस अभ्यास की शुरुआत 2011 में हुई थी। भारत और किर्गिस्तान के बीच हर साल होने वाला यह अभ्यास दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों के अनूठे आयाम को दर्शाता है। पिछला अभ्यास जनवरी 2024 में भारत में किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक तथा किर्गिजस्तान दल का प्रतिनिधित्व किर्गिज स्कॉर्पियन ब्रिगेड करेगी। इस अभ्यास का उद्देश्य शहरी और पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी और विशेष बलों के अभियानों में अनुभवों और सर्वोत्तम तरीकों का आदान-प्रदान करना है। इस अभ्यास में स्नाइपिंग, कठिन बिल्डिंग इंटरवेंशन और माउंटेन क्राफ्ट के उन्नत विशेष बल कौशल विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कठोर प्रशिक्षण के अलावा इस अभ्यास में जीवंत सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी शामिल होगा। इसमें किर्गिज त्यौहार नौरोज का उत्सव मनाना भी शामिल है। यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच मित्रता के बंधन को और मजबूत करेगा।

### सीपीसीबी की ताजा रिपोर्ट : महाकुंभ में स्नान के लिए उपयुक्त था गंगा-यमुना का पानी



**नई दिल्ली**। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि हाल ही में संपन्न हुए महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में प्रस्तुत की गई है, जिसमें कहा गया है कि आंकड़ों के विश्लेषण में पानी की गुणवत्ता प्रमुख मानकों पर खरी उतरी है। एनजीटी में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि डेटा वेरिएबिलिटी के कारण सांख्यिकीय विश्लेषण (स्टेटिस्टिकल एनालिसिस) आवश्यक था, क्योंकि अलग-अलग तारीखों पर और विभिन्न स्थानों से लिए गए सैंपल में भिन्नता पाई गई थी। इस कारण पूरे नदी क्षेत्र की जल गुणवत्ता का सही आकलन करना कठिन हो गया था। हालांकि, रिपोर्ट को 28 फरवरी को तैयार किया गया था, लेकिन इसे एनजीटी की वेबसाइट पर 7 मार्च को अपलोड किया गया। सीपीसीबी ने महाकुंभ के दौरान 12 जनवरी से हर सप्ताह दो बार जल की गुणवत्ता की निगरानी की। गंगा नदी पर पांच स्थानों और यमुना नदी पर दो स्थानों पर विशेषज्ञ समिति द्वारा यह परीक्षण किया गया।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा? एक मौत के बाद कुकी समूहों ने कर दिया बंद का ऐलान

**इंफाल**। मणिपुर के कुकी बहुल कांगपोकपी जिले के विभिन्न हिस्सों में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच कई बार हुई झड़पों में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और पुलिसकर्मियों समेत 40 से अधिक लोग घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें उस समय हुईं, जब पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्य भर में मुक्त आवाजाही की अनुमति देने के निर्देश का विरोध कर रहे थे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने निजी वाहनों में आग लगा दी और इंफाल से सेनापति जिले की ओर जा रही राज्य परिवहन की बस को रोकने का प्रयास किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान लालगौथांग सिंगसिट के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय सिंगसिट को कीथेलमानबी में झड़पों के दौरान गोली लगी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत



हो गई। पुलिस ने बताया कि गमगीफई, मोटबंग और कीथेलमनबी में सुरक्षा बलों के साथ झड़पों के दौरान कम से कम 16 प्रदर्शनकारियों को चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए पास के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हालांकि, अनाधिकारिक आंकड़ों के अनुसार घायल हुए नागरिकों की संख्या 23 से अधिक है। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि जिले में प्रदर्शनकारियों के साथ झड़पों के दौरान कम से कम 27 सुरक्षाकर्मी घायल हुए और प्रदर्शनकारियों की ओर से गोलीबारी की घटनाएं हुईं, जिससे उन्हें जवाबी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## एनआईएचएफडब्ल्यू देश में योग्य पेशेवरों की तत्काल आवश्यकता को पूरा कर रहा : नड्डा

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एनआईएचएफडब्ल्यू) के 48वें वार्षिक दिवस समारोह की वर्चुअल अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान एनआईएचएफडब्ल्यू में एक ओपन जिम्नेजियम पार्क, आरोग्य शक्ति पार्क और सक्षम- मीडिया लैब की नई सुविधाओं का शुभारंभ किया गया। द्विवार्षिक हिंदी पत्रिका 'जन स्वास्थ्य धारणा' का भी विमोचन किया गया। अपने वर्चुअल संबोधन में नड्डा ने एनआईएचएफडब्ल्यू की सराहना




करते हुए कहा कि यह संस्थान देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों, नीति निर्माताओं और प्रशासकों के लिए प्रशिक्षण, अनुसंधान और क्षमता निर्माण में अग्रणी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्थान की क्षमता निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता सार्वजनिक स्वास्थ्य में डॉक्टरेट और मास्टर कार्यक्रमों की शुरुआत से स्पष्ट है कि यह देश में योग्य पेशेवरों की तत्काल आवश्यकता को पूरा कर रहा है। एनआईएचएफडब्ल्यू की शोध पहल और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के मूल्यांकन ने प्रमाण-आधारित नीति निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कोल्ड चेन और वैक्सीन प्रबंधन संसाधन केंद्र को एक अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में उन्नत किया जा रहा है। यह टीकाकरण और आपूर्ति श्रृंखला में भारत के नेतृत्व का प्रमाण है। अनुप्रिया पटेल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यषवस्थाट को मजबूत करने के लिए एनआईएचएफडब्ल्यू की अटूट प्रतिबद्धता और सार्वजनिक स्वास्थ्य शिक्षा, अनुसंधान और नीति के लिए लगभग पांच दशकों की उत्कृष्टता की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुसार और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना के माध्यम से देश ने सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य के एक नए युग में प्रवेश किया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एनआईएचएफडब्ल्यू) भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है। अपनी शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और विशेष सलाहकार सेवाओं के लिए जाना जाने वाला एनआईएचएफडब्ल्यू देश में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए एक 'शीर्ष तकनीकी संस्थान' के साथ-साथ एक 'थिंक टैंक' के रूप में कार्य करता है।


## 600 करोड़ का खुलासा: दिल्ली-नोएडा में हुई छापेमारी के दौरान 50 करोड़ नगद और सोना भी मिला

**नई दिल्ली**। धनकुबेरों के यहां बेशुमार दौलत है। कई बार छापेमारी में अटूट दौलत का खुलासा हो चुका है। हाल ही में दिल्ली-एनसीआर में काउंटी ग्रुप और उससे जुड़ी कंपनियों के ठिकानों पर शनिवार को देर रात तक चौथे दिन भी आयकर विभाग की जांच जारी रही। इस दौरान 50 करोड़ से अधिक की बरामदगी हो चुकी है, जिसमें कैश और सोना-चांदी शामिल है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, फ्लैटों की बिक्री में 600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि नकद में लेने के पुख्ता सबूत मिले हैं। आयकर विभाग के दिल्ली, नोएडा समेत अन्य स्थानों के अधिकारियों की टीम मामले में जांच कर रही है। काउंटी ग्रुप और उससे जुड़े लोगों के बैंक खाते, लैपटॉप से मिले रिकॉर्ड और अन्य कागजात जब्त किए गए हैं। विभाग के सूत्रों का कहना है कि तमाम बिल्डर फ्लैट की बड़ी रकम नगद में लेते हैं। वह आयकर की चोरी कर सरकार को करोड़ों का आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं। काउंटी ग्रुप के एक फ्लैट की कीमत औसतन 20 से 25 करोड़ रुपये बताई जा रही है, जो काफी अधिक है। जांच में कोलकाता में चार से पांच शेल कंपनियों का खुलासा हुआ है।

## अमेरिका के हिन्दू मंदिर में लिखे गए नफरत भरे नारे, भारत ने की निंदा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने अमेरिका के कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को क्षति पहुंचाने और नफरत फैलाने वाले नारे लिखे जाने की निंदा करते हुए इसके पीछे जिम्मेदार तत्वों के के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में बर्बरता के बारे में रिपोर्ट देखी है। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की सबसे मजबूत शर्तों की निंदा करते हैं। हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई करने के लिए कहते हैं, और पूजा स्थलों के



लिए पर्याप्त सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चिनो हिल्स के 'बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था' के मंदिर को नुकसान पहुंचाया गया और 'हिंदुओं वापस जाओ' जैसे नारे लिखे गए।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ की तबीयत बिगड़ी, एम्स में भर्ती

एजेंसी। नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (73 साल) की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्हें देर रात सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई थी, जिसके चलते रविवार अलसुबह करीब 2 बजे उन्हें एम्स में भर्ती कराया किया गया। सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत होने के बाद रविवार करीब 2 बजे तड़के एम्स में भर्ती कराया गया है। कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में उनका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल, उनकी हालत स्थिर बताई गई है। डॉक्टरों का एक समूह उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए है।



**स्वास्थ्य मंत्री नड्डा पहुंचे अस्पताल** : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा ने उपराष्ट्रपति धनखड़ के स्वास्थ का हालचाल जानने एम्स पहुंचे। अस्पताल सूत्रों ने धनखड़ की हालत को स्थिर बताया है और इलाज जारी है। यहां बताते चलें कि सदा एक्टिव रहने वाले उपराष्ट्रपति धनखड़ अपनी बेबाकी के लिए भी जाने जाते हैं। राज्यसभा में सदन की कार्यवाही के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ की कार्यकुशलता के सभी कायल देखे गए हैं। उनके स्वस्थ होने की सभी ने कामना की है।


### प्रधानमंत्री ने एम्स जाकर उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। उपराष्ट्रपति को कल रात 2:00 बजे सीने में दर्द और घबराहट के चलते एम्स में भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि वह उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए आज एम्स गए।

## सीरिया में महिलाओं को नंगा घुमाया गोली मारी, 2 दिन में 2 हजार मौत

एजेंसी। दमिश्क

सीरिया एक बार फिर हिंसा की आग में जलने लगा है। यहां महिलाओं के सरेआम नंगा घुमाया जा रहा है उन्हे गोलियों से भून दिया जाता है। इस तरह अब तक एक हजार से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया है। सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच संघर्ष के दौरान हिसा हुई थी। गवाहों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि महिलाओं को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस भयावह दृश्य ने हिंसा को और भड़का दिया।बानियास शहर को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। वहां सड़कों पर शव पड़े हुए थे। इमारतों की छतों पर भी लाशें देखी गईं। बंदूकधारियों ने नागरिकों को शवों को दफनाने से रोक रखा था। एक निवासी ने एपी को बताया, यह बहुत बुरा था। शव सड़कों पर



थे। लोग अपने शहर से भाग रहे थे। बंदूकधारी बिना किसी कारण के गोलियां चला रहे थे। घरों और कारों को भी जलाया जा रहा था। यह हिंसा तब शुरू हुई जब वर्तमान सरकार के पक्ष में गोलियां चलाने वाले बंदूकधारियों ने पूर्व राष्ट्रपति असद के प्रति वफादार अलावित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से हत्या की शुरुआत की। अब हिंसा कुछ हद तक रुक गई है और सरकार ने अधिकांश इलाकों पर नियंत्रण पुनः स्थापित कर लिया है। अधिकारियों ने स्थिरता बहाल करने के लिए तटीय क्षेत्र की ओर जाने वाली सभी सड़कें बंद कर दी हैं, जहां हिंसा का केंद्र था। सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि संघर्षों में 745 नागरिक मारे गए, जिनमें से अधिकांश को नजदीक से गोलियों से मारा गया था। इसके अलावा, 125 सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 उग्रवादी भी मारे गए हैं।असद शासन के दौरान अलावितों को सेना और अन्य उच्च पदों पर प्रमुख स्थान मिला था। हालांकि, तीन महीने पहले नए शासन की शुरुआत के साथअलावित समुदाय को बार-बार उनके पूर्व राष्ट्रपति से जुड़े होने के कारण निशाना बनाया गया है।ब्रिटेन स्थित सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि हिंसा के साथ-साथ कई अलावित बहुल क्षेत्रों में बिजली और पीने का पानी भी काट दिया गया है। अलावित गांवों के लोगों ने एपी को बताया कि समुदाय के कई घरों को लूटा गया और फिर आग लगा दी गई। लेबनान के राजनेता हैदर नासिर अपने देश की संसद में अलावित समुदाय के लिए निर्धारित दो सीटों में से एक पर बैठते हैं।

## कांग्रेस ने तीन प्रमुख मांगें रखीं, जीएसटी में होना चाहिए व्यापक सुधार

**नई दिल्ली**। कांग्रेस पार्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की जीएसटी दरों में कटौती घोषणा और इससे जुड़े अन्य विषयों पर रविवार को सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। कांग्रेस पार्टी ने व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि सरकार को मौलिक रूप से सरलीकृत और कम दंडात्मक जीएसटी-2.0 लाना चाहिए। पार्टी के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आज एक बयान में कहा कि जीएसटी-2.0 का लक्ष्य कर स्लैब को सरल बनाने के लिए होना चाहिए। इसका दूसरा लक्ष्य अनुपालन तंत्र की कमजोरी को दूर करना भी होना चाहिए। तीसरा सरकार को कई आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती करनी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि वस्तु की मूल्य श्रृंखला में कई स्तरों पर कर लगाए जाते हैं, जिसमें बदलाव किया चाहिए। उन्होंने जीएसटी के संग्रह में कमी आने का कारण बताते हुए कहा कि इसमें बड़े स्तर पर धोखाधड़ी हो रही है और गलत तरीके से जीएसटी रिफंड हासिल किया जा रहा है, जिसमें सुधार की आवश्यकता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसके अलावा शैक्षणिक पाठ्यक्रमों और स्टेशनरी जैसे यूनिफॉर्म, स्कूल बैग आदि पर जीएसटी लगाया जाता है, जबकि शिक्षा व्यापक रूप से सभी को सुलभ होनी चाहिए।

## यूपी के नेता राजा भैया पर पत्नी ने लगाया प्रताड़ना का आरोप, एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली**। यूपी के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। उनके खिलाफ उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने प्रताड़ना का आरोप लगाया था। भानवी पिछले लंबे समय से अपने पति से अलग रह रही हैं। भानवी की ओर से दिल्ली पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में पति रघुराज प्रताप सिंह के खिलाफ शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही भावनी ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। इसके बाद जब यह मामला थाने आया तो केस दर्ज किया गया है। एफआईआर के मुताबिक भानवी सिंह ने शिकायत में कहा है कि रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया) पिछले कई सालों से उनके साथ शारीरिक और मानसिक क्रूरता कर रहे हैं और हाल की मेडिकल रिपोर्ट से यह साबित होता है कि उनके पति द्वारा किए शारीरिक शोषण के कारण उनके अंग क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे उनकी जान को खतरा है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड का बढ़ने लगा तापमान, मार्च में ही मई जैसी पड़ेगी गर्मी

**एजेंसी : रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में तापमान में इजाफा होने लगा है। पिछले एक ही दिन में तापमान में दो डिग्री की वृद्धि दर्ज की गईं। मार्च माह के अंत तक रांची में अधिकतम तापमान के लगभग 40 डिग्री के आसपास पहुंचने की आशंका है। मार्च में ही मैं जैसी गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है। इस सम्बंध में मौसम विभाग ने भी पूर्व में ही अलर्ट किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला 35.7 डिग्री और सबसे कम तापमान खूंटी में 9.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.1डिग्री, जमशेदपुर में 34.1, डालटेनगंज में 34.9, बोकारो में 35.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए



**एजेंसी : रांची।** बीआईटी ओपी पुलिस ने हथियार के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अमरेश कुमार सिंह और गौतम कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने रविवार को बताया कि वरीय अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि नारायण टेंट हाउस के पीछे, ग्राम केदल स्थित एक मकान में कुछ लोग हथियार और गोली के साथ किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मकान को चारों ओर से घेरकर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद हुई। ओपी प्रभारी के अनुसार, दोनों आरोपितों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

### ग्रामीणों ने बकरी चोर को पीटा, इलाज के दौरान हुई मौत

**एजेंसी : रांचीः लातेहार ।** सदर थाना क्षेत्र के गोवा गांव में शनिवार की देर रात ग्रामीणों ने बकरी चोरी करने वाले एक व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में आरोपित कर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सलीम खान के रूप में हुई है ।यह मध्य प्रदेश का रहने वाला था। वर्तमान में यह एक ईंट भट्ठा में काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात सलीम खान शराब के नशे में धुत होकर गोवा गांव में एक व्यक्ति का बकरी चोरी कर भाग रहा था। बकरी की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई। इसके बाद थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के नेतृत्व में पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल सलीम खान को सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान सलीम खान की मौत हो गई। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी ने रविवार को बताया कि मामले की जानकारी होने के बाद घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। परंतु इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### इस बार होलिका दहन के एक दिन बाद मनेगी होली : आचार्य चेतन



**एजेंसी : रांची : चतरा।** रंगों का पवित्र त्योहार होली इस बार होलिका दहन के एक दिन बाद मनायी जायेगी। तिथियों के घटने-बढ़ने के समय चक्र के कारण ऐसा हो रहा है। चतरा के कर्मकाण्ड विशेषज्ञ आचार्य पंडित चेतन पाण्डेय ने बताया कि रंगों का पवित्र त्योहार होली इस बार 15 मार्च को मनायी जायेगी।

**होली इस बार कई शुभ संयोग समेटे आ रही है**-आचार्य ने बताया कि 13 मार्च को होलिका दहन होगा। जबकि 14 मार्च को एक दिवसीय आतर रहेगा। ग्रह-नक्षत्र और तिथियों के घटने-बढ़ने के कारण होली इस बार होलिका दहन के एक दिन बाद मनाया जाएगा। होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा की रात में होता है। होली त्योहार चैत्र कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। इस बार फाल्गुन मास की पूर्णिमा 13 मार्च को दिन में 10:03 बजे प्रवेश कर रहा है। और अगले दिन अर्थात् 14 मार्च दिन शुक्रवार को दिन में 11:11 बजे समाप्त हो रहा है। इस दिन भद्रा रात्रि 10:37 बजे तक रहेगा। ऐसे में 13 मार्च दिन गुरुवार को ही रात्रि 10:37 के बाद होलिका दहन किया जाएगा। जबकि 14 मार्च दिन शुक्रवार को उदय कालीन पूर्णिमा तिथि होने के कारण रंगों का पवित्र त्यौहार होली पर ब्रेक रहेगा। अर्थात् आतर रहेगा। 14 मार्च को बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में होली मनायी जायेगी। वहीं चैत्र कृष्ण पक्ष के उदय कालीन प्रतिपदा तिथि 15 मार्च दिन शनिवार को है। ऐसे में काशी के अलावा अन्यत्र होली 15 मार्च दिन शनिवार को मनायी जायेगी। आचार्य ने कहा कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। इस बार होलिका दहन पर कई दुर्लभ संयोग बन रहे हैं। देवगुरु बृहस्पति के उच्च प्रभाव में इस बार गुरुवार को होलिका दहन किया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार यह संयोग मान-सम्मान और पारिवारिक शुभ की प्राप्ति का योग बना रही है। वहीं उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में होली मनाई जायेगी। यह नक्षत्र भगवान सूर्य का है। सूर्य आत्मासम्मान, उन्नति, प्रकाश आदि का कारक माने जाते हैं। ऐसे में वर्ष भर सूर्य की कृपा मिलेगी।

### अपने ही फैसले को धत्ता बता रहा शिक्षा विभाग : डॉ अटल



**एजेंसी : रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेट सह सिंडिकेट सदस्य डॉ अटल पांडेय ने उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग ने सात दिसंबर 2022 को उच्च शिक्षा निदेशालय के लिए उप निदेशक, उच्च शिक्षा, झारखंड के पद के लिए विज्ञापन जारी किया था जिसमें स्पष्ट था कि उप निदेशक जिनका ग्रेड पे सात हजार हो वही इस पद के लिए उपयुक्त होंगे, लेकिन उच्च शिक्षा निदेशालय ने अपने ही विज्ञापन को धत्ता बताते हुए छह हजार ग्रेड पे वाले प्राध्यापकों की नियुक्ति उप निदेशक, उच्च शिक्षा के पद पर कर ली। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा सचिव और निदेशक ने गोलमाल कर ऐसे अयोग्य लोगों को उच्च शिक्षा विभाग में उप निदेशक के पद पर भर लिया जिसका नुकसान पूरा झारखंड उठा रहा है। डॉ पांडेय ने रविवार को कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की हालत यह है कि पूरे राज्य से सैकड़ों केस उच्च शिक्षा विभाग पर दर्ज हुए हैं। इससे सरकार को केस लड़ने के लिए अतिरिक्त शक्ति लगानी पड़ रही है और राज्य की जनता के राजस्व का नुक़सान हो रहा है। हाई कोर्ट बार-बार इन लोगों को फटकार लगा रहा है। इसके बावजूद ये लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहें हैं। इस राज्य के हजारों शिक्षक और कर्मचारी उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली से दुखी और निराश हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मामले से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे और इस रैकेट के भंडाफोड़ के लिए सीबीआई या उच्च स्तरीय जांच की मांग करेंगे।

# पीएलएफआइ के पांच नक्सली गिरफ्तार

एजेंसी : रांची



**खूंटी।** ठेकेदारों से लेवी वसूलने की योजना बना रहे प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के पांच सक्रिय नक्सलियों को पुलिस ने शनिवार को कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल से गिरफ्तार किया है।

**गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने**-एक देसी कारबाईन, मैग्जीन ,एक जिंदा गोली, पीएलएफआइ के छह पर्चे, चार बाइक, पांच मोबाइल फोन और एक बैग बरामद किया है। पकड़े गये नक्सलियों में रांची जिले के इटकी थाना क्षेत्र के तरगड़ी गांव निवासी पवन कुमार उर्फ पवन महतो (26 ), करमा बारला (38 ), रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र के इटमा मोड़ कुजू निवासी सेंटू सिंह (20 ), पतरातू के हेहल बड़काकाना निवासी अभय कुमार सिंह उर्फ अमन सिंह (22 ) और दीपक मुंडा (20) शामिल हैं। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने रविवार को कर्रा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। इसे लेकर कर्रा थाने में विभिन्न धाराओं के तहत माममला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि एसपी अमन कुमार को शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआइ के कुछ नक्सली कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल में बैठक करने वाले हैं। बैठक में नक्सलियों की ओर से संगठन का विस्तार करने, लेवी वसूलने और ठेकेदारों के साइट पर फायरिंग कर दहशत फैलाने की योजना है। सूचना के सत्यापन और नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, कर्रा के थाना प्रभारी मनीष कुमार, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, कर्रा थाना के सब इंस्पेक्टर दीपक कांत कुमार के अलावा एसडीपीओ के अंगरक्षक और कर्रा थाना सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया। टीम से तकनीकी शाखा को जोड़ा गया। पुलिस ने शनिवार को रोन्हे जंगल में छापामारी कर चारों और घेर कर पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को ही गिरफ्तार नक्सलियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**संगठन से जुड़ने के लिए बाइक और कपडों की लालच देता था सेंटू सिंह**-एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि अब पीएलएफआइ को स्थानीय स्तर पर कैडर नहीं मिल रहे हैं। इस कारण इसके शीर्ष नेता बाहर के युवकों को प्रलोभन देकर बुलाते हैं। उन्हें अच्छे कपड़े, बाइक, मोबाइल फोन सहित अन्य समान उपलब्ध कराकर संगठन के कामों में लगाया जाता है। इसका सरगना सेंटू सिंह है। एसडीपीओ ने दावा किया कि जल्द ही पीएलएफआइ नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा। संगठन के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार करने की दिशा में पुलिस काम कर रही है। उन्होंने नक्सलियों से अपील किया कि वे जल्द सरकार की नीतियों के तहत आत्मसमर्पण करें। और मुख्यधारा से जुडें ।

## भारतीय टीम की जीत के लिए रांची के पहाड़ी मंदिर में हवन-यज्ञ



एजेंसी : रांची

चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए रविवार को रांची के पहाड़ी मंदिर में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से हवन और महायज्ञ किया गया। समिति के अध्यक्ष राजेश साहू और प्रवक्ता बादल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी और मंदिर के पुजारियों ने हवन-पूजन कर भारत की विजय की कामना की। महायज्ञ के दौरान पहाड़ी बाबा से प्रार्थना की गई कि भारतीय टीम फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करे।राजेश साहू ने कहा कि भारत की जीत पूरे विश्व में देश का मान बढ़ाएगी। वहीं, प्रवक्ता बादल सिंह ने विश्वास जताया कि करोड़ों देशवासियों की दुआ भारतीय टीम के साथ है और पहाड़ी बाबा का आशीर्वाद खिलाड़ियों को प्राप्त होगा।इस हवन में मुख्य रूप से पुजारी मनोज बाबा, चिक्कू बाबा, राम सिंह, मेहुल प्रसाद, स्वपना चटर्जी, सुनील गुप्ता और शशिकांत मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## रांची में अफीम तस्करी का भंडाफोड़, हथियार समेत तीन आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी : रांची





लोअर बाजार थाना पुलिस ने अफीम तस्करी और अवैध हथियार रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान खूंटी निवासी मोहन लोहरा, कुंवर मुंडा और बिरसा मुंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 550 ग्राम अफीम, एक देशी पिस्टल, आठ एमएम की तीन जिंदा गोलियां और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सिटी एसपी केवी रमन ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के पास पानी की टंकी के समीप संदिग्ध हालत में घूम रहे तीन युवकों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से अफीम और अवैध हथियार बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने खूंटी से चतरा तक अफीम की तस्करी करने की बात कबूल की है।डीएसपी ने बताया कि सूचना के बाद छापेमारी टीम का गठन किया गया था, जिसमें लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार, दिवाकर कुमार, भीम सिंह, नवीन कुमार, गौतम कुमार, सलीम अंसारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अब अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## श्याम संघ की 10 को निकलेगी निशान शोभायात्रा

एजेंसी : रांची




श्री श्याम संघ की ओर से सोमवार को अपर बाजार स्थित स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर में श्री श्याम फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। एकादशी के शुभ अवसर पर 351 श्याम भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक आशीष अग्रवाल रविवार को बताया की सुबह में गणेश पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा । निशान पूजा के मुख्य यजमान संजीव विजयवर्गीय अपने परिवार के साथ निशान पूजन करेंगे । इसके बाद श्याम भक्त रंग बिरंगे निशान के साथ भव्य शोभायात्रा निकालेंगे। निशान शोभायात्रा अपर बाजार श्री राधा वल्लव मंदिर से जेजे रोड़, शहीद चौक, कुंजलाल स्ट्रीट,दत्ता ब्रदर्स, ईस्ट मार्केट रोड़, लोहिया चौक, कार्ट सराय रोड, बंशीधर अडुकिया रोड होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। शोभायात्रा में श्याम भक्त पारंपरिक और राजस्थानी पोशाक में रहेंगे । वहीं रात्रि से मंदिर परिसर में फाल्गुन रसिया मनाया जाएगा जहां भक्त खाटू के तोरण द्वार का दर्शन करेंगे । रात सात बजे से श्री राधा वल्लभ मंदिर में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, नयनाभिराम झांकी,अखंड ज्योत, सवामनी, महाप्रसाद एवं फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा । मुख्य यजमान रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद जैन अपने परिवार के साथ बाबा श्याम का अखंड ज्योत प्रज्वलित करेंगे ।कोलकाता की भजन गायिका प्रिया पोद्दार के सुमधुर भजनों पर श्याम प्रेमी गोता लगाएंगे ।

# सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

एजेंसी : रांची



**पलामू।** जिले के छतरपुर और हरिहरगंज में दो सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीन जख्मी हैं। सभी को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। हरिहरगंज में दो, जबकि छतरपुर में एक युवक की मौत हुई। पहली घटना शनिवार रात छतरपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर-जपला रोड में अरुण आवासीय विद्यालय के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। तीन युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद तीनों को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृत युवक और घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। दूसरी घटना एनएच 139 हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर रविवार तड़के डेढ़ बजे हुई। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की जान चली गयी। दोनों की मौके पर ही मौत हुई। शव के सड़क पर पड़े रहने के कारण 15 मिनट तक हाइवे जाम भी रहा। धक्का मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। हालांकि उसका नंबर प्लेट घटनास्थल पर ही गिरा पड़ा मिला। मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला के मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज के रविकांत कुमार (26) एवं दूसरा गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के चिरैली के सुनील कुमार (20)के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविकांत एवं सुनील एक ही मोटर साइकिल (बीआर 26ए ए6422) से छतरपुर की ओर से आ रहे थे। दोनों को हरिहरगंज स्थित मुकेश गुप्ता के किराए के मकान में जाना था। दोनों जैसे ही बाइक से अरुआ खुर्द कॉलेज मोड़ के पास पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक (यूपी 44 बीटी 0295) से जोरदार टक्कर हो गयी। उक्त दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को घटनास्थल से उठवाया। बाइक को जब्त किया। पोस्टमार्टम के लिए शव हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया गया है। दोनों युवक दो साल से हरिहरगंज में रह रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर रविकांत के पिता हरिहरगंज पहुंचे और धक्का मार कर भागने वाले ट्रक चालक पर एफआइआर दर्ज करायी है। उल्लेखनीय है कि पलामू जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 5 युवकों की मौत हो गई। शनिवार दोपहर पांकी और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में एक-एक युवकों की मौत हुई।

## चाईबासा पुलिस ने सात एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती नष्ट की



एजेंसी : रांची

**पश्चिमी सिंहभूम ।** चाईबासा पुलिस अवैध अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में बदगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कोलेयडा, जरकंडी, जलासर और कातिदिरी के वन क्षेत्र में लगभग सात एकड़ भूमि पर फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि जिले में अफीम की अवैध खेती के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत ट्रैक्टर की सहायता से लगभग सात एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।साथ ही, पुलिस द्वारा ग्रामीणों को अफीम की खेती न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्हें वैकल्पिक रूप से सब्जी की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## सर्च अभियान में तीन किलो का आईईडी बरामद

एजेंसी : रांची



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए सर्च अभियान के दौरान रविवार को एक तीन किलो का आईईडी बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के मंसूबे को एक बार फिर से विफल किया है। टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम सरजामबुरू, जीम्कीइकीर के आस-पास जंगली पहाडी क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम जीम्कीइकीर के आस-पास जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाये गये एक आईईडी बम बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से डिफ्यूज कर दिया । एसपी ने बताया कि इलाके में लगातार नक्सल विरोधी अभियान जारी है। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा-कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसे लेकर चाईबासा पुलिस, कोबरा 203 , 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ 26, 60, 134 , 174, 193, 197 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इनके संबंध में विश्वस्त सूचना प्राप्त होने के के बाद लगातार इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

## बिरादरी ने की दो सौ लोगों के स्वास्थ्य की जांच


एजेंसी : रांची




पंजाबी हिंदू बिरादरी ने रविवार को तमाड़ के बरलंगा गांव स्थित उच्च विद्यालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। चिकित्सा शिविर में डॉक्टर अजय छाबड़ा, डॉक्टर उदीप लाल, डॉक्टर जयकांत प्रसाद, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर विजयेता निर्मल और डॉक्टर निरंजना निशी ने लोगों के ब्लड शुगर, बीपी समेत अन्य की जांच की। शिविर का आयोजन तमाड़ के विधायक विकास मुंडा और समाजसेवी प्रदीप महतो के सौजन्य से किया गया था। इस अवसर पर पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल,राजेश मेहरा,राजेश खन्ना, चरणजीत मुंजाल, विनोद माकन, अरुण चावला, अशोक माकन, अजय सखूजा, अनुप वाधवा, सीमा उग्गल, मीनू मेहरा, बबिता खन्ना, वीणा माकन, कमलेश मुंजाल, पुनम माकन, अनिता सखूजा, पुनम सखूजा और किरण महतो ने उपस्थित दो सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और उनमें निशुल्क दवा और फल वितरित किया। शिविर के लिए इस गांव सहित आस-पास के गांवों में भी मौखिक और पर्चा बांटकर जानकारी दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

# दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते कॉलोनी के सूखे पेड़



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी की आवासीय कॉलोनी में बड़े एवं विशालकाय सूखे शीशम के पेड़ों को काटा नहीं गया तो कभी भी उनके गिरने से दुर्घटना घट सकती है। टाइप आठ, सेवन कॉलोनी सहित फास्ट फूड मार्केट एवं फल मार्केट के समीप ऐसे सूखे पेड़ों की संख्या काफी देखी जा सकती है। डीवीसी के कामगारों एवं मार्केट के दुकानदारों ने डीवीसी प्रबंधन से ऐसे सभी पेड़ों को काटने की मांग की है।

# कॉलोनी के सभी डस्टबिन गंदगी से लबरेज



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी की आवासीय कॉलोनी के सभी डस्टबिन गंदगी से इन दिनों लबरेज हैं। डीवीसी मिडिल स्कूल कॉर्नर, सब्जी मार्केट, थाना चौक, झारखंड चौक से हॉस्पिटल की मेन रोड आदि मार्ग पर स्थित सभी डस्टबिन गंदगी से भरे हुए हैं। डीवीसी सिविल के अभियंता का कहना है कि निविदा समाप्त हो जाने के कारण और नई निविदा फाइनल नहीं होने के कारण ही डस्टबिनों से गंदगी का उठाव नहीं हो पा रहा है।

# पांच दिनों से बंद है डीवीसी पावर प्लांट का कैंटीन

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल पावर प्लांट स्थित डीवीसी का कैंटीन विगत पांच दिनों से बंद है। कैंटीन बंद रहने के कारण डीवीसी के कामगारों, एएमसी, एआरसी के मजदूरों सहित अन्य कंपनियों में कार्य करने वाले कामगारों को चाय, नाश्ता एवं खाना को लेकर काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कैंटीन चालू करने की मांग डीवीसी के एचओपी से यूसीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष ब्रज किशोर सिंह ने भी की थी।

**क्या था मामला -** डीवीसी पावर प्लांट स्थित कैंटीन की निविदा के बाद विगत 1 सितंबर 2024 से नोएडा की कंपनी कपूर किचन को कार्यभार संभालना था, परंतु उक्त कंपनी कार्य करने के लिए नहीं पहुंची और ना ही कार्यादेश ही लिया। इसके पूर्व कैंटीन का कार्य दुर्गापुर की कंपनी कपिश इंटरप्राइजेज द्वारा किया जा रहा था। कपूर किचन द्वारा कार्य नहीं करने की स्थिति में डीवीसी प्रबंधन ने कपिश इंटरप्राइजेज को ही नई कंपनी के कार्यभार संभालने तक कार्य करने का आग्रह किया। इसी बीच डीवीसी प्रबंधन ने 1 मार्च से कैंटीन में बेची जाने वाली सामग्री के मूल्य में बढ़ोतरी का निर्णय लागू करने की सूचना जारी की। उक्त सूचना के आधार पर 1 मार्च से सामग्री के मूल्य में बढ़ोतरी की गई तो डीवीसी की मान्यता प्राप्त यूनियन कामगार संघ ने बढ़ाए गए सामग्री मूल्य को कम करने की मांग की, जिसके एवज में प्रबंधन ने दुबारा कपिश इंटरप्राइजेज को बढ़ाए गए सामग्री मूल्य को कम करने की बात कही। मौखिक आदेश पर कार्य कर रही कंपनी ने 5 मार्च से कार्य ही बंद कर दिया, चूंकि कम मूल्य पर सामग्री बेचने पर कंपनी को नुकसान उठाना पड़ रहा था। कपिश इंटरप्राइजेज के द्वारा कार्य बंद कर दिए जाने के कारण ही कैंटीन बंद है। डीवीसी के डीजीएम बीजी होलकर ने पूछे जाने पर कहा कि सोमवार से बंद कैंटीन को चालू कर दिया जाएगा।

## श्याम प्रभु के ध्वजा शोभयात्रा का हुआ स्वागत

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची।** श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव के अवसर पर रविवार को श्री श्याम मंडल की ओर से प्रभु श्री श्याम की अलौकिक झांकियों के संग श्याम बाबा रांची नगर भ्रमण पर निकले।

इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु की अनुपम ध्वजा के संग सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष श्याम प्रेमी भी संग में थे। लोहिया चौक स्थित बजरंग ट्रेडर्स के बाहर हरियाणा संघ और रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने सभी श्री श्याम भक्तों का स्वागत किया।

इस अवसर पर श्याम प्रेमियों के बीच निर्मल जल और ठंडे पेय जूस का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्था की ओर से रथ पर विराजमान भगवान श्री श्याम पर पुष्प वर्षा, आरती और प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के ललित पोद्दार, विनोद जैन, पवन शर्मा, प्रमोद सारस्वत, सुरेश चंद अग्रवाल,मनोज बजाज, अंजय सरावगी, अजय खेतान, मनोज रूइया, पवन पोद्दार,राहुल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल में वार्षिक महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बहादुरपुर स्थित त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल रविवार को विद्यालय का वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार, भाजपा नेता मनोज ठाकुर एवं विद्यालय की प्राचार्य प्रीति कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम, गीत सामाजिक विषय पर नाटक आदि कला का प्रदर्शन करते हुए उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मौजूद सभी अभिभावकों ने बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की खूब सराहना की। मौके पर प्राचार्य ने विद्यालय की सफलताओं का विवरण दिया एवं विद्यालय द्वारा बेहतर शिक्षा का प्रचार प्रसार करने का विश्वास दिलाया । बताया कि इस ग्रामीण क्षेत्र में इस विद्यालय को सीबीएसई से मान्यता प्राप्त होने से यहां की अभिभावकों को बेहतर शिक्षा के लिए कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं है। विद्यालय उचित व्यवस्था के साथ बच्चों को शिक्षित करने का कार्य कर रहा है एवं हमेशा कार्य करता रहेगा। इसका विश्वास विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार द्वारा दिया गया । इस अवसर पर विभिन्न अतिथियों ने विद्यालय के प्रति अपने विचार भी व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ शिक्षिका पूजा कुमारी, सोनी कुमारी, रंजन, पुष्पा कुमारी, माला कुमारी, रेखा सिंह, भार्गवी, सुनीता कुमारी, अनूप महतो, नीतीश पांडेय, सूरज मिश्रा, अक्षय परवीन एवं विद्यालय के उपप्राचार्य अनिल मोदी समेत अन्य शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।





# चंद्रवंशी समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन




राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** चंद्रवंशी विकास परिषद द्वारा रविवार को अधिवक्ता अतुल कुमार रवानी की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन में हर्षोल्लास से मनाया गया । समारोह में समाज के सर्वांगीण विकास पर चिंतन किया गया, जहाँ सरकारी प्राधिकरण के जरिए समाज के कम्यूनिटी हॉल के निर्माण के जमीन की व्यवस्था करने पर विचार किया गया। साथ ही सीएनटी ऐक्ट के नियमों की बाध्यता से इस समाज को राहत देने की मांग पर चर्चा किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष बबलू चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष चुन्नु चंद्रवंशी, महासचिव लीला देवी, सह सचिव विनोद कुमार सिंह, संगठन मंत्री मोहन चंद्रवंशी, सुरेश प्रसाद मौजूद थे। समारोह में मुख्य अतिथि उत्पाद अधीक्षक आशुतोष कुमार, डॉ केपी सिन्हा, डॉ ओपी सिन्हा, आरपी सिंह, अधिवक्ता राजश्री, अयोध्या रमन, रंजीत कुमार सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## चंद्रपुरा योग केन्द्र में खेली गई फूलों की होली

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**चंद्रपुरा :** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास के तत्वावधान में चंद्रपुरा योग केंद्र में रविवार को फूलों की होली के साथ मिलन समारोह सह- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीवीसी चंद्रपुरा थर्मल के एचओपी विजयानंद शर्मा, आराधना शर्मा, जिप सदस्य नीतू सिंह, डीजीएम दीपक कुमार, प्रबंधक विनय कुमार व दुगदा बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनीष शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। महिलाओं ने अतिथियों को अंगवस्त्र व बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान एचओपी विजयानंद शर्मा ने नारी सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत में महिलाओं की पूजा मातृशक्ति के रूप में की जाती है। साथ ही उन्होंने होली पर कहा कि होली रंगों का पर्व है। फूलों की होली खेलने का मतलब प्रकृति से सीधा जुड़ाव है। वहीं, आराधना शर्मा ने नारी सशक्तिकरण पर कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी भागीदारी निभा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के अधिकार के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। तत्पश्चात कलाकारों ने होली की गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को खूब मनोरंजन किया। वहीं, महिलाओं ने एक दूसरे पर फूल बरसाकर होली की गीतों पर खूब मस्ती की। इस मौके पर मुख्य रूप से पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी श्यामदेव प्रसाद, जगमोहन आर्य, प्रेमचंद महतो, सूर्यनंदन पाण्डेय, सुभाष वर्णवाल, कृष्णा प्रसाद, सुबोध सिंह, नरेंद्र सिंह, श्वेता सिंह, सजल, अनिता कुमारी, बबिता रॉय, किरण गुप्ता, किरण वर्णवाल, नीलम वर्णवाल, प्रभावती, सुषमा,अंकिता, धनेश्वरी, रीमा, जूही, चम्पा आदि उपस्थित थे।



# विस्थापितों के साथ वादा खिलाफी कर रही हेमंत सरकार : अमित

**विस्थापितों ने गाँवों को पंचायत का दर्जा देने की माँग को लेकर फूंका हेमंत सरकार का पुतला**





राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापितों ने रविवार को बोकारो के सेक्टर 9 बसंती मोड़ पर गाँवों को पंचायत का दर्जा देने की माँग को लेकर राज्य की हेमंत सरकार का पुतला फूंका। इस अवसर पर भाजपा नेता कुमार अमित ने कहा कि हेमंत सरकार विधानसभा चुनाव में विस्थापित गाँवों को पंचायत का दर्जा देने का वादा किया था, पर अब सरकार में आने के बाद टाल मटोल कर रही है। गाँवों के पंचायत का दर्जा देने का अधिकार राज्य सरकार का है, लेकिन इस मुद्दे पर सरकार का सेल प्रबंधन से सहमति लेने की बात करना हास्यास्पद है। बोकारो विधायक का सरकार के इस स्टैंड से संतुष्ट होना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य सरकार विस्थापितों को अब और नहीं छल सकती। हेमंत सरकार को विस्थापित गाँवों को पंचायत का दर्जा देना हीं होगा। विस्थापित नेता उत्तम महतो ने कहा कि विस्थापित हमेशा छले गए हैं, पर अब हम इन गाँवों को पंचायत का दर्जा ले कर हीं रहेगें। इसके लिए विस्थापित भीषण संघर्ष करने को तैयार हैं। इस अवसर पर विनय कुमार, विनोद कुमार, रामदयाल सिंह, मनीष कुमार, राहुल सिंह, सुनील महतो, सजल रजवार, प्रदीप महतो, किशन महतो, तुलसी रजवार, जागेश्वर रजवार, शिवानंद बेदिया, जगन्नाथ नायक, रवि महतो, बिट्टु कुमार, विष्णु सिंह, लालबाबू, चंद्रप्रकाश, अशोक मंगली, अजय सिंह, आदर्श के अलावे बड़ी संख्या में विस्थापित उपस्थित थे।

## ठाकुरटांड में सरहुल पूजा 15 को



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत खुटरी पंचायत के राजस्व गांव के ठाकुरटांड गांव में झारखंड दिशोम रूशिका क्लब की बैठक हुई।अध्यक्षता जितेन्द राडी ने की। बैठक में आगामी 15 मार्च को सरहुल पूजा घूमघाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, जेहरा स्थल की साफ-सफाई, रंग-रोगन किया जायेगा। बैठक में पूर्व की कमेटी को भंग करते हुए सर्वसम्मति से नयी कमेटी का चुनाव किया गया। इसमें अध्यक्ष जितेन्द राडी, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार सोरेन ,सचिव संजय मरांडी, उप सचिव मुन्ना मरांडी, कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर मरांडी तथा उप कोषाध्यक्ष दिनेश सोरेन चुने गये। पूर्व अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मरांडी ने कहा कि सरहुल आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण पर्व है। वहीं, अध्यक्ष जितेन्द ने कहा सरहुल हमे प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है। हम प्रकृति पूजक हैं तथा हर वर्ष की भांति इस वर्ष 15 मार्च को सरहुल पूजा पूर्वजों की परंपरा व विधि विधान से कर अपने इष्ट देवता से गांव, ग्राम की सुख, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगेंगे। मौके पर कमेटी सदस्यों के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# जिलास्तरीय काव्य लेखन प्रतियोगिता में सुमन कुमारी को मिला प्रथम स्थान

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** झारखण्ड शिक्षक संघ, जिला इकाई बोकारो, जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें निर्णायक मंडली के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पीजीटी शिक्षिकाओं हेतु आयोजित जिलास्तरीय काव्य लेखन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें पीएम श्री एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार की पीजीटी शिक्षिका सुमन कुमारी ने प्रथम स्थान, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा की पीजीटी शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने द्वितीय स्थान, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय दुग्दा की पीजीटी शिक्षिका श्वेता कुमारी उपाध्याय ने तीसरा स्थान एवं श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय तुपकाडीह की पीजीटी शिक्षिका डॉ राखी बरनवाल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ, जिला इकाई बोकारो के सचिव डॉ अवनीश कुमार झा, कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो एवं राजेश कुमार विश्वकर्मा, संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार एवं उप संगठन मंत्री मुकेश कुमार यादव ने बधाई दी। कार्यकारिणी समिति ने इस अवसर पर संगठन में श्रुति ताह का उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा मंजूर कर लिया। सर्वसम्मति से लालचंद रजक को उपाध्यक्ष पद हेतु चयनित किया गया। संघ के निर्णय के आलोक में रामगढ़ के दिवंगत पीजीटी शिक्षक मोहम्मद सलमान के परिवारजन को उनके आवास पहुंच कर शीघ्र आर्थिक मदद पहुंचाने का भी निर्णय लिया गया।



# मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास की धुरी है संकल्प सृजन : मनोज

» **मातृशक्ति संगम में सैकड़ों बहनें हुईं सम्मानित**

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** मातृशक्ति एक ऐसी शक्ति का परिचायक है, जो समता में अति सामान्य, किंतु विषमताओं में असाधारण रूप से निडर, प्रखर, दृढ व जुझारू साबित होती हैं।

दैविक, वैदिक, ऐतिहासिक व आधुनिक, हर कालखंड में कालजयी इतिहास रचने वाली नारी, सचमुच नारायणी है, राष्ट्र-निर्माता है। आज के इस आयोजन में एक बात, जो स्पष्ट रूप से परिलक्षित है कि बोकारो के साधारण, अभिवंचित मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास की धुरी है यह संकल्प सृजन। उक्त बातें मनोज कुमार सिंह, सदस्य खादी और ग्रामोद्योग, पूर्वी क्षेत्र, भारत सरकार ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सेक्टर 9 डी के सभागार में आयोजित मातृशक्ति संगम में बतौर मुख्य अतिथि कही। साथ ही, खादी ग्रामोद्योग से महिलाओं को रोजगारोन्मुखी बनने हेतु प्रेरित किया।




सर्वप्रथम अतिथि का स्वागत पारंपरिक तरीके से तिलक, आरती व पुष्प भेंट से करते हुए अभिनंदन किया गया। भारत माता चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत उद्बोधन करते हुए संस्था के मुख्य संरक्षक राजेंद्र कुमार ने संस्था द्वारा क्रियान्वित कार्यों से सभी को अवगत कराते हुए आगे बढ़कर सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय होने हेतु समाज से अपील की। संस्था की महासचिव साध्वी झा ने संस्थागत कार्य सहित महिला समुहों के वर्ष भर की उपलब्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि अपने अभिवंचित व साधारण समाज की बहनें जंग लगे तलवार की भाँति हो गई हैं, उनकी पहचान व क्षमता बादल में छुपे सूर्य की तरह हो गई है, संकल्प सृजन माध्यम मात्र है, संस्था के बहाने, सोई प्रतिभा जगाने का काम बहनें कर रही हैं। खादी और ग्रामोद्योग के झारखंड निदेशक मांगेराम ने रेशा व कागज उद्योग की जानकारी देते हुए हर संभव सहयोग की बात कही।

संस्था की ओर से दो उत्कृष्ट समूह को (राधारानी महिला सृजनश्री, हार्टिंग बस्ती, कमला महिला सृजनश्री, सेक्टर- 9 हटिया मोड) वर्ष भर की उपलब्धि हेतु सर्वश्रेष्ठ सम्मान मनोरमा कश्यप विजय रत्न तथा मनोरमा कश्यप समाज रत्न सम्मान से सुशोभित किया गया। इसी के साथ बड़ा खटाल की अंजना, शिवाजी कलोनी की अरुणा, रानीपोखर की मां जया तथा पचौरा की तक्षशिला महिला सृजनश्री को उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अविनाश कुमार (पूर्व डिप्टी मेयर) कौशल किशोर राय, विकास पांडेय, विक्रम महतो, गोपाल जी सहित अन्य गणमान्य जनों ने बहनों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनु, सुनिता, अनिता, नेहा, ईंदू, डॉली, सुभद्रा, सत्यभामा, सुलेखा, रिंकू, नीतू, गीता, रीता सिंह, गुलाबी, निमा, खुशबू, रंगीली, लालमोती, शर्मिला, उषा, लिलावती शर्मा, विभाष सिंह, कमलदेव, बलराम झा सहित विभिन्न क्षेत्रों से 632 बहनें उपस्थित थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### हमारे अंदर आनंद और उमंग भरती है होली : सेठ



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची।** नमो श्री अन्न होली मिलन समारोह का आयोजन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के हेहल स्थित आवास पर रविवार को हास्य मेव जयते, रांची के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के दौरान संजय सेठ के आगमन के साथ होली की गीत से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। मौके पर उपस्थित लोगों ने सांसद को अबीर गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि होली मिलन समारोह प्रत्येक वर्ष सांसद परिवार के साथ मनाया जाता है जिसमें धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के अलावा पार्टी के कई लोग शामिल होते हैं।

वहीं कार्यक्रम में संजय सेठ ने कहा कि सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व होली मिलन समारोह एकता और अखंडता की मिसाल कायम करता है, क्योंकि यह भाईचारे का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है जिस तरह जीवन में हजारों रंग होते हैं उसी तरह रंगों की यह होली इस त्योहार में हमारे अंदर आनंद उमंग भर देती है।

इस अवसर पर शहर के कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी ने सांसद को अभी गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

मौके पर विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो सहित कई का गणमान्य लोगों ने अबीर गुलाल की होली खेली।

कार्यक्रम में फूलों की होली, गुलाल अबीर की होली संग रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम सहित भजनों की प्रस्तुति के अलावा हास्य कविताओं का लुत्फ मौजूद लोगों ने उठाया। इस अवसर पर रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, मुकेश काबरा, राज वर्मा, ऐश्वर्य सेठ, प्रमोद सारस्वत, भीष्म सिंह, मनोज तिवारी, नीरज चौधरी, बिंदेश्वर प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे।

### शहीद छोटन उरांव का पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव, गमगीन माहौल में दी गई अंतिम विदाई



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची।** मांडर के नगड़ा पंचायत स्थित कनभिट्ठा गांव निवासी आर्मी जवान छोटन उरांव का बेंगलुरु में ट्रेनिंग के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। शहीद छोटन उरांव बरेली में पदस्थापित थे और वर्तमान में एसी सेंटर, बेंगलुरु में कोर्स कर रहे थे। सात मार्च को अचानक ट्रेनिंग के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने से उनका निधन हो गया।

उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को जब शहीद छोटन उरांव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा, तो माहौल गमगीन हो गया। परिवार के सदस्यों सहित पूरे गांव की आंखें नम थीं। उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था।

शहीद छोटन उरांव को हाल ही में पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित बड़ी संख्या में लोग गांव पहुंचे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और शहीद के परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर सेना के जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ शहीद छोटन उरांव को अंतिम सलामी दी।

### ठगी की योजना बनाते तीन साईबर अपराधी गिरफ्तार, जेल भेजे गये



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः दुमका।** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के खुटोजोरी गांव से पुलिस ने तीन साईबर अपराधियों को ठगी का साजिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में असलम अंसारी, उस्मान अंसारी और इमामुद्दीन अंसारी शामिल है।

गिरफ्तार अपराधी खुटोजारी गांव के रहने वाले है। मसलिया पुलिस ने अपराधियों के पास से चार मोबाइल भी जब्त किया है। पुलिस ने मामले में

बीएनएस और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने तीनों को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### समिति के होली मिलन कार्यक्रम में झुमाया कलाकारों ने




**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची।** रांची में बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रविवार को धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में रांची नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर और लोक जन विकास मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भुनेश्वर लोहरा ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। साथ ही सभी कलाकार और अतिथियों को अंगवस्त्र तथा मिथिला पाग पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में कलाकार मुकेश झा, आशु झा, अश्वनी आनंद और गौरीशंकर झा ने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को अपनी प्रस्तुती से झुमा दिया। मौके पर सभी के लिए भांग, ठंडई, मालपुआ, फ्राई चूड़ा, फ्राई मछ्ली से सभी लोगों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में ज्ञानदेव झा ने पहुंचे सभी को होली की बधाई दी। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष जयन्त झा, ज्ञानदेव झा, आशु झा, मृत्युंजय झा, मुकेश झा शास्त्री, पवन झा, किशोर झा मालवीय, श्याम किशोर चौबे, मनोज झा वैद्यजी, राजेश झा, रंजीत लाल, विश्व मोहन झा, सुजीत झा और भावेश मिश्रा सहित अन्य शामिल हुए।

# जीव में जब आता है अभिमान, तो उससे दूर हो जाते भगवान : पं. गोविंद कृष्ण

## श्यामा माई मंदिर में भागवत कथा के छठे दिन महारास व कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाकर बताई कृष्ण-प्रेम की महत्ता

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** मैथिली कला मंच कालीपूजा ट्रस्ट की ओर से नगर के सेक्टर 2डी स्थित श्यामा माई मंदिर में चल रहे होली महोत्सव सह श्रीमद्भागवत कथा रसवृष्टि कार्यक्रम के छठे दिन रविवार को भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वृंदावन से पधारे पं. गोविंद कृष्ण शास्त्री ने कृष्ण-रुक्मिणी विवाह, महारास और मथुरा-गमन के प्रसंग सुनाए। गीत-संगीत और मनोरम झांकियों के बीच पं. गोविंद ने कृष्ण व रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया था। गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किए। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया।

माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकतीं। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे तो समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई। कहने लगीं, हे कन्हैया जब हमें छोड़कर ही जाना था तो प्रेम क्यों किया? गोपी उद्धव संवाद के रहस्य को बताते हुए पं. गोविंद ने कहा कि जब जीव में अभिमान आता है तब भगवान उनसे दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है और उसे दर्शन देते है। मौके पर महायज्ञ के यजमान मंजू मिश्र व गोविंद मिश्र, श्यामानंद मिश्र, इंदु मिश्र सहित मैथिली कलामंच कालीपूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा एवं महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

**आज दिव्य होली मिलन, कल पूर्णाहुति–** मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट के महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर ने बताया कि 10 मार्च को मंदिर के प्रांगण में दिव्य होली महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें हर नगरवासी आकर आनंद ले सकते हैं। फूल और अबीर की होली के बाद अगले दिन 11 मार्च को प्रातः 9 बजे हवन एवं पूर्णाहुति के साथ इस भागवत महोत्सव का विराम होगा।

## मनरेगा के तहत बेतोना गाँव में विकास योजनाओं की समीक्षा



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड के दामिनभिट्ठा पंचायत अंतर्गत बेतोना गाँव में मनरेगा के तहत विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा हेतु एक विशेष कैंप आयोजित किया गया। साहिबगंजजिला उपायुक्त हेमंत सती के निर्देशाअ नुसार बीपीओ ने सहायक अभियंता और कनीय अभियंता के साथ गाँव का दौरा कर योजनाओं का निरीक्षण किया।जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही, एतवारी पहाड़िया की जमीन पर एक एकड़ बागवानी के लिए चिन्हित किया गया, जिससे स्थानीय किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा। बकरी पालन को बढ़ावा देने हेतु बकरी शेड निर्माण के लिए भी स्थल को चिन्हित किया गया , जिससे युवाओं को खेल-कूद की बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। ग्रामीणों की पानी संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बेतोना गाँव में एक कूप की मरम्मत हेतु योजना भी चिह्नित की गई सभी योजनाओं को शीघ्र तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।

## हास्य कवि सम्मेलन सह होली मिलन समारोह 12 को




राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंज।** साहित्य की दुनिया राष्ट्रीय साहित्यिक मंच के द्वारा 12 मार्च को शहर के अयोध्या धाम में हास्य कवि सम्मेलन सह बहुरूपिया प्रतियोगिता एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए मंच के महासचिव सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि होली के शुभ अवसर पर साहिबगंज शहर के अयोध्या धाम में हास्य कवि सम्मेलन के साथ-साथ बहुरूपिया प्रतियोगिता एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को शाम 5:00 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर मंच की ओर से तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस कार्यक्रम में साहिबगंज शहर के साहित्यकार एवं कलाकारों के अलावा बनारस से लिटिल विश्वास के नाम से प्रसिद्ध हास्य व्यंग के रचनाकार भी शामिल होंगे। रविवार को इसको लेकर मंच की बैठक आयोजित की गई। उपरोक्त निर्णय मंच की बैठक में लिया गया। बैठक में मंच के अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष गोपाल चोखानी के अलावा आनंद मोदी भगवती रंजन पांडे परशुराम गुप्ता अभय कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रेस क्लब रामगढ़ में होली मिलन समारोह, पत्रकारों ने मनाया रंगों का त्योहार

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**रामगढ़।** प्रेस क्लब रामगढ़ में रविवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के पत्रकारों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू को "महामूर्खाधिराज" की उपाधि दी गई।

**पत्रकारों के हितों के लिए संकल्पित प्रेस क्लब–** अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रेस क्लब रामगढ़ पत्रकारों के हितों की रक्षा और सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रहा है। वहीं, सचिव धनेश्वर प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम ने किया।

**उल्लासपूर्ण माहौल में मनाई गई होली–** समारोह में पत्रकारों ने उत्साह के साथ भाग लिया और सामूहिक रूप से होली का आनंद उठाया।होली मिलन समारोह में उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार बबलू, सहसचिव नारायण दत्त ब्यास शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य नीरज कुमार, मनोहर लहेरी, रितेश कश्यप, सुरेंद्र सिंह भाटिया, सौरभ कुमार सिंह, प्रदीप वर्मन, अशोक मेहता, योगेंद्र सिन्हा, तरूण बागी, दीपक प्रसाद, उमेश सिन्हा, प्रदीप बर्मन, अनिल विश्वकर्मा, स्वामी नंदन, देवांशु शेखर मिश्रा, जितेंद्र कुमार, झूलन अग्रवाल, केके तिवारी, विनीत शर्मा, आशीष सिंह, अंकित कुमार, गोपाल गिरी, सुनील कुमार, संजय नायक, अकबर अंसारी, रंजीत सिंह, नसीम अख्तर, राजीव सिंह, जितेंद्र सिंह, सतीश तुरी, श्याम ठाकुर, मुकेश सिंह, सुरेंद्र कुमार, राजेश पांडेय, शिवशंकर तिवारी, निरंजन महतो, प्रिंस वर्मा, सत्यप्रकाश, शंकर पोद्दार, तारकेश्वर महतो, रितेश कश्यप, रवींद्र कुमार, दिनेश कुमार, शिवकुमार सिंह, अजीत सोलांकी, सतीश सिंह, अमित पाठक, अवधेश शर्मा, हीरा सिंह, श्रीकांत महतो, वासुदेव,सत्यप्रकाश, अंजनी जायसवाल, मोबिन अख्तर, संतोष महतो, श्रीकांत महतो, दानिश पटेल, राजीव रंजन, अजय तिवारी, संतोष कुमार सहित कई सदस्य शामिल थे। सहित कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

## होली, ईद और रमजान को लेकर पुलिस सतर्क, सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील



राष्ट्रीय मुख्यधारा

साहिबगंज : पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने रविवार को जिले के सभी एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षकों और थाना प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी की। उन्होंने आगामी होली, ईद और रमजान को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्कता, संयम और संवेदनशीलता बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण, उपद्रव की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी और अवांछनीय तत्वों की पहचान के निर्देश दिए। जरूरत पड़ने पर ड्रोन कैमरों से निगरानी करने और थानों में शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## दामाद ने ससुर को मारी गोली, लाया गया राजमहल अस्पताल



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के लोगाई गांव निवासी सुबोल लोहार को उसके ही दामाद ने गोली मारकर घायल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सुबोल लोहार का दामाद गंगा राम दास जो थाना क्षेत्र के लोगाई गांव का निवासी है।उधर जानकारी के अनुसार ससुर दामाद के बीच किसी बात को लेकर बीते कई महीनों से विवाद चल रहा था जिसको लेकर रविवार की शाम आरोपी गंगा राम दास ने खेरबन्नी मोड तीनपहाड़ राजमहल मुख्य मार्ग पर हटिया से लौट रहे अपने ससुर सुबोल लोहार को पीछे से गोली मार दी इसी बीच गोली की आवाज सुन आसपास के ग्रामीणों ने आरोपी को धर दबोचा। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद तुरंत थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज हेतु राजमहल अस्पताल भिजवाया जहां उसका इलाज किया गया। उधर पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है

## झामुमो की तोरपा और रनिया प्रखंड कमेटी का गठन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**खूंटी।** झामुमो खूंटी जिला संयोजक मंडली प्रमुख जुबैर अहमद की अध्यक्षता में रविवार को तोरपा के भारत माता मंडप में पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया।

मौके पर झामुमो की तोरपा और रनिया प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। तोरपा प्रखंड के लिए सर्वसम्मति से रुबेन तोपनो को दूसरी बार तोरपा प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। कमेटी में सचिव जेम्स भेंगरा, कोषाध्यक्ष जयदीप तोपनो, उपाध्यक्ष बेलकन भेंगरा, अलबिनुस कोनगाडी, फिरोज खान(तपकारा) तथा फिरोज अंसारी(कुदरी ), संगठन सचिव सोहैल खान, सहसचिव सिंघराय कंडुलना बनाये गये।

सनातन तोपनो, बगा मुंडा, दिनेश गुड़िया, इमरान खान, दाऊद तोपनो, संडील सुभाष सुरीन, विनीता तिड़ू, फबियन तोपनो, सुमन बोदरा, मनोज भेंगरा, सोहराई गुड़िया, अजीत भेंगरा, रतीश शर्मा, अनूप बारवार, , नीतीश भेंगरा, सुखराम भेंगरा, सिमोन तोपनो, संतोषी तोपनो, रंजीत तोपनो, अनुज गुड़िया को कार्यकारणी का सदस्य बनाया गया।

मौके पर संयोजक मंडली के सुशील पाहन, मकसूद अंसारी, प्रकाश नाग मुंडा, जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी, अमृत हेमरोम, प्रदीप केशरी, मोजीर अंसारी, बीरेंद्र सिंह, मुखिया शिशिर तोपनो, अनास्तासिया आईंद, बिमला डोडराय, जयलाल तोपनो आदि उपस्थित थे।

**रनिया प्रखंड समिति का गठन–** रनिया प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक में सर्वसम्मति से गबरियल तोपनो को अध्यक्ष चुना गया। समिति में सचिव फिलिप डहंगा, कोषाध्यक्ष जोसेफ भेंगरा, सहसचिव सुलेमान धनवार, उपाध्यक्ष सुलेमान गुड़िया, कल्याण गुड़िया, कुशल कंडुलना को बनाया गया। मौके पर जुबैर अहमद, सुशील पाहन, प्रकश नाग मुंडा, बीरेंद्र सिंह,मकसूद अंसारी,वीरेन कंडुलना, नेली डहँगा,विलियम गुड़िया, जोलेन बारला आदि उपस्थित थे। मौके पर झामुमो खूंटी जिला संयोजक प्रमुख जुबैर अहमद ने कहा कि सदस्यता अभियान जारी रहेगा। कार्यकर्त्ता गांव-गांव जाकर लोगों को पार्टी के नीति-सिद्धांत की जानकारी दें तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें।

## संक्षिप्त समाचार

### होली और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

**लातेहार, एजेंसी।** सदर थाना परिसर में होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में अंचल अधिकारी अरविंद देवाशिष टोप्पो, एसडीपीओ अरविंद कुमार, नगर प्रशासक राजीव रंजन व थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े समेत कई गणमान्य लोग और ग्रामीण जन प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में रजक ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का पर्व है, इसे मिल-जुलकर मनाने की परंपरा बनाए रखना चाहिए। उन्होंने डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजाने की सख्त हिदायत दी। कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बैठक में कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अप्रिय घटना की आशंका हो तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। थाना प्रभारी दुलाड़ चौडे ने बताया कि होली के दौरान उपद्रव करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा हमारी पुलिस टीम लगातार गश्त करेगी और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लोगों से होली को पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बैठक के बाद लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनायें दी।

### चतरा में पटाखे की चिंगारी से किराने की दुकान में लगी आग, ढाई लाख का सामान जलकर खाक

**चतरा, एजेंसी।** न्यू पुलिस लाइन जितनी मोड़ के समीप बारातियों द्वारा की गयी आतिशबाजी के दौरान निकली चिंगारी से एक किराने की दुकान में आग लग गयी। इससे दुकानदार को ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना शनिवार देर रात की है। आग लगने की जानकारी मिलने के बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गयी। लेकिन जब तक दमकल विभाग की गाड़ी आग बुझाने के लिए आयी तब तक दुकान पर रखा सामान जलकर खाक हो गया था। दुकानदार अमित कुमार पासवान ने बताया कि दुकान के बगल में जगदीश साहू के पुत्र सुबोध कुमार साहू की शादी थी। रास्ते से बारात गुजर रही थी, इस दौरान बारातियों द्वारा आतिशबाजी की जा रही थी। दुकान के पास सावधानी से आतिशबाजी करने की बात कह कर वह अपने घर चला गया। कुछ देर बाद पटाखे की चिंगारी से दुकान में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलने के 40 मिनट बाद दमकल वाहन पहुंचा। तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया था। उन्होंने बताया कि दमकल वाहन समय पर आता तो कुछ समान जलने से बच सकता था। दुकान के संचालक अमित ने बताया कि वह छह साल से दुकान चला कर जीविकोपार्जन कर रहा था। महिला मंडल से लोन लेकर दुकान का सामान लाया था। दुकान जलने से लोन चुकाने की चिंता सताने लगी है। उन्होंने सदर थाना और अग्निशमन कार्यालय को आवेदन दिया है।

### होली पर बिहार व यूपी जाने वाली सभी ट्रेनें फुल, टिकटों की लंबी वेटिंग

**जमशेदपुर, एजेंसी।** होली पर यदि अपने घर बिहार या यूपी जाना चाह रहे हैं, तो अभी से अलर्ट हो जाएं। क्योंकि जमशेदपुर से बिहार जाने वाली सभी ट्रेनों में नोरूम की स्थिति है। रिजर्वेशन टिकटों की लंबी वेटिंग लिस्ट चल रही है। होली के बाद वापसी के समय भी ट्रेनों में यही स्थिति है। टाटा से बिहार जाने वाली टाटा-कटिहार व टाटा-छपरा एक्सप्रेस ट्रेन में हर दिन यात्रियों की भारी भीड़ रह रही है। वहीं, मुंबई, चेन्नई, दिल्ली, लुधियाना, जालंधर से टाटानगर आने-जाने वाली ट्रेनों में भी टिकटों की मारा-मारी चल रही है। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब और मथुरा जाने वाली ट्रेनों में भी टिकट मिलना मुश्किल है। ज्ञात हो कि जमशेदुपुर के बड़ी संख्या में लोग मुंबई, चेन्नई, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में काम करते हैं। उन्हें होली पर घर आने के लिए टिकट नहीं मिल रहे हैँ। ऐसे में उनके लिए त्योहार की खुशी फीकी पड़ सकती है।

## स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम पर मंडराया रोजी रोटी का संकट,

# आठ महीने से नहीं मिली सैलरी

**चतरा/रांची, एजेंसी।** जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम को पिछले आठ माह से वेतन नही मिला है, जिसकी वजह से उनके समक्ष भुखमरी जैसे हालात उत्पन्न हो गए है। दुकानदार राशन देने से इनकार कर दे रहे है। अगर एक या दो दिनों के भीतर वेतन नही मिलता है तो रंगों और भाईचारे का महापर्व होली फीकी रह जाएगी। बताया गया कि जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में कुल ग्यारह एएनएम कार्यरत हैं, जिन्हें जुलाई-2024 से वेतन नही मिला है। सभी एएनएम कार्यालय के चक्कर लगाकर थक चुके है। सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापित प्रधान लिपिक भानू ज्योति आवंटन नही आने का बहाना बनाकर टाल रहे है।



पिछले एक माह से आवंटन भी आ चुका है। बावजूद इसके वेतन का भुगतान नही किया गया है। एएनएम का कहना है कि वेतन निकासी के एवज में कमीशन की मांग की जा रही है।

कमीशन नही देने पर रोजाना बहाना बनाकर टाल दिया जाता है। एएनएम का कहना है कि जल्द ही वेतन भुगतान नही होता है तो आंदोलन करते हुए उपायुक्त से लिखित शिकायत की जाएगी।

नगर निगम के मृत कर्मियों के आश्रितों ने शनिवार को आवेदन के माध्यम से प्रशासक संदीप सिंह से होली के त्योहार से पूर्व सातवें वेतनमान का बकाया एरियर भुगतान करने की मांग की है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने यह भी कहा है कि बकाया राशि के भुगतान लिए आश्रितों को नगर निगम की ओर से दोड़ाने का काम न किया जाए। इसलिए उच्चस्तरीय विभाग को आश्रितों की मांगों से अवगत कराते हुए संबंधित मांगों को पूरा कराया जाए।

आश्रितों ने बताया कि जानकारी मिली है कि नगर निगम की ओर से पारिवारिक पेंशन पीएमसी एक्ट के तहत 400-500 रुपये देने पर विचार किया जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश पर तीन आश्रित परिवार को राज्य सरकार के समतुल्य पारिवारिक पेंशन दिया गया है।

राज्य सरकार के अनुसार, नगर निगम अपने कर्मियों के आश्रितों को पारिवारिक पेंशन देने के लिए सक्षम है। इसमें नगर विकास विभाग की कोई भूमिका नहीं है।

उन्होंने प्रशासक से आग्रह करते हुए कहा कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए सभी आवेदकों की नियुक्ति एक साथ तृतीय वर्ग के लिए की जाए या सभी आश्रितों को होने वाली कठिनाई का समाधान किया जाए।

उन्होंने स्मारक पत्र भेजकर राज्य सरकार से आग्रह किया है कि चतुर्थ वर्ग के पद का सृजन जल्द से जल्द किया जाए। मौके पर सोनिया कच्छप, सोनी तिर्की, रीता लिंडा इत्यादि उपस्थित थीं।

## गढ़वा में चोरी के बड़े मामले का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**गढ़वा, एजेंसी।** जिला मे मंगलवार को धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में चोरी के प्रयास और बंशीधर नगर के कचहरी के समीप कंप्यूटर सेंटर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर लिया। इसमें संलिप्त दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। साथ ही चोरी का सामान भी बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार दोनों आरोपियों में उत्तर प्रदेश के दूधी थाना क्षेत्र के निमियाडीह ग्राम निवासी सरफराज अंसारी और उसी थाना के डीघुल ग्राम निवासी निवासी अंकित कुमार यादव का नाम शामिल है। वहीं, चोरी का बरामद किए गए सामानों में दो प्रिंटर, एक इन्वर्टर बैटरी, एक लेमिनेशन मशीन, तीन मोबाइल, एक की-बोर्ड, एक माउस समेत 6000 रुपये नकद 6 हजार रुपए शामिल हैं।

गढ़वा एसपी दीपक पाण्डेय ने बताया कि 3 मार्च को धुरकी थाना के सगमा स्थित सेंट्रल बैंक में चोरी के प्रयास और स्थानीय थाना क्षेत्र में कोर्ट के समीप दो दुकानों में हुए चोरी की घटना के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठित की गई। इस आलोक में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी ने घटना को लेकर अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। एसपी ने बताया कि घटना में तीन आरोपी शामिल थे।

## पलामू में ट्रक और बाइक की भीषण टक्कर, दो युवकों की मौत

**पलामू, एजेंसी।** पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ एनएच 139 पर बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने रौंद डाला। जिससे दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना देर रात 1।30 बजे की बतायी जाती है। धक्का मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। डेड बॉडी सड़क पर रहने के कारण 15 मिनट तक सड़क जाम भी रहा। हालांकि ट्रक का नंबर प्लेट घटना स्थल पर ही गिरा पड़ा मिला। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस छानबीन कर रही है।



मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगंज के 26 वर्षीय रविकांत कुमार (पिता मुंशी प्रसाद) और गया जिले के खिजर सराय थाना क्षेत्र के चिरैली के 20 वर्षीय सुनील कुमार (पिता श्रवण साव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविकांत और सुनील एक ही मोटर साइकिल (बीआर 26ए ए6422) से छतरपुर की ओर से आ रहे था। दोनों को हरिहरगंज स्थित मुकेश गुप्ता के किराये के मकान में जाना था, दोनों यहीं पर रहते हैं।

जैसे ही वे बाइक से अरुआ खुर्द कॉलेज मोड़ के पास पहुंचे उनकी टक्कर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक (यूपी 44 बीटी 0295) से हो गयी। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके तुरंत बाद युवकों की मौत हो गयी। हादसे की सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई सतीश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और डेड बॉडी को घटनास्थल से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बाइक को को अपने कब्जे में कर लिया है।

## सीएम हेमंत के क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता की बेरहमी से पिटाई, थाने पहुंची विधायक तो एसपी ने दिया ऐसा रिएक्शन

**बरलंगा (रामगढ़), एजेंसी।** गोला प्रखंड क्षेत्र के अतिसूदूरवर्ती बरलंगा और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी विकास आर्यन और सअनि मंगल उरांव सोनडीमरा निवासी जितेंद्र महतो को शुक्रवार की रात घर से उठाकर थाना ले आए।

घर से उठाकर थाना ले आने के बाद उसकी बेरहमी से लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की गई। पिटाई से जितेंद्र महतो घायल हो गया। जितेंद्र महतो ने इसकी लिखित सूचना विधायक ममता देवी को दी। जितेंद्र कांग्रेस कार्यकर्ता भी हैं।

बताया जाता है कि सरगडीह पंचायत के ग्राम डीमरा में वार्ड सदस्य रुपा देवी के पति विनोद कुमार सिन्हा के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में जिओ टैग का काम किया जा रहा था। इस संबंध मे जितेंद्र ने कहा कि आप प्रतिनिधि नहीं, जो प्रतिनिधि है उसे बुलाइए। इसी बात को लेकर जितेंद्र को पुलिस मारने लगी।

जितेंद्र ने शिकायत में बताया कि थाना प्रभारी ने मुझे घर से घसीटते हुए जबरन अपने गाड़ी में बैठाया और गाड़ी में बैठाने के बाद भी जमकर मारा।

इतना ही नहीं थाना ले जाकर मुझे थाना प्रभारी और थाना के सअनि मंगल उरांव, कमल भगत के द्वारा लाठी-डंडे से जमकर पीटा गया, जिससे मैं



बेहोश हो गया। पुनः जब मुझे होश आया तो, उन्होंने मुझे फिर से मारा। जितेंद्र ने बताया कि होश आने पर पीने के लिए पानी मांगा, लेकिन पुलिस ने उसे पानी तक नहीं दिया।

घटना की सूचना मिलते ही विधायक ममता देवी बरलंगा थाना पहुंचीं और दो घंटे थाना में बैठी रहीं। थाना से ही एसपी और एसडीपीओ से दूरभाष पर बात कर थाना प्रभारी को अविलम्ब सस्पेंड करने की मांग की।

इस संबंध मे एसपी ने भरोसा दिलाया है कि निश्चित कारवाई की जाएगी। एसपी के द्वारा भरोसा दिलाने के बाद विधायक रात्रि 9 बजे थाना से उठकर चली गई। विधायक ने थाना प्रभारी को कहा कि आप जैसे गलत अधिकारियों के चलते युवा बंदूक थामने पर मजबूर हो रहे।

कितनी बड़ी गलती किया था जो आप ने निर्दयी होकर एक इंसान को बेरहमी से पीटा। बताया जाता यह भी है कि यह सारा खेल थाना क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर राजनैतिक उद्देश्य को साधने के लिए किया गया है।

विधायक ने कहा कि अगर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह पुनः अनशन पर बैठेंगी। मामले की जानकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के.राजू को भी दी।

## 6 महीने से कांग्रेस की प्रदेश कमेटी नहीं, सभी प्रमंडल में जा कर प्रदेश प्रभारी कर रहे हैं बैठक

**रांची, एजेंसी।** झारखंड कांग्रेस की प्रदेश कार्यसमिति अभी वन मैन टीम है। दरअसल 16 अगस्त 2024 को केशव महतो कमलेश को प्रदेश कांग्रेस की कमान सौंपे जाने के बाद से पीसीसी यानी प्रदेश कांग्रेस कमेटी वन मैन टीम बनी हुई है। करीब छह महीने से बिना प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों के ही पीसीसी चल रही है। पार्टी में प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, सह सहसचिव जैसे महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हैं।



झारखंड कांग्रेस द्वारा लगातार राज्य में कांग्रेस को मजबूत करने की कवायद हो रही है। नए प्रदेश प्रभारी के राजू खुद अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर वहां के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। उनके साथ बैठकें कर जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर बिना प्रदेश स्तरीय टीम के कैसे पार्टी मजबूत होगी।

प्रदेश कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य डॉ राजेश गुप्ता छोटू कहते हैं कि दरअसल, इस बार प्रदेश प्रभारी की कोशिश है कि जनसंख्या के हिसाब से संगठन में पिछड़ों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों को जगह देने की योजना है। प्रभारी खुद भी अलग-अलग प्रमंडल में जाकर जिलावार लगातार बैठकें कर रहे हैं।

डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि इस बार जनसंख्या के अनुपात में पार्टी संगठन में भागीदारी देने के लिए ही प्रदेश कमेटी के गठन में कुछ देरी हो रही है।

**नए प्रभारी का प्रमंडलीय दौरा समाप्त होने के बाद घोषित कर दी जाएगी प्रदेश कमेटी :** राज्य में बिना प्रदेश कार्यसमिति के छह महीने से सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष के सहारे पीसीसी चलाने के सवाल पर प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि अभी नए प्रभारी के राजू का प्रमंडलीय स्तर का दौरा अंतिम चरण में हैं। जैसे ही यह दौरा पूरा हो जाएगा, उसके बाद जल्द ही प्रदेश कार्यसमिति गठित हो जाएगी।

## मिशन यूपीएससी: एसटी विद्यार्थियों के लिए हेमंत सरकार ला रही है योजना

**रांची, एजेंसी।** हेमंत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के लिए शुरू की जा रही मिशन यूपीएससी योजना पर सवाल उठने लगे हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा के लिए दिल्ली में गुणवत्तापूर्ण कोचिंग हेतु आर्थिक सहायता सरकार के द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी ताकि वह इन परीक्षाओं में अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके।

राज्य सरकार के द्वारा चयनित विद्यार्थियों को कोचिंग हेतु 80 हजार रुपया कल्याण आयुक्त द्वारा दिया जाएगा, जिसे प्रथम किस्त में 30 हजार और द्वितीय किस्त के रूप में 50 हजार रुपया का भुगतान किया जाएगा। योजना के तहत प्रतिवर्ष 100 विद्यार्थियों को कोचिंग की सुविधा सरकार के द्वारा प्रदान की जाएगी। सरकार द्वारा निकट भविष्य में शुरू की जाने वाली मिशन यूपीएससी को लेकर अभी से सवाल




उठने लगे हैं। दरअसल इस योजना के तहत सिर्फ अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को लाभ दिए जाने और चयन की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने मिशन यूपीएससी की खामी गिनाते हुए सरकार पर एक बार फिर छात्रों के साथ धोखा और क्रूर मजाक करने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए अजय साह ने कहा कि इसमें विद्यार्थियों के चयन में जो योग्यता का निर्धारण किया गया है वह काफी हास्यास्पद है।

उन्होंने सरकार की अधिसूचना को सार्वजनिक करते हुए कहा कि इस योजना के वही योग्य होंगे जो यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के साक्षात्कार में भाग लिए हुए आवेदक हों या यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की मुख्य परीक्षा में भाग लिए हुए हों या जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की साक्षात्कार या मुख्य परीक्षा में भाग लिए हुए आवेदक हों।उन्होंने कहा कि जब यह इस योग्य के छात्र होंगे तो उन्हें कोचिंग करने की आवश्यकता क्यों होगी। अजय साह ने राज्य सरकार से इसमें संशोधन की मांग करते हुए कहा है कि अनुसूचित जनजाति के अलावा अनुसूचित जाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और महिलाओं को भी इसमें जोड़ा जाना चाहिए।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाहरणालय की महिला कर्मियों को तोहफा, डीसी ने किया शिशु पालना-गृह का उद्घाटन

**रांची, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने महिला कर्मियों को शिशु पालना गृह केंद्र का उपहार दिया। समाहरणालय के कमरा नं। क्र211 में शिशु क्रेच खुलने से समाहरणालय में सेवारत महिला कर्मचारियों को कार्यकाल के दौरान क्रेच में बच्चों को रखने की सुविधा मिलेगी। इस क्रेच में बच्चों को पोषक आहार और आरामदायक माहौल मिलेगा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय भवन में कार्यरत महिला कर्मियों को तोहफा दिया। इसको लेकर क्रेच की सुविधा और उनके बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए समाहरणालय ब्लॉक -क्र के कमरा नम्बर -211 में शिशु गृह का विधिवत फीता काट कर शुभारंभ किया गया।



इस दौरान डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी, शाइनी तिग्गा, जफर हसनत एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के तहत क्रेच (पालनाघर) की सुविधा होना जरूरी है। इस अधिनियम में 2017 के संशोधन के बाद कार्यस्थलों पर क्रेच (पालनाघर) सुविधा अनिवार्य को देखते हुए जिला प्रशासन ने क्रेच सुविधा शुरू कर दी है।

शिशु पालनाघर खुल जाने से समाहरणालय में कार्यरत महिला कर्मचारी को कार्य समय के दौरान क्रेच में बच्चे को रखने की सुविधा मिलेगी। जिससे बच्चों को स्वस्थ आहार और आरामदायक माहौल मिलेगा। मातृत्व लाभ अधिनियम में क्रेच की सुविधा कार्यरत माताओं को सहयोग देने और उनके बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए जोड़ी गई है। इससे महिलाएं अपने काम और मातृत्व के बीच संतुलन बना सकती हैं।

जिसमें शिशु गृह में महिला कर्मचारी अपने नवजात शिशु की देखभाल करते हुए अपने शिशु को स्तनपान के साथ अपने बच्चों को रख सकती हैं। इस गृह में 0 से 06 वर्ष के बच्चों को रख सकती है, जहाँ छोटे बच्चों के लिए खेल के साधन उपलब्ध है।

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री शिशु गृह में नन्हे बच्चों को देख कर काफई खुश हुए, कई बार डीसी खुद बच्चों को अपने गोद में लेकर खूब स्नेह करते दिखे। डीसी ने इस दौरान अबुआ साथी 9430328080 व्हाट्सएप शिकायत नंबर भी जारी किया। इस नंबर पर जन शिकायत की जा सकती है।

## सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए मददगार बना यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, फ्री में मिलती है सारी चीजें

**गुमला, एजेंसी।** गुमला स्थित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) आमजनों को डिजिटली रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नयी-नयी सेवाओं को जोड़ रहा है। इस क्रम में सीएससी द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एक और नयी सेवा सरकारी परीक्षा शुरू किया गया है। पूरी तरह निःशुल्क यह सेवा वैसे अभ्यर्थियों व छात्रों के लिए है, जो प्रतियोगी या प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

अभ्यर्थी इसमें एसएससी, बैंकिंग/इंश्योरेंस, रेलवे, डिफेंस, यूपीएससी, टेट, इंटरफेस टेस्ट, स्कूल परीक्षा सहित 150 से भी अधिक केंद्र व राज्य स्तरीय सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। अध्ययन सामग्री हिंदी व अंग्रेजी में उपलब्ध है। विषय व टॉपिक के अनुसार वीडियो भी दिखाया जायेगा। गत वर्ष की परीक्षा के प्रश्नों के आधार पर नये पैटर्न के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रश्न होंगे। साथ ही पूर्ण मॉक परीक्षा, विषय परीक्षा, टॉपिक अभ्यास परीक्षा व लाइव परीक्षा के माध्यम से खुद की तैयारी का आकलन भी कर सकते हैं। प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन का कार्य चल रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी व छात्र खुद के एंड्रॉयड मोबाइल या नजदीकी सीएससी में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।



सरकारी परीक्षा नाम से शुरू ऑनलाइन प्लेटफार्म में हर घर के लिए शिक्षा और रोजगार में मदद हेतु उत्पाद उपलब्ध है। प्लेटफार्म में सरकारी व प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी का प्लेटफार्म, कक्षा चार से 10 तक के छात्रों के लिए स्कूल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, स्कूली छात्रों के लिए एक करियर मार्गदर्शन का प्लेटफार्म और राज्य व केंद्र स्तर की सरकारी परीक्षा पर नियमित अपटेड का प्लेटफॉर्म जैसे स्कूल व रोजगार के उत्पाद उपलब्ध हैं। सीएससी गुमला के मैनेजर रंजन नंदा ने कहा है कि सीएससी निरंतर नयी सेवाओं/योजनाओं को जोड़ रहा है। जिसका उद्देश्य आमजनों को डिजिटल रूप से हर संभव सहायता प्रदान करना है।

# रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 'फिरौती वसूली जा रही है'। पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी। मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 'लाचार मकान खरीदारों से फिरौती वसूली जा रही है'। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है? हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है। कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं। तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं।

# हिंदी: जनमानस की भाषा



अरुण कुमार दीक्षित



हिंदी को लेकर एक बार फिर उत्तर से लेकर दक्षिण तक बहस जारी है। सबके अपने-अपने दावे हैं। राजनीतिक घाटे-मुनाफे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने तो यहां तक कह दिया कि सरकारी दफ्तरों से हिन्दी हटाएं, तमिल लागू करें। हिंदी सभी भाषाओं को समाप्त कर देगी। संविधान के अनुच्छेद 343 में कहा गया है कि राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। संविधान के अनुच्छेद 343 (1) में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने लंबी चर्चा के बाद हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा दिया था। भारत की राष्ट्रभाषा अपनी ही होनी चाहिए। जैसा कि पूरी दुनिया के अधिकांश देशों में स्वयं की भाषाएं हैं। संविधान के अनुच्छेद 351 में कहा गया है कि हिंदी का इस प्रकार विकास किया जाए कि हिंदी भारत की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। उसके सरल और सुबोध को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारतीय संविधान में भारत की किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा की स्वीकृति नहीं है। हालांकि हिंदी एवं अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा माना जाता है। संविधान में 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थान दिया गया है। विकल्प है कि केंद्र और राज्यों की सरकारें स्वयं चाहे तो 22 भाषाओं में किसी भी भाषा को आधिकारिक भाषा के रूप में चुनाव कर सकेंगे। यह भाषाएं हिंदी, असमिया, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगू, बोडो, डोगरी, बंगाली उर्दू और गुजराती हैं। केंद्र सरकार ने कामकाज के लिए हिंदी और रोमन को आधिकारिक भाषा माना है। अलग-अलग राज्यों में स्थानीय भाषाएं लागू की गई है। हिंदी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव संविधान सभा में दक्षिण भारत के गोपाल स्वामी अय्यंगर ने रखा था। गांधीजी ने 1918 में हिंदी को राजभाषा बनाने की बात की थी। उन्होंने कहा था हिंदी जनमानस भाषा है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने संसद में कहा था, संसद और देश की भावना यही है कि हिंदी को संघ की सरकारी भाषा स्वीकार किया जाए। मैं समझता हूं कि इस पृष्ठभूमि में जिस बात का उपबंध संविधान में है वह सामान्यतः स्वीकार्य है कि हिंदी सीखना चाहिए। देश में महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए, परंतु इसे वह महत्वपूर्ण स्थान तभी मिल सकता है यदि हम इस उद्देश्य को सद्भावना से प्राप्त करें। संविधान सभा में कमलापति त्रिपाठी ने कहा था भाषा संस्कृति का आधार होती है और संस्कृति राष्ट्रों के इतिहास और जीवन हैं। उनके उत्थान विकास का आधार होती है। संविधान लागू हुआ तब यह व्यवस्था दी गई कि 1965 तक यानी 15 वर्षों तक अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जा सकता है। जब तक सीमा पूरी होती उससे पहले 1957 में ही अंग्रेजी हटाओ मुहिम को सक्रिय आंदोलन में डॉ. लोहिया ने बदल दिया। लोहिया का मानना था कि हिंदी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। सरकारी कामकाज में इसका इस्तेमाल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि संघ की भाषा हिंदी होगी। यह भी कहा था की अंग्रेजी हटाओ आंदोलन का मतलब हिंदी लाओ नहीं है, बल्कि मातृभाषा, लोक भाषा के बिना लोक राज असम्भव है। अंग्रेजी के सार्वजनिक प्रयोग को बंद करने की मांग की लोहिया हिंदी के बड़े पैरोकार थे। लोहिया हिंदी के विकास में ही लोकतंत्र का विकास देखते थे। उनका मानना था, कि विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका में मातृभाषा का प्रयोग न के बराबर आम जनता की प्रजातंत्र में शत-प्रतिशत भागीदारी के रास्ते का रोड़ा है। वे संसद में कम समय ही रहे। लोहिया संसद में अंग्रेजी में कभी नहीं बोले। वे कहते वोट लोक भाषा में मांगते हैं, चुनाव बाद अंग्रेजी बोलना लोकद्रोह है। डॉ लोहिया का भाषा चिंतन विशेष प्रकार का था। गांधीजी के बाद डॉ लोहिया स्वतंत्र भारत के अकेले नेता रहे जो भाषा के विषय पर राष्ट्रीय संदर्भ में विचार करते थे। वे अंग्रेजी को सामंती भाषा बताते हुए इसके खतरों से आगाह करते रहे। कहा कि यह श्रमिकों, किसानों और शारीरिक श्रम करने वालों की भाषा नहीं है। अखिल भारतीय "अंग्रेजी हटाओ" सम्मेलन के प्रथम सम्मेलन का अधिवेशन नासिक महाराष्ट्र में 28, 29 अक्टूबर 1959 को हुआ। अधिवेशन में कई प्रांतो के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। हिंदी भाषा के अखिल भारतीय महत्व का पहला कारण यह है कि वह भारत की सबसे बड़ी जाति की भाषा है। दूसरा कारण यह है कि उत्तर भारत, बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र तक की भाषाओं और हिंदी के शब्द भंडार में इतनी ज्यादा समानता है, कि लोग उसे आसानी से समझ लेते हैं। तीसरा कारण है राजस्थान के व्यापारी और पूंजीपति भारत के विभिन्न प्रांतो में फैले हुए हैं और साधारणतः हर जगह हिंदी शिक्षा के प्रचार प्रसार आदि में सहायता करते हैं। चौथा सबसे बड़ा महत्वपूर्ण कारण है कि हिंदी भाषा इलाके के मजदूर मुंबई कलकत्ता जैसे बड़े-बड़े नगरों में भारी संख्या में मिलते हैं। डॉ. सुनीत कुमार चाटुर्ज्या ने 1948 के अंतरराष्ट्रीय भाषाविद् सम्मेलन (पेरिस) में यह प्रस्ताव रखा था कि संसार में किसी भाषा के समझाने बोलने वालों के विचारों से हिंदी का नंबर तीसरा है। इसलिए अंग्रेजी, फ्रांसीसी, स्पेनी, रूसी और चीनी के साथ हिंदी को भी राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा मंजूर करना चाहिए। यह प्रस्ताव बहुत महत्वपूर्ण था। भारत जैसे देश की एक भाषा राष्ट्र संघ में अवश्य होनी चाहिए। रवीन्द्रनाथ ठाकुर जैसे मनीषियों ने भगीरथ प्रयत्न किया। गांधीजी ने इस बात का जोरदार आंदोलन किया कि शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। उन्होंने जापानी की मिसाल देकर बताया कि वहां के लोगों ने यूरोप की विद्या ग्रहण की है, अपनी भाषा के माध्यम से। उनका शिक्षण जापान में होता है न कि अंग्रेजी में। राष्ट्रीय आंदोलन की यह मांग रही है कि शिक्षा संस्थानों से लेकर न्यायालयों तक में जो सारा काम अंग्रेजी के माध्यम से होता है वह बंद होना चाहिए। और अंग्रेजी ने भारतीय भाषाओं के जो हक छीने हैं वह उन्हें वापस मिलने चाहिए। तब हम कैसे मानें की अंग्रेजी यहां लादी न गई थी। और उसे गौरव स्थान देने के लिए यही के देशभक्तों ने प्रयास किया था ? अंग्रेजी से कुछ सीखना एक बात है। अंग्रेजी को अपने सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों का माध्यम बना लेना दूसरी बात है। भारत के नवीन सांस्कृतिक जागरण में अंग्रेजी के महत्व को बढ़ा-चढ़ा कर आंका जाता है। अंग्रेजी के माध्यम से प्राप्त विचारधारा इस जागरण की प्रमुख धारा नहीं रही। प्रमुख धारा के तत्व भारतीय ही रहे हैं। डॉ. रामविलास शर्मा पृष्ठ 380,393 भाषा और समाज) हिंदी के प्रतिष्ठित साहित्यकार सुमित्रानंदन पन्त ने कहा था। हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह हमारी भावनाओं, विचारों की सहज अभिव्यक्ति का माध्यम है। निराला ने हिंदी को सशक्त और समृद्ध बताया है। उनका कहना है हिंदी केवल भाषा नहीं है, यह एक क्रांति है। जनता की भाषा है। जनता जब जागेगी तो हिन्दी के माध्यम से ही अपनी शक्ति प्रकट करेगी। हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा, मातृ भाषा है। हिन्दी हमारी संस्कृति है हिन्दी के अधिकतम प्रयोग और भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए लगातार वैचारिक अभियान होना चाहिए।

## सूडोकू नवताल- 7365

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -7364 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# आम हिंदुओं के निशाने पर समूचा विपक्ष

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ महाकुंभ का नैरेटिव मिस नहीं किया, बल्कि यहां भी ऐतिहासिक गलती कर बैठे, जिससे समूचा विपक्ष आम हिंदुओं के निशाने पर आया। विपक्ष के चुनिंदा नेताओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नेता महाकुंभ से गैरहाजिर रहे। किसी ने उस विशाल आयोजन का हिस्सा बनने की कोशिश नहीं की और न सामान्य हिंदू की तरह महाकुंभ में जाकर त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाने का जतन किया। इतना ही जिस दिन से महाकुंभ शुरू हुआ उस दिन से कांग्रेस का इकोसिस्टम प्रचार करता रहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा स्नान करने आएंगे। पार्टी की ओर से कई बार ढके छिपे तरीके से कार्यक्रम भी बताया गया। एक बार तो प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक कार्यक्रम में एक तारीख बताते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बारे में कहा कि हम सब प्रयागराज आ रहे हैं। लेकिन राहुल और प्रियंका स्नान करने नहीं गए। इसके बाद कांग्रेस के नेता बताते रहे कि प्रियंका ने कब संगम में डुबकी लगाई थी और सोनिया गांधी कब पवित्र स्नान के लिए पहुंची थीं। कुछ अति उत्साही कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स ने पंडित नेहरू की भी महाकुंभ में स्नान करते हुए तस्वीरें साझा कीं। लेकिन महाकुंभ इतिहास तो है यह तो जितना इतिहास है उतना ही समकालीन भी है। कांग्रेस हो सकता है कि इतिहास में इसका हिस्सा रही लेकिन समकालीन घटनाक्रम का भी तो हिस्सा बनना होगा। अगर कांग्रेस नेताओं को महाकुंभ नहीं जाना था तो जाने की झूठी खबरों का प्रचार भी नहीं कराना चाहिए था। अगर प्रचार कराया तो वहां चले जाना चाहिए था, उससे देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुंह नहीं छिपाना पड़ता। गांवों में उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है। वे किसी तरह पुरानी बातों से बचाव कर रहे हैं। सोशल मीडिया में कुछ समझदार लोग कह रहे हैं कि 12 साल पहले 2013 के महाकुंभ में नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ या अमित शाह में से कोई भी डुबकी लगाने नहीं गया था। लेकिन क्या तब सोनिया, राहुल और प्रियंका गए थे? अगर गए थे तो बताना चाहिए ताकि लोगों को पता चले कि जो सत्ता में होता है वही कुंभ जाता है! ऊपर से कोढ़ में खाज की तरह कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता महाकुंभ को लेकर अनाप शनाप बयान देते रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल उठा दिया कि महाकुंभ जाने से क्या देश की गरीबी खत्म हो जाएगी। किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन से देश की गरीबी नहीं खत्म होने वाली है। इंदिरा गांधी ने 1971 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था और उसके बाद 30 साल कांग्रेस शासन में रही तो कहां गरीबी मिट गई। लाखों लोग उर्स करने जाते हैं या हज करने जाते हैं तो उससे भी न गरीबी मिटती है और न जहालत खत्म होती है। लेकिन जब उस पर इस तरह के सवाल नहीं उठाए जाते हैं तो महाकुंभ पर भी ऐसे सवाल उठाने की कोई तुक नहीं है। महाकुंभ में 66 करोड़ लोग पहुंचे, यह उनके लिए गरीबी मिटाने या अशिक्षा दूर करने का विषय नहीं था। यह उनकी आस्था का विषय था, जिसका कांग्रेस को सम्मान करना चाहिए। कम से कम सार्वजनिक रूप से तो सम्मान करे! खड़गे और राहुल गांधी मन में चाहे जो भाव रखते हों लेकिन राजनीति कर रहे हैं पार्टी चल रहे हैं तो सार्वजनिक बयानों में सावधान रहने की जरुरत होती है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद ने कह दिया कि कुंभ फालतू है। उनको महाकुंभ की व्यवस्था पर सवाल उठाना था लेकिन वे महाकुंभ को ही फालतू की बात बता रहे थे। यह समझे बगैर कि उत्तर प्रदेश के अलावा सबसे ज्यादा लोग बिहार से ही महाकुंभ जा रहे थे। उनकी जाति के कट्टर समर्थक भी कुंभ जा रहे थे। उसकी आस्था को इस तरह से चैलेंज करना कोई अच्छी राजनीति नहीं है। सोशल मीडिया के इस दौर में ऐसी बातों का तुरंत प्रसार होता है। यही ममता बनर्जी ने भी किया। उन्होंने भी महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दिया। ममता ने महाकुंभ को 'मृत्युकुंभ कहा। उन्होंने इसके 144 वाले संयोग पर सवाल उठाया वह अलग बात है लेकिन महाकुंभ को 'मृत्युकुंभ कह कर उन्होंने ऐसा विवाद खड़ा किया, जिस पर समूचे विपक्ष को सफाई देनी पड़ी। सोचें, खुद ममता बनर्जी अपने यहां कुंभ की ही तरह का बड़ा गंगासागर मेला आयोजित करती हैं।




**मेष राशि:** आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज धैर्य और सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी।

**वृष राशि:** आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**मिथुन राशि:** आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी।

**कर्क राशि:** आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। किसी पुराने दोस्त से मिलने का मौका मिलेगा।

**सिंह राशि:** आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे।

**कन्या राशि:** आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा। आपको बॉस से इंसेंटिव मिल सकता है। कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

**तुला राशि:** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। बिजनेस में आपको बड़ा फायदा होने के संकेत हैं। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे।

**धनु राशि:** आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा।

**मकर राशि:** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के कुछ सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे।

**कुंभ राशि:** आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे।

**मीन राशि:** आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा।

# होली सिर्फ त्योहार ही नहीं, वैज्ञानिक और सामाजिक अनुष्ठान भी



डा मनमोहन प्रकाश

होली भारत में प्रति वर्ष चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाने वाला न सिर्फ एक प्रमुख त्योहार है, बल्कि इसमें वैज्ञानिक और सामाजिक संदेश भी छिपे हुए हैं। यह पर्व सनातन संस्कृति में सदियों से समाज को जोड़ने, प्रकृति को संतुलित रखने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

धार्मिक दृष्टि से देखा जाए तो यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय को स्थापित करता है ,बुरे लोगों के स्थान सच्चे और अच्छे लोगों को चुनने और उनके साथ खड़े होने की बात करता है। इसके मूल में जहां प्रह्लाद का ईश्वर के प्रति समर्पण, भक्ति और सदाचरण के कारण अंततः विजय हाथ लगना है,वहीं हिरण्यकश्यप का अहंकार और अपने आप को ईश्वर समझने की भूल के कारण पतन होना है। प्रह्लाद की बुआ होलिका का अपने भाई हिरण्यकश्यप की बुराइयों का साथ देते हुए अपने भतीजे को अग्नि में जलाकर भस्म करने की कोशिश कबीर के उस दोहे को चरितार्थ करती है जिसमें कहा गया है "बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिल्या कोय,जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय"। होलिका दहन इसी कड़ी में बुराई के नाश और सत्य की विजय का प्रतीक है। यह प्रसंग मानव को याद दिलाता है कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आएं, पीढ़ा सहनी पड़े जीत हमेशा सच्चाई का साथ और ईश्वर के प्रति आस्था रखने वाले की होती है।

वैज्ञानिक दृष्टि से यदि इस त्योहार को देखा जाए तो होली का आयोजन कुछ ऐसे समय होता है जब मौसम में बदलाव आ रहा होता है, अर्थात सर्दी समाप्त हो रही होती है और गर्मी का आगमन होता है।यह संधिकाल(न ज्यादा ठंड और न ज्यादा गर्मी) सामान्यतः रोगाणुओं के पनपने और मानव शरीर पर आक्रमण के लिए उपयुक्त रहता है। हमेशा कम इम्यूनिटी वाले लोगों को ही रोगाणु अपना शिकार बनाते हैं और संक्रमण जनित रोगों को विस्तारित होने का अवसर मिल जाता है। अतः इस त्योहार के पीछे का विज्ञान मानव को अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान और सचेत रहने के लिए आगाह करता है। वैज्ञानिकों का यह भी विचार है कि होली को सनातन संस्कृति में सामुहिक रूप से (ईष्ट मित्रों, परिवार जनों, आस-पड़ोस के साथ), आनंद का अनुभव करते हुए हर्ष- उल्लास (उमंग,उत्साह, नृत्य, संगीत और रंगों) के वातावरण में बेहतर खान-पान (पकवान) को महत्व देते हुए ईश्वर के प्रति कृतज्ञता और समर्पण व्यक्त करते हुए मनाने से जहां एक ओर मानव शरीर में हेप्पी हार्मोन की वृद्धि होती हैं, वहीं इस दौरान सक्रियता अधिक होने के कारण रक्त संचार बेहतर होता है।कुल मिलाकर हार्मोन का पोजिटिव प्रभाव, सोच का सकारात्मक होना, वातावरण का मनभावन होना , खान-पान का पोष्टिक और मनोनुकूल होना हैप्पी हार्मोन के आनंददायी प्रभाव को बढ़ाता है तथा प्रतिरोधक तंत्र को रोगाणुओं से लड़ने के लिए मजबूती प्रदान करता है।समग्र प्रभाव जीवन में खुशियां लाता है, अंदर से आनंद को महसूस कराता है,घर के माहौल को खुशनुमा बनाता है, तनाव को कम करता है।

पुरातन समय में जब वनों की तथा पेड़ पौधों की बहुतायत थी तब ऊंची ऊंची होलिकाओं के दहन से निकली उच्च ताप वाली अग्नि की ज्वालाओं को वातावरण में स्थान ले चुके रोगाणुओं के नाश के एक उपाय के रूप में देखा जाता था। किन्तु आज जब रोगाणुओं को नष्ट करने के लिए कई चिकित्सीय विधियां उपलब्ध हैं ,वहीं दूसरी तरफ जंगलों को विविध कारणों से पहले ही संकुचित और सीमित किया जा चुका है,तब समय की मांग के अनुसार होलिका का सांकेतिक रूप में दहन ही उचित है वो भी गाय-भैंस के गोबर से बने उपलों का उपयोग करते हुए।इस तरह यह त्योहार हरियाली को संरक्षित करने का संदेश देता है। सनातन के त्योहारों की विशेषता ही यही है कि वे समय के अनुसार अपने में बदलाव लाते हैं।

प्राचीन समय में होली में प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया जाता था, जो फूलों या औषधीय पौधों से बनाए जाते थे। इनमें टेसू के फूल, चंदन, हल्दी और नीम आदि का उपयोग किया जाता था। आर्युवेद के अनुसार ये वनस्पतियां त्वचा और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि आज प्राकृतिक रंगों का स्थान रसायनिक रंगों ने ले लिया है जिनका मानव शरीर पर उपयोग हानि पहुंचा सकता है,लाभ तो किसी भी कीमत पर नहीं। अच्छी बात यह है कि अब बाजार में होली खेलने के लिए प्राकृतिक रंग और गुलाल मिलने लगे हैं और समझदार लोगों ने उनका उपयोग भी आरंभ कर दिया है। कुछ धार्मिक स्थलों पर तो रंगों को फूलों की रंग-बिरंगी पंखुड़ियों ने विस्थापित कर दिया है। विज्ञान का भी यही संदेश है कि आज के मानव को होली सहित सभी त्योहारों को पर्यावरण को प्रदूषित किये बिना मनाना चाहिए, क्योंकि मानव जनित प्रदूषण जल, वायु, पृथ्वी के साथ ध्वनि को भी प्रदूषित कर रहा है। यहां यह ध्यान देना होगा कि होली एक ऐसा ही त्योहार बनता जा रहा है जहां इसके मनाने का विकृत रूप पर्यावरण के विविध घटकों को कम या ज्यादा दूषित कर सकता है। जबकि पानी की सीमित उपलब्धता मानव को इसके अपव्यय से बचने का सुझाव देती है।

होली का किसानों से भी गहरा संबंध है। किसान इसे उत्सव के रूप में लेते हैं क्योंकि रबी की फसल (गेहूं, जौं,चने) पक कर कटाई के लिए तैयार रहती है। यदि पैदावार अच्छी है तो किसान उत्साह, उमंग, खुशी का अनुभव करते हैं।इसी खुशी में किसान फसल को भोग के रूप में अग्नि को समर्पित करते हैं, भूनकर (होलक) खाते हैं।

कुछ किसान परिवारों में खेत में होली जलाने की परंपरा है।इन किसानों का मानना है कि यह परंपरा खेतों को कीटों और बुरी शक्तियों से बचाता है ।आज के वैज्ञानिक युग में, जहां कीटों को नियंत्रित करने की प्राकृतिक और रासायनिक विधियां उपलब्ध है तब पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले उपायों का विकल्प तलाशना चाहिए।

सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो इस त्योहार का महत्व बहुत ज्यादा है, और इसका कारण है इस त्योहार को भारतीयों द्वारा अपने पूराने सारे मतभेद तथा गिले-शिकवे भूलकर परिवार,मित्र मंडल,समुदाय , समाज तथा पड़ोसियों के साथ हंसी खुशी से मनाना।अथार्त होली मानव समाज को आपसी मेल-जोल बढ़ाने की सलाह देती है, आपसी प्रेम, भाई चारा, एकता , सद्भावना, समरसता को विस्तार देने पर जोर देती है।

अतः मेरा ऐसा मानना है कि होली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि वैज्ञानिक, सामाजिक और पर्यावरणीय अनुष्ठान है।यह अवसर है पारिवारिक एकता तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने का, सामाजिक बुराईयों को अच्छाइयों से जीतने का , प्रकृति और स्वास्थ के प्रति सजग रहने का, किसानों की खुशियों में सम्मिलित होने का है और जीवन में आनंद और खुशियों के महत्व को समझने का।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

# रविशंकर प्रसाद का अचानक पैर पकड़ने लगे नीतीश कुमार, फिर गले से लगाया



**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में आज एक बार फिर से अजीबो-गरीब नजारा देखने को मिला. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद पांव छूने लगे. हालांकि बाद में उन्होंने गले से लगाया. रविशंकर प्रसाद का पैर पकड़ने लगे नीतीश : दरअसल, बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद के द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया था. मुख्यमंत्री नीतीश भी इसमें शामिल होने पहुंचे थे. अचानक नीतीश कुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद का पैर पकड़ने के लिए झुके.

## रुके, फिर गले से लगाया

नीतीश कुमार के साथ जेडीयू के राज्यसभा सांसद संजय झा भी मौजूद थे. ज्योंहि नीतीश कुमार झुकने लगे तो संजय झा और खुद रविशंकर प्रसाद ने उन्हें रोका. इसके बाद नीतीश कुमार ने रविशंकर प्रसाद को लगे से लगाया. सीएम के आसपास मौजूद सभी लोग यह नजारा देखकर हैरान हो गए.

## गुलाल और फूलों की होली

होली गीत के बीच रविशंकर प्रसाद ने मुख्यमंत्री को गुलाल लगाया. वहीं मुख्यमंत्री ने भी रविशंकर प्रसाद के साथ फूलों की होली खेली. मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी फूलों की होली खेलते नजर आए. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ पहुंचे थे. नेताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाया.

## कुछ ही देर रुके मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बिहार स्काउट एंड गाइड में सुरक्षा के सख्त एग्जाम किए हुए गए थे. मुख्यमंत्री ज्यादा देर रुक नहीं, कुछ ही देर में होली खेल कर निकल गए.

## नीतीश कुमार बीजेपी के सामने झुक गए

जब यह तस्वीर सामने आयी तो विपक्ष को मौका मिल गया. ऐसे में आरजेडी प्रवक्ता एजाज अहमद ने उनपर तंज कसा. सीएम नाम की घोषणा को लेकर घेर लिया. राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा है कि हमारे नेता शुरू से कह रहे हैं कि नीतीश कुमार बीजेपी के सामने झुक गए हैं. अब साफ-साफ दिखता है. कितना झुकेंगे यह भी जनता देख रही है. क्यों झुके हैं ये भी जनता जान रही है. अब इनका कुछ चलता नहीं है. राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि तेजस्वी यादव लगातार कहते हैं कि अब नीतीश कुमार को कुछ समझ में नहीं आ रहा है. आज फिर एक मंजर दिख ही गया. लगातार ऐसा ही दिखेगा. इनको (नीतीश कुमार) और बीजेपी के सामने झुकना पड़ेगा. तब भी इनके सीएम नाम की घोषणा बीजेपी नहीं करेगी, ये भी आप देख लीजिएगा.-

## पहले भी कई बार पैर पकड़ने लगे हैं नीतीश

नीतीश कुमार इससे पहले भी कई बार दूसरे के पैर छूने को लेकर सुर्खियों मे रह चुके हैं. 3 नवंबर 2024 को चित्रगुप्त पूजा के दौरान पूर्व सांसद और उद्योगपति रविंद्र किशोर सिन्हा का पैर छुआ था. 7 जून 2024 को दिल्ली में ऑल इंडिया एनडीए पार्टियों की बैठक में नीतीश कुमार पीएम मोदी का पैर छूने लगे थे. हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पकड़ लिया था. 10 जुलाई 2024 को पथ निर्माण विभाग के कार्यक्रम के दौरान अधिकारी प्रत्यय अमृत का पैर पकड़ने के लिए आगे बढ़ गए थे.

## कौन बड़े नीतीश या रविशंकर ?

रविशंकर प्रसाद से उम्र में सीएम नीतीश कुमार बड़े हैं. जहां रविशंकर प्रसाद की उम्र 70 साल है. वहीं नीतीश कुमार 74 साल के हैं. नीतीश का जन्म 1 मार्च 1951 को हुआ था. वहीं रविशंकर प्रसाद का जन्म 30 अगस्त 1954 को हुआ था. ऐसे में अपने से छोटे रविशंकर प्रसाद के पैर छूने की कोशिश पर नीतीश कुमार की खिल्ली उड़ रही है.

**संक्षिप्त समाचार**

## साहित्य में एआई की भूमिका अनुपयोगी : डॉ. मिश्र

**दरभंगा, एजेंसी।** संस्कृत में अनुवाद के क्रम में अनेक भाषाओं के शब्दों का प्रयोग हुआ है। शब्द की दृष्टि से संस्कृत भाषा समृद्ध भाषा है। साहित्य से इतर विषयों में मशीनी अनुवाद (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) मददगार हो सकता है, लेकिन साहित्य में यह कदाचित उपयोगी नहीं है। पूर्व भारतीय भाषा समिति, नई दिल्ली एवं कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय संस्कृत अनुवाद दक्षता संवर्धन कार्यशाला में शांति निकेतन, पश्चिम बंगाल के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. अरुण रंजन मिश्र ने उक्त बातें कही। संस्कृत में प्रयुक्त शब्दों के अनुवाद में प्रयोग विधि पर चर्चा करते हुए डॉ. मिश्र ने कहा कि जिस ग्रंथ का प्रभाव एवं प्रसिद्धि समाज में सबसे ज्यादा हो उसका अनुवाद आवश्यक होता है। अनुवादकों की योग्यता की चर्चा करते हुए कहा कि अनुवादक को जिस भाषा से जिस भाषा में अनुवाद करना है- उन दोनों भाषाओं का ज्ञान आवश्यक है। भाषा के साथ संस्कृतियों का ज्ञान भी जरूरी है। मात्र शब्दों का अनुवाद करने से अनुवाद की पूर्णता नहीं होती, अपितु उनका भाव भी व्यक्त होना आवश्यक है। संस्कृत भाषा में एक शब्द के लिए अनेक पर्यायवाची शब्द उपलब्ध हैं। शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करना चाहिए। पीआरओ निशिकांत ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन पूर्व कुलपति प्रो. रामचंद्र झा, कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय, डीएसडब्ल्यू डॉ. शिवलोचन झा, डॉ. ममता पांडेय ने किया। संयोजक डॉ. यदुवीर स्वरूष शास्त्री ने विषय प्रवर्तन करते हुए सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में सीसीडीसी डॉ. दिनेश झा, डॉ. शंभु शरण तिवारी, डॉ. रितेश कुमार चतुर्वेदी, डॉ. एल सविता आर्या सहित लगभग 40 प्रतिभागी शामिल रहे।

## मुंगेर में मालगाड़ी के दो डिब्बे नाले में गिरे

### जमालपुर रेल इंजन कारखाना में शटिंग के दौरान घटना, दो महीने पहले भी हुआ था हादसा



**मुंगेर, एजेंसी।** जमालपुर रेल कारखाना परिसर में शनिवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात शंटिंग के दौरान मालगाड़ी के दो डिब्बे ब्रेकर तोड़कर आगे बढ़ गए। ये डिब्बे सुरक्षा दीवार को तोड़ते हुए जंघीरा मोहल्ले के पास स्थित नाले में जा गिरे। घटना से रेल परिचालन प्रभावित नहीं हुआ। हादसे के समय घटनास्थल से महज 50 मीटर की दूरी पर जंघीरा रेलवे अंडरपास की मरम्मत का काम चल रहा था। सूचना मिलते ही रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर भी जवानों के साथ घटनास्थल पर आए।

**दो महीने में दूसरी घटना :** बता दें कि रेल कारखाना जमालपुर में बीते? दो महीने में इस तरह की यह? दूसरी घटना घट चुकी है।? कारखाने में बीते 23 जनवरी को? भी मालगाड़ी के डिरेलमेंट की? बड़ी घटना हुई थी। तब घंटों ?जमालपुर-किउल रेलखंड पर? परिचालन बाधित रहा था। मालदा? की टीम ने तत्परता से मलबा? हटाकर ट्रेनों का संचालन शुरू ?कराया था। घटनास्थल पर?मौजूद रेलकर्मियों के मुताबिक,?पटरियों के समुचित रख-रखाव?में कमी हादसे की वजह हो?सकती है। हालांकि रेलवे के?अधिकारी इस पर अभी कुछ भी?कहने से बच रहे हैं।?

**सड़क किनारे रहती आबादी:** स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार की देर शाम अचानक तेज आवाज सुनाई दी। नाले के पश्चिमी छोर से करीब साढ़े तीन फीट ऊपर जमालपुर-किउल रेलवे ट्रैक है। पूर्वी छोर पर पांच फीट की दूरी पर मुख्य सड़क है, जिसके किनारे हजारों की आबादी बसी है।

**रखरखाव में कमी से हो रही परेशानी:** रेलकर्मियों का कहना है कि पटरियों के समुचित रखरखाव में कमी हादसे की वजह हो सकती है। हालांकि, रेलवे अधिकारी इस विषय पर कोई टिप्पणी करने से बच रहे हैं।



# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार भारत को प्रो-एक्टिव स्टेप लेना चाहिए: श्री श्री रविशंकर

**पटना, एजेंसी।** द आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर इन दिनों बिहार दौरे पर हैं. राजधानी पटना में उनकी आध्यात्मिक क्लास लगी. ज्ञान भवन में 1000 से अधिक लोग रविशंकर की पाठशाला में उपस्थित हुए. हजारों की संख्या में मौजूद लोगों के साथ उन्होंने संवाद स्थापित किया. इस दौरान लोगों के मन में जो सवाल थे, उसके जवाब दिए. लगभग 2 घंटे के सेशन में श्री श्री ने कई मुद्दों पर प्रकाश डाला और लोगों को जीवन जीने की कला सिखाई.

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर क्या बोले ?

जब श्री श्री रविशंकर से सवाल पूछा कि विश्व के कई देशों में युद्ध चल रहे हैं. युद्ध की स्थिति में भारत को तटस्थ रहना चाहिए या फिर सत्य का साथ देना चाहिए. उन्होंने कहा कि मैंने यूक्रेन युद्ध की भविष्यवाणी पहले की थी. श्री श्री रविशंकर ने कहा कि साल 2017 में मैं यूक्रेन की संसद को संबोधित करने गया था और उन दिनों यूक्रेन में अशांति की स्थिति थी रशियन बोलने वालों के साथ सरकार दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही थी, जैसा कि अतीत में श्रीलंका के अंदर देखने को मिला था. तमिल बोलने वालों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया गया था. रूस यूक्रेन युद्ध में भारत तटस्थ है. मेरी समझ से भारत के लिए तटस्थ रहने की नीति सही है.

## बांग्लादेश के हिंदुओं को भारत पर भरोसा

वहीं, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर श्री श्री रविशंकर ने कहा कि बांग्लादेश के अंदर शांति की स्थिति है और वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है. भारत सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेनी चाहिए. श्री श्री रविशंकर ने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं को भारत से उम्मीद है और भारत की सरकार को हिंदुओं की रक्षा के लिए प्रोएक्टिव स्टेप लेनी चाहिए.

श्री श्री रविशंकर ने कहा कि हिंदुओं के प्रति जो अत्याचार कर रहे हैं बांग्लादेश में, हिंदुस्तान चुप है. हिंदुस्तान को बहुत प्रो एक्टिव स्टेप लेना चाहिए. अगर मुझसे पूछिये तो हमें युक्तिपूर्ण चलना चाहिए, ये तो आवश्यक है. रशिया-यूक्रेन वार में तटस्थ हैं, वो तो ठीक लेकिन बांग्लादेश मामले पर तटस्थ नहीं रहना चाहिए. हमें इस बारे में सोचना चाहिए.-

## वैक्सीन से जा रही है लोगों की जान

श्री श्री रविशंकर ने कहा कि कोरोना वायरस मैन मेड वायरस है. वैक्सीन के साइड इफेक्ट हैं, लोगों की जान जा रही है. इससे बचने के लिए लोगों को ओजोन थेरेपी का सहारा लेना चाहिए. श्री श्री रविशंकर ने कहा कि मैं भी वैक्सीन नहीं लिया था. जो दवा मैंने बनाई थी, उसको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है और सैकड़ों लोग स्वस्थ भी हुए.

## सनातन को लेकर क्या बोले ?

श्री श्री रविशंकर ने कहा कि सनातन एक चमकता हुआ सूर्य है. इस पर जो पत्थर फेंकेगा, वह पत्थर वापस उसी को आकर लगेगा. सोमनाथ में स्थापित शिवलिंग को लेकर श्री श्री रविशंकर ने कहा कि शिवलिंग को नष्ट करने वाले खुद नष्ट हो गए. श्री श्री रविशंकर ने कहां की हजारों साल पहले गजनवी ने शिवलिंग के टुकड़े किए थे और उन्हें अग्निहोत्री लोगों ने दक्षिण भारत में सुरक्षित रखा. इस शिवलिंग को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बाद निकाला गया और आज वह सोमनाथ में पधार चुका है.

## फुटकर विक्रेता की मौत पर मांगा दस लाख का मुआवजा

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य विपिन बिहारी यादव ने फुटकर विक्रेता महेंद्र शाह की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त किया है। पुलिसिया कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए डीएसपी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर एक जांच कमेटी गठित करने की मांग किया है। परिवार को तत्काल प्रभाव से सरकार सरकारी नौकरी और 10 लाख का मुआवजे की भी मांग की है।

# होली दूसरों के संग खुशी मनाने का त्योहार

**दरभंगा/ बिरौल, एजेंसी।** होली का त्यौहार केवल रंगों का पर्व नहीं है बल्कि यह पर्व हमें जीवन में आनंद की अनुभूति तथा दूसरों के साथ खुशी मनाते हुए जीने का संदेश भी देता है। ये बातें सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने शनिवार को बिरौल में भाजपा की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में कही। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा पूर्वी के जिलाध्यक्ष विनय पासवान व भाजपा नेता मणिकांत मिश्रा सहित सभी मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं ने सांसद को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी। मौके पर पार्टी नेता श्रवण चौधरी, मंडल अध्यक्ष हीरा ठाकुर, पिंटू झा, विकास विवेक चौधरी आदि ने जोगीरा गाया। इस मौके पर भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने होली मिलन का आनंद लिया।

## होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

बेनीपुर में अयाची मिथिला महिला कॉलेज पर महिला सम्मान दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर व डॉ. बैद्यनाथ चौधरी बैजू का सम्मान किया गया। उन्होंने डॉ. रेणु कुमारी, डॉ. सुनीता झा, प्रो. सुनीता कुमारी व डॉ. हीरा कुमारी को महिला सम्मान के रूप में सम्मानित किया। संचालन प्रो. देवेंद्र कुमार झा एवं डॉ. रामसेवक ठाकुर ने किया। रामबाबू झा, भगवान बाबू झा व संजय ठाकुर ने होली की प्रस्तुति की। प्राचार्य प्रवीण कुमार मिश्रा ने अतिथियों का सम्मान किया। मौके पर कॉलेज कर्मी डॉ. रमन कुमार झा, डॉ. राजेंद्र साह, प्रो. विजय कुमार झा, प्रो. विनय मिश्रा, प्रो. तारानंद ठाकुर, लेखापाल विजय कुमार झा आदि थे।

# बेकाबू ट्रक ने ऑटो सवार को कुचला, हादसे में महिला और बच्चा समेत 4 की दर्दनाक मौत



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** बिहार के सीतामढ़ी में सड़क हादसा हुआ है. जिले के बरियारपुर में अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो पर सवार सभी लोगों को रौंद दिया. हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है. प्रशासन ने कहा कि मरने वालों में एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है. हालांकि एक्सीडेंट के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया.

**टक्कर के बाद ऑटो पर चढ़ा ट्रक:** शनिवार रात सोनबरसा-सीतामढ़ी एनएच 77 पर बरियारपुर फोरलेन के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी. हादसे के बाद ट्रक ऑटो के ऊपर चढ़ गया. स्थानीय बाइक सवार रामबाबू कुमार ने बताया कि मैं बाइक से आ रहा था. ट्रक बेकाबू था. सोनबरसा से आ रहा था, मुझे भी ओवरटेक कर रामनगरा के पास चांप दिया. मैं 2 इंच से बच गया. मैं गड्ढा में जाकर खड़ा हुआ और जबतक यहां पहुंचा तो देखा कि टेंपो में टक्कर मार दिया था.

**मरने वालों में महिला और बच्चा भी शामिल:** मृतक की पहचान भुतही थाना क्षेत्र के मधेसरा हनुमान नगर निवासी सोगारथ साह के पुत्र भरत साह, भरत साह की पत्नी अंजली देवी, भाई लालू साह की 5 वर्षीय पुत्री रीता कुमारी और ऑटो चालक पुनौरा थाना क्षेत्र के मधुबन गांव निवासी सत्येंद्र राम के रूप में हुई है. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है. साथ ही उप चालक लगमा आजमगढ़ के रहने वाले मोहम्मद कलाम को गिरफ्तार कर लिया है. टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में सवार यात्रियों के शव ट्रक में फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस और ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. वहीं, सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ रामकृष्णा मौके पर पहुंचे और जांच के आदेश दिए. हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया. परिजनों ने बताया कि सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे. उसी दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी. हादसे में महिला और बच्चा समेत 4 लोगों की जान गई है, जबकि कई लोग घायल हैं. सीतामढ़ी सदर डीएसपी का कहना है कि खाली ट्रक और टेंपो में टक्कर हुई है. तीन व्यस्क और एक बच्चे की लाश बरामद की गई है. मरने वालों में महिलाएं शामिल हैं. ट्रक चालक फरार हो गया है. एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है. मामले में कार्रवाई की जा रही है.

# भाई ने बहन की हत्या कर तालाब में फेंका शव

## घटना के बाद से प्रेमी लापता गांव के ही लड़के से 3 साल से था अफेयर, आरोपी गिरफ्तार

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के कटेया थाना क्षेत्र में एक भाई ने अपनी बहन की हत्या कर दी। जिसका शव शेख बेईली चवर के पोखर से बरामद किया गया है। मृतका की पहचान राजापुर महंत गांव निवासी अकलू महतो की बेटी पूजा कुमारी(18) के रूप में की गई है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पूजा का मगहिया गांव निवासी धर्मेंद्र खटीक के साथ तीन साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। परिवार और गांव वालों को इस बारे में पता था। दोनों को कई बार समझाया गया, लेकिन वे अलग नहीं होना चाहते थे। तभी शुक्रवार को दोनों घर से लापता हो गए। जिसे लेकर धर्मेंद्र के पिता राम बराई खटीक ने कटेया थाना में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका बेटा 7 मार्च को दिवलिया बाजार में किसी समारोह में गया था और वापस नहीं लौटा।

## प्रेमी के साथ देख की हत्या

पुलिस ने जांच के दौरान पूजा के भाई रमेश महतो को हिरासत में लिया। पूछताछ में रमेश ने कबूल किया कि उसने बीती रात शेखबली चवर में अपनी बहन को धर्मेंद्र के साथ देखा। गुस्से में आकर उसने बहन की गला दबाकर हत्या कर दी और उसके शव को तालाब में फेंक दिया। जिसके बाद शनिवार की शाम पुलिस ने मछुआरों की मदद से तालाब में जाल डालकर पूजा का शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी रमेश को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि धर्मेंद्र अभी फरार है। हालांकि लापता लड़के की सूचना पुलिस को अभी तक नहीं मिल पाई है। पुलिस ने शव के आसपास में ही एक लावारिस हालत में बाइक भी जब्त की है।बताया जाता है कि यह बाइक लापता धर्मेंद्र खटीक की है।



## लड़के की लापता होने की आशंका

कटेया थानाध्यक्ष किशोर चौधरी ने बताया कि धर्मेंद्र खटीक के परिजनों द्वारा आवेदन दिया गया था, जिसमें धर्मेंद्र की लापता होने की बात कही गई थी। साथ ही कुछ लोगों पर अपहरण का आशंका जाहिर की गई थी। जिसके निशानदेही पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। जिसकी निशानदेही युवती का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में छानबीन शुरू कर दी है। लेकिन अब तक अपहृत युवक धर्मेंद्र खटीक का कुछ सुराग नहीं ले सका है।

# बजट में सम्राट की घोषणा पर अमल शुरू, बिहार के इन शहरों में पिंक बस का डेट तय



**पटना, एजेंसी।** बिहार में महिलाओं का सफर सुविधाजनक और सुरक्षित हो, इसके लिए पिंक बस लाने की तैयारी जोरों पर है। इसकी सुविधा अप्रैल के पहले सप्ताह से मिलनी शुरू होगी। पहले चरण में पटना, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में यह सेवा शुरू की जाएगी। इसके लिए 20 पिंक बस तैयार कर ली गयी है। इसको 31 मार्च तक पटना लाया जाएगा। इसमें दस बस पटना में और पांच-पांच बस भागलपुर और मुजफ्फरपुर में चलायी जाएगी। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी में बजट में इसका ऐलान किया था। बता दें कि बिहार सरकार ने इस बार के बजट में पिंक बस की सुविधा देने की घोषणा की है। इसके तहत महिलाओं को आने-जाने में सुविधा हो, इसके लिए पिंक बस चलायी जाएगी। राज्य के हर प्रमुख शहरों में पिंक बस चलायी जाएगी। पहले चरण की तैयारी बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने शुरू कर दी है। निगम की मानें तो पिंक बस को एसएमएल एपसू जू नाम की एजेंसी ने तैयार किया है। बस को पूरा गाढ़ा गुलाबी रंग का बनाया है। आगे-पीछे चारों तरफ गुलाबी रंग है। बस में 60 से 70 सीटें होंगी। तीनों शहरों में एक ही दिन एक साथ बस का परिचालन शुरू होगा।

**महिला ड्राइवर के लिए एजेंसी चिह्नित :** पिंक बस को चलाने के लिए परिवहन निगम की ओर से महिला ड्राइवर की खोज भी शुरू कर दी गई है। इसके लिए एजेंसी का चयन किया गया है। संबंधित एजेंसी के माध्यम से महिला ड्राइवर लिये जाएंगे। ड्राइविंग लाइसेंस की जांच होगी। अनुभव देखा जाएगा। कई चरणों में जांच के बाद ही महिला ड्राइवर रखी जाएगी। कुल 20 ड्राइवर और 20 कंडक्टर को रखा जाएगा। इसके अलावा दस ड्राइवर और रखीं जाएंगी जिससे किसी तरह की दिक्कतें होने पर ड्राइवर को रिप्लेस किया जा सकेगा।

**स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों का विशेष ध्यान :** बस के मार्ग तय करने में स्कूल और कॉलेज का समय का ख्याल रखा जाएगा। बस उसी मार्ग में चलेगी जिससे अस्पताल पहुंचना आसान हो। स्कूल और कॉलेज की छात्राओं को पहुंचने में आसानी हो। कोशिश की जाएगी कि राजधानी पटना और इसके आसपास की जगहों पर पहुंचने में महिलाओं को निजी बस, ऑटो आदि का सहारा नहीं लेना पड़े।

# नवादा में गैस सिलेंडर वाली मैजिक वैन में आग:खाली सिलेंडर से भरी गाड़ी जली



## चालक सुरक्षित; बड़ा हादसा टला

**नवादा, एजेंसी।** नवादा में एक बड़ा हादसा टल गया। पकरीबरावां प्रखंड के राजे बीघा गांव के पास गैस सिलेंडर ढोने वाली मैजिक वैन में अचानक आग लग गई। गाड़ी के मालिक मुरारी मोहन के अनुसार, चालक गुलनी गांव में भरे सिलेंडर उतारने के बाद खाली सिलेंडर लेकर लौट रहा था। वाहन खड़ा करके आराम करने के दौरान अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही पकरीबरावां थाना प्रभारी रंजीत कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की गाड़ी पहुंचने से पहले ही मैजिक वैन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

**आग लगने के कारणों की जांच कर रही पुलिस :** पुलिस जांच में सामने आया कि वाहन में रखे सभी सिलेंडर खाली थे। इसी कारण कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। गाड़ी मालिक ने इस संबंध में आवेदन दिया है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया कि गाड़ी मालिक की ओर से थाना में आवेदन दिया गया है। फिलहाल, किसी प्रकार की कोई बड़ी घटना नहीं घटी है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर फायर विभाग की टीम को बुलाकर आग पर काबू पा लिया गया है। अचानक गाड़ी में आग लगी है, कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।

# झकरकटी में बनेगी अब आठ मंजिला इमारत, तीन साल तक बंद रहेगा बसों का संचालन, 143 करोड़ से होगा निर्माण



**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर में तीन माह के भीतर झकरकटी बस अड्डा की सूरत बदलने लगेगी। पीपीपी मॉडल के तहत यहां अब सात की जगह आठ मंजिला बहुउद्देशीय इमारत बनाई जाएगी जिससे यात्रियों को सुविधाएं मिलेंगी। इसमें दो बेसमेंट भी होंगे। निर्माण के लिए कंपनी का चयन भी कर लिया गया है। यह कार्य 143 करोड़ रुपये से होगा। इस काम को कराने में करीब तीन साल लगेंगे। इस कारण यहां से बसों का संचालन नहीं किया जाएगा।

निर्माण कार्य के लिए टेंडर भी हो गया है जो पंजाब की कंपनी सीगल कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। कंपनी के अधिकारी यहां आकर निरीक्षण कर चुके हैं। साथ ही मंडलायुक्त के साथ तीन बार बैठक भी कर चुके हैं। बस अड्डे के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी ने बताया कि निर्माण कार्य की वजह से करीब तीन साल तक झकरकटी से बसों का संचालन बंद करना पड़ेगा।

**हर दिन 1000 बसों की होती है आवाजाही:** इस दौरान बस अड्डा जीटी रोड पर सीओडी पुल के पास ले जाया जाएगा। राज्य सड़क परिवहन निगम कानपुर परिक्षेत्र ने यहां कैंट बोर्ड से जमीन किराये पर ली है। बस अड्डा शुरू करने के लिए भूमि समतलीकरण का काम झकरकटी बस अड्डा बनाने वाली कंपनी करेगी। झकरकटी बस अड्डे से हर दिन 1000 बसों की आवाजाही होती है।

**बस अड्डे का पीपीपी मॉडल पर विकास कराने की तैयारी:** यहां से बांदा, चित्रकूट, उरई, झांसी, कानपुर देहात, गोरखपुर, गोंडा, बहराइच, वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, लखनऊ, दिल्ली, प्रयागराज आदि शहरों के लिए बसें संचालित होती हैं। साथ ही राजस्थान व मध्य प्रदेश की रोडवेज बसें भी आती हैं। बस अड्डे पर मेट्रो कार्य के लिए कुछ हिस्सा पहले ही अधिग्रहीत हो गया है। इससे बसों की पार्किंग की समस्या आ रही है। इसी के चलते बस अड्डे का पीपीपी मॉडल पर विकास कराने की तैयारी है।

**मेट्रो ने जमीन का किया अधिग्रहण, फिर बन रहा ले-आउट:** पूर्व में पांच एकड़ भूमि में बहुउद्देश्यीय इमारत के निर्माण के लिए स्वीकृत दी गई थी। बाद में मेट्रो ने और जमीन का अधिग्रहण कर लिया। अब फिर से ले-आउट बन रहा है, जो हफ्ते-दस दिन में पास होकर आ जाएगा। कार्य शुरू होने के बाद इसकी लागत बढ़कर 200 करोड़ तक जा सकती है।

### ये होंगी सुविधाएं

मॉल, होटल, रेस्टोरेंट, मल्टीप्लेक्स, सुपर स्पेशियलिटी, निचले खंड में यात्रियों के लिए वेटिंग रूम, फूड व किड्स जोन सहित अन्य सुविधाएं होंगी। साथ ही बड़ी स्क्रीनों पर बसों के आने-जाने का समय व प्लेटफार्म भी दर्शाया जाएगा जिससे यात्रियों को सहूलियत होगी।

### बस अड्डे के किनारे लगेंगे शेड

बस अड्डे के किनारे शेड लगाए जाएंगे। यहां विभिन्न रूटों की बसें आकर खड़ी होंगी। लंबी रूट की बसों को अलग व नजदीकी रूटों की बसों के लिए अलग शेड होंगे। परिवहन अधिकारियों की लखनऊ, कानपुर देहात व दिल्ली जाने वाली ज्यादातर बसों को ग्रीन सिटी बस अड्डे से संचालित करने की तैयारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल पर बात कर रहा युवक 120 फुट गहरे कुएं में गिरा, हुई मौत

**हाथरस , एजेंसी।** हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के नगला तजना के पास 7 मार्च की रात मोबाइल पर बात कर रहे युवक राहुल 120 फुट गहरे कुएं में गिरने मौत हो गई। वह खेत से आलू लादकर ला रहे थे, इस दौरान उनका ट्रैक्टर खराब हो गया। हादसे के वक्त वह अपने चाचा से बात कर रहे थे।

राहुल गांव बहानपुर का रहने वाले थे और 7 मार्च शाम ट्रैक्टर-ट्राली लेकर गांव नगला तजना में खेतों से आलू लेने गए थे। आलू लादने में उन्हें रात हो गई। वह ट्रैक्टर-ट्राली में आलू लादकर रहे थे, इस दौरान उनका ट्रैक्टर खराब हो गया। वह ट्रैक्टर से उतरकर मोबाइल पर अपने चाचा से ट्रैक्टर खराब होने के संबंध में बात कर रहे थे। इस दौरान वह रास्ते के किनारे चले गए और वहां स्थित करीब 120 फुट गहरा कुआं था। राहुल ने ध्यान नहीं दिया और उसमें वह गिर गए।

राहुल से फोन पर संपर्क टूटने पर परिजन मौके पर पहुंचे। कुएं में गैस बनी हुई थी और गहराई भी अधिक थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और दमकल मौके पर पहुंच गई। करीब चार घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद राहुल को कुएं से निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी।

### मुठभेड़ में गोवंश की हत्या के आरोपी के पैर में लगी गोली

**बहराइच , एजेंसी।** परसोहर गांव में हुई गोवंश की हत्या के आरोपी से शनिवार तड़के बसहिया जगत गांव के पास पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इसमें पुलिस की गोली से आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी को सीएचसी पहुंचाया गया है। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। गोली आरोपी के पैर में लगी है।

परसोहरा गांव में चार मार्च को गोवंश के रक्तरंजित शव खेत में मिले थे। जांच के दौरान इस मामले में अशरफ पुत्र शरीफुल निवासी ग्राम हरचन्दा की तलाश हो रही थी। शनिवार जांच के दौरान पुलिस व क्राइम ब्रांच को सूचना मिली की आरोपी अशरफ बाइक से कहीं जा रहा है। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, तभी अशरफ ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। वहीं, पुलिस की फायरिंग में गोली आरोपी के पैर में लग गई। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। उसे सीएचसी मुस्तफाबाद इलाज के लिए लाया गया। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. रवि ने बताया कि युवक के पैर में गोली लगी थी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

**इस मामले में थानाध्यक्ष हो चुके हैं निलंबित:** खेत में चार मार्च को गोवंशों के अवशेष मिले थे। इससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति थी। घटना को संज्ञान में लेकर एसपी ने तत्कालीन थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया था। वहीं टीम गठित कर घटना का खुलासा करने का आदेश दिया था। इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी।

### कपड़े की दुकान में लगी आग, सारा सामान जलकर राख

**बहराइच , एजेंसी।** थाना क्षेत्र के वजीरगंज बाजार स्थित कपड़े की दुकान में शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। करीब दस लाख का नुकसान बताया जा रहा है।

फखरपुर के वजीरगंज बाजार में मेराज अंसारी की कपड़े की दुकान है। शुक्रवार की रात मेराज अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। इसी दौरान देर रात दुकान में आग लग गई। दुकान से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने सूचना दुकान मालिक को दी। बढ़ती आग को देखते हुए ग्रामीणों ने दुकान का ताला तोड़कर आग बुझाने की कोशिश भी की। मौके पर पहुंचे दुकान मालिक भी ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पाया गया, लेकिन इस दौरान दुकान में रखा सारा कपड़ा व अन्य सामान जलकर राख हो गया। दुकान मालिक मेराज ने बताया कि करीब दस लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। अग्निकांड की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है।

## साथी की चांदी और डेढ़ लाख रुपये को हड़पने के लिए कारोबारी ने रची थी लूट की झूठी कहानी

**अलीगढ़ , एजेंसी।** बिसावर चौकी क्षेत्र के टीकैत बंबा के निकट शनिवार की देर शाम चांदी कारोबारी से लूटपाट की सूचना पुलिस जांच में झूठी निकली है। पुलिस का कहना है कि अपने साथी की चांदी बिक्री के डेढ़ लाख रुपये हड़पने के लिए उसने पुलिस को झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने नकदी बरामद कर ली है।



बिसावर निवासी कन्हैयालाल ने शनिवार की देर शाम पुलिस को सूचना दी थी कि टीकैत बंबा पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने उससे पांच किलो चांदी और डेढ़ लाख रुपये लूट लिए। सूचना पर पुलिस पहुंच गई थी। पुलिस ने करीब एक घंटे तक बदमाशों की तलाश की, लेकिन बदमाश नहीं मिले। कारोबारी से पूछताछ की तो वह पुलिस को इधर-उधर टहलाता रहा। उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने सच उगल दिया।

पुलिस के अनुसार कन्हैयालाल ने अपने पड़ोसी कारोबारी की चांदी को मथुरा में बेचा था, जिसका उसे एक लाख 58 हजार रुपये मिले थे। उसने रुपयों को महावन क्षेत्र के एक गांव में अपनी बहन यहां छिपा दिया था और टीकैत बंबा पर आकर लूटपाट की कहानी रच दी। पुलिस ने कन्हैयालाल का शांतिभंग करने में चालान किया है। सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि उक्त चांदी कारोबारी कन्हैयालाल ने लूट की झूठी सूचना दी थी। रुपये उसकी बहन के यहां से बरामद कर लिए गए हैं।

## तनाव से मुक्ति के लिए एकात्म अभियान के साथ कानपुर में जुटी संस्था हार्टफुलनेस की टीम रामवीर यादव



सुनील बाजपेई

**कानपुर।** दीर्घायु और और शारीरिक स्वस्थता के लिए अगर कोई ईश्वरीय वरदान है तो वह है योग और इस योग में भी प्राणायाम और ध्यान ही ऐसा है जो कि तनाव और चिंता से निजात दिलाने के मामले में किसी रामवाण से कम नहीं।

दरअसल यह प्राणायाम और ध्यान योग ही है ,जो पशु मानव से मानव एवं मानव से देव मानव बनने की दशा में आगे बढ़ने में सफलता प्रदान करता है। यहां तक कि ध्यान और प्राणायाम के महत्व को समझते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार भी इस दिशा में सार्थक और सफल भूमिका निभा रही है। मसलन

भारत सरकार के संस्कृतिक मंत्रालय एवं श्री राम चन्द्र मिशन हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में सहज मार्ग के संस्थापक पूज्य श्री बाबूजी महाराज की 125वीं जयंती के अवसर पर ग्रामीण स्तर पर एकात्म अभियान चलाने के लिए गए निर्णय के मुताबिक इसका उद्देश्य ध्यान और योग के माध्यम से लोगों की विचारधारा में सकारात्मक परिवर्तन कराते हुए उनके हृदय को प्रसन्न और स्वस्थ रखना है।

इस अभियान का प्रारंभ स्थानीय स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन और हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में सरसौल ब्लॉक से किया गया। दयानन्द विहार स्थित हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के ध्यान केंद्र से इसका शुभारंभ संस्थान के वयोवृद्ध स्वयंसेवक रामजी पाण्डेय एवं राम मल्होत्रा द्वारा झंडी दिखा कर किया गया।

अगर हार्टफुलनेस संस्था की बात करें तो यह कर्म और ईश्वरी सत्ता में विश्वास रखने वाले रामवीर सिंह जैसे व्यवहार कुशल समाजसेवी प्रशिक्षकों के जरिए ईश्वर साक्षात्कार की दिशा में एक सरल एवं आसान पद्धति से लोगों की परिचित कराती है। इसके अलावा हार्टफुलनेस संस्था किसानों को वायओचार के मध्यम से उनकी उपज बढ़ाने के तरीके भी बताती है।

इस दिशा में जारी सफल प्रयासों के क्रम में भारत सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश के सचिव मुकेश मेश्राम के आदेश से सीडीओ श्री मती नेहा जैन द्वारा कानपुर के प्रत्येक ग्राम पंचायत में हार्टफुलनेस के स्वयं सेवी लोगों के सहयोग से ध्यान योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाने का सिलसिला अपने आप में कम सराहनीय नहीं।

### भारत सरकार के संस्कृतिक मंत्रालय के निर्देश पर लगातार हो रहा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

फिलहाल तनाव मुक्त और स्वस्थ जीवन के लिए हर दिन ध्यान हर दिल ध्यान ध्येय वाक्य के साथ भारत सरकार के तत्वाधान में चलाए जा रहे "एकात्म अभियान" और रामवीर सिंह तथा रंजना यादव की अगुवाई वाली संस्था हार्टफुलनेस का देश और समाज के हित में यह सफल प्रयास लगातार जारी है ,जिसके क्रम में प्रशिक्षक रामवीर सिंह, रंजना यादव, कुलदीप एवं निर्मला यादव द्वारा ग्राम पंचायत केंधा,गढ़ी सुजानपुर एवं सोना ब्लॉक कल्याणपुर के क़रीब 165 लोगों को तीन दिवस का प्रशिक्षण देकर स्वास्थ्य और तनाव मुक्त जीवन की दिशा में सफलता पूर्वक अग्रसर किया जा चुका है।

## काशी के संतों ने खालिस्तानियों को चेताया..., बोले- हिन्दू मंदिरों पर हमले बंद करो; मदनी के खिलाफ नाराजगी



**वाराणसी , एजेंसी।** कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स स्थित हिन्दू मंदिर पर हमले के विरोध में काशी के संतों ने अपनी नाराजगी जताई है। अखिल भारतीय सन्त समिति और गंगा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानन्द सरस्वती ने कहा कि ये हमला भारत और अमेरिका के संबंधों को खराब करने की सुनियोजित साजिश है। स्वामी जीतेन्द्रानन्द ने कहा कि इस हमले में खालिस्तानी भी लिप्त हो सकते हैं। भारत और अमरीकी सरकार को इसमें मिलकर काम करना होगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। ऐसी कार्रवाई जो हिन्दुओं के खिलाफ बुरा सोचने वालों के लिए एक सबक बने। सन्त समिति ने अमरीकी सरकार से मांग की कि अपने देश में हिन्दू मंदिरों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करे। इसी क्रम में स्वामी जीतेन्द्रानन्द ने मौलाना ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी पर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की।

### आगरा में बवाल: मस्जिद के बाहर कहासुनी के बाद पथराव, मच गई भगदड़...पुलिस को देख भागे उपद्रवी

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के कागारौल कस्बा में रविवार सुबह फिर से पथराव हो गया। सुबह-सुबह अचानक हुए पथराव से कस्बा में भगदड़ का माहौल बन गया। व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। धड़ाधड़ दुकानों के शटर गिरने लगे। 10-15 मिनट चले पथराव से कागारौल जगनेर मार्ग पर भगदड़ का माहौल बन गया। इस दौरान वाहनों का आवागमन भी रुक गया। शनिवार देर शाम को लगभग 8ः00 बजे मस्जिद में निर्माण कार्य को लेकर मुस्लिम समाज से दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। जिसमें दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ था। पुलिस ने रात में ही तकरीबन 10 से 12 लोगों को उठाकर थाने पर बंद कर दिया था। प्रकरण ने रविवार सुबह फिर तूल पकड़ लिया। फिर से तकरार हो गई और रविवार सुबह कागारौल जगनेर मार्ग थाने से 200 मीटर की दूरी पर 10 से 15 मिनट तक पथराव होता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर उपद्रवी भाग खड़े हुए। उपद्रवियों की पुलिस गली-गली में तलाश कर रही है। कागारौल जगनेर मार्ग पर भयभीत दुकानदारों ने दुकानों के शटर गिरा दिए हैं।

### पुरवा में अतिक्रमण अभियान में तोड़फोड़ का किया विरोध

**उन्नाव , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में कलक्ट्रेट जाकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। इसमें पुरवा में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में की गई तोड़फोड़ का विरोध किया। जिलाध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पंचायत पुरवा में सात मार्च को अतिक्रमण अभियान बिना नोटिस दिए और बगैर मुनादी कराए चलाया गया था। इससे व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को काफी नुकसान हुआ है। कहा कि एक ओर बिना सूचना के अचानक अभियान चालू कर दिया गया, वहीं होली का त्योहार नजदीक होने से इस तरह से अभियान चलाकर व्यापारियों को निशाना बनाया गया। उन्होंने प्रशासन के इस रवैया को तानाशाही करार दिया। कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन कार्य नहीं कर रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने प्रकरण की जांच कराकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## नकल के लिए छात्रों से वसूलते थे 30 हजार, 500 रुपये में सॉल्वरों से लिखवाते थे कॉपियां

**हरदोई , एजेंसी।** हरदोई जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान शुक्रवार को दो केंद्रों पर लखनऊ एसटीएफ की कार्रवाई से बड़े पैमाने पर नकल के रैकेट का खुलासा हुआ है। प्रश्नपत्र हल करवाने के लिए विद्यार्थियों से 20 से 30 हजार रुपये वसूले जाते थे। एक विषय की कॉपी लिखने के लिए सॉल्वर को 400 से 500 रुपये दिए जाते थे।

वहीं, जगन्नाथ सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक के आवास से 20 हल की हुई और 49 सादी कॉपियां मिली हैं। 65 प्रवेशपत्र सहित नकल के कई सामान भी मिले हैं। एक कार से भी 11 हल की हुई कॉपियां मिली हैं। उधर, दो केंद्रों से सॉल्वर पकड़े जाने के मामले में एसटीएफ ने शनिवार को 22 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**प्रबंधक और लिपिक समेत तीन की तलाश:** इसमें कॉलेज के प्रबंधक, केंद्र व्यवस्थापक और परीक्षा प्रभारी को भी नामजद किया गया है। 22 आरोपियों में से 19 को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 14 आरोपियों को जेल और पांच किशोर आरोपियों को बालसुधार गृह भेजा गया है। पुलिस को जगन्नाथ सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक और लिपिक समेत तीन की तलाश है।

**घर में रखवाया गया था कॉपियों को:** दलेलनगर में स्थित जय सुभाष महाबली इंटर कॉलेज में छापे के दौरान शुक्रवार को एसटीएफ ने नैरा निवासी केंद्र व्यवस्थापक राममिलन सिंह और उसके पुत्र परीक्षा प्रभारी मनीष सिंह को हिरासत में लिया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने एसटीएफ को बताया कि सॉल्वरों से लिखवाई गई कॉपियों को पास ही बने घर में रखवाया गया है।

**कार की तलाशी में मिलीं 11 कापियां:** एसटीएफ ने जब घर जाकर जांच की, तो वहां मौजूद दो लड़कियों ने दो कॉपी लिखने की जानकारी दी। यह भी बताया कि जो कॉपियां लिखी गईं हैं वह शिक्षक शारदा प्रसाद ले गए हैं। शारदा प्रसाद ने कॉपियों को परीक्षा प्रभारी की कार में रखे जाने की जानकारी दी। इस पर जब कार की तलाशी हुई तो कार में चालक की सीट के पीछे वाली सीट पर हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की लिखी हुई 11 कापियां मिलीं।

**केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर भी मिले:** एसटीएफ टीम के सामने केंद्र व्यवस्थापक और परीक्षा प्रभारी ने राजफाश किया कि



बाहर से हल कराई गई कॉपियों को अंदर विद्यार्थियों की ओर से लिखी कॉपियों से बदलकर बंडल में रखवा दिया जाता है, जबकि विद्यार्थी को दी जाने वाली कॉपी को नष्ट करा देते थे। एसटीएफ को बाहर और परीक्षा केंद्र के अंदर मिली कॉपियों पर केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर भी मिले हैं।

**65 प्रवेश पत्र और 80 प्रवेश पत्र बरामद:** जांच में जुटी एसटीएफ को जगन्नाथ सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक के आवास से 20 हल की हुई और 49 सादी कॉपियां मिली हैं। 65 प्रवेशपत्र सहित नकल के कई सामान भी मिले हैं। एक कार से भी 11 हल की हुई कॉपियां मिली हैं। उधर, दो केंद्रों से सॉल्वर पकड़े जाने के मामले में एसटीएफ ने शनिवार को 22 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## साथी की पिटाई से नाराज किसानों ने लगाया जाम, पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त

**बीसलपुर , एजेंसी।** ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में साथी की पिटाई से नाराज किसानों ने किसान सहकारी चीनी मिल गेट के पास गन्ना लदे वाहनों को मार्ग पर खड़ा कर जाम लगा दिया। पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया तो आक्रोशित किसान पुलिस से ही भिड़ गए। पथराव कर दिया। कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने लाठियां फटकार कर प्रदर्शनकारी किसानों को खदेड़ा।

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलैंदा गौटिया निवासी भजनलाल शनिवार देर शाम किसान सहकारी चीनी मिल के गेट स्थित क्रय केंद्र पर गन्ना तुलवाने गए थे। मिल गेट पर पहले से गन्ना भरे वाहनों की कतार थी। इसपर भजनलाल ने अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली वहीं सामने स्थित एक प्रतिष्ठान के सामने खड़ी कर दी। इस पर प्रतिष्ठान के मालिक ने आपत्ति जताई और दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। आरोप है कि प्रतिष्ठान मालिक के इशारे पर उसके चार साथियों ने भजनलाल की पिटाई कर दी और आरोपी भाग गए। प्रतिष्ठान बंद कर मालिक भी चला गया। अपने साथी की पिटाई होने से नाराज होकर गन्ना तुलवाने आए किसानों ने गन्ना भरे वाहनों को चीनी मिल के सामने खड़ा कर जाम लगाने के साथ पथराव कर दिया।

सूचना पर सीओ डॉ. प्रतीक दहिया मौके पर पहुंचे। स्थिति को देख आसपास के थानों से पुलिस बुलाई गई। प्रदर्शनकारी किसानों को खदेड़ने के बाद देर रात स्थिति सामान्य हुई। एहतियातन यहां फोर्स को तैनात किया गया है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 10 मार्च, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### कुलभूषण जाधव को अगवा कराने वाला मुफ्ती मारा गया, बलूचिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

**क्वेटा।** भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव को अगवा कराने में मदद करने वाले मुफ्ती शाह मीर की पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौत हो गई है। उसे शुक्रवार रात अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। मुफ्ती मीर ने ईरान से कुलभूषण जाधव को अगवा करने में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ISI की मदद की थी। शुक्रवार रात को नमाज के बाद वह मस्जिद से बाहर निकल रहा था। तभी बाइक सवार हमलावरों ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया और कई गोली मारी। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक गोली लगने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ह्यूमन ट्रैफिकिंग (मानव तस्करी) और हथियारों की तस्करी में शामिल मुफ्ती मीर इस्लामिक कट्टरपंथी पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम का मेंबर था। पाकिस्तान ने जाधव को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया पाकिस्तानी सेना ने 3 मार्च 2016 को बताया था कि उसने कुलभूषण जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया था। पाकिस्तान ने कुलभूषण पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें जाधव ने कथित तौर पर स्वीकार किया था कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी RAW के लिए काम कर रहे थे और बलूचिस्तान और कराची में अस्थिरता फैलाने में शामिल थे। हालांकि, भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा था कि ये जबरन लिया गया बयान है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने जाधव को ईरान से अगवा किया। जाधव रिटायरमेंट के बाद ईरान में बिजनेस कर रहे थे।



### मार्क कार्नी बन सकते हैं कनाडा के नए PM, 2008 में देश को मंदी से बाहर निकाला

**टोरंटो।** साल 2008 के सितंबर महीने की बात है... अमेरिका में लीमन ब्रदर्स बैंक जैसे कई बड़े बैंकों के दिवालिया होने की खबर आई। इसके बाद शेयर बाजार गिर गए, नौकरियां खत्म हुईं, इंडस्ट्रीज बंद पड़ गईं और पूरी दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में आ गई। इस वक्त कनाडा के सेंट्रल बैंक के गवर्नर मार्क कार्नी सबको चौंकाते हुए ब्याज दरों को 1% के ऐतिहासिक निचले स्तर पर ले गए। उन्होंने बैंकों के साथ मिलकर लोन सिस्टम मजबूत किया और कनाडा को इस मंदी से उबार लिया। मंदी से बाहर आने वाला कनाडा पहला देश बना। उनके इस कदम को बाकी देशों के केंद्रीय बैंकों ने भी अपनाया। आर्थिक मंदी से निकलने में इसका फायदा हुआ। तब एक कनाडाई पत्रिका ने उन्हें 'दुनिया को बचाने वाला कनाडाई' शीर्षक से फ्रंट पेज पर छापा। वे बैंकिंग सेक्टर में जाना-माना नाम बन गए थे। यही मार्क कार्नी आज कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के सबसे बड़े दावेदार हैं। आज लिबरल पार्टी अपना नया नेता चुनने वाली है। इस रेस में कार्नी के अलावा 3 और नाम हैं, लेकिन वोटर सर्वे के मुताबिक कार्नी के पास सबसे ज्यादा वोटर्स का समर्थन है।

### अयोध्या में सुहागरात पर दूल्हा-दुल्हन की मौत, कमरे में दोनों के शव मिले

**अयोध्या।** अयोध्या में सुहागरात पर दुल्हन और दूल्हे की मौत हो गई। पत्नी का शव कमरे में बेड पर था, जबकि पति पंखे पर लटका हुआ था। रविवार सुबह 7 बजे तक दोनों नहीं उठे तो घरवाले जगाने पहुंचे। देखा तो कमरा अंदर से बंद था। घरवालों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। इसके बाद घरवालों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर देखा तो उनके होश उड़ गए। दूल्हे को फंदे से उतारा और दोनों को अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। 7 मार्च यानी शुक्रवार को दूल्हा प्रदीप की शादी हुई थी। शनिवार सुबह दुल्हन विदा होकर घर आई थी। रविवार यानी आज रिसेप्शन था, जिसकी तैयारियां चल रही थीं। मामला कैंट के सहादतगंज मुरावन टोला का है। बेटे और बहू की मौत पर मां रोते-रोते बेसुध हो गई। दूल्हे के भाई दीपक कुमार का कहना है- एक साल पहले रिश्ता तय हुआ था, कोई समस्या नहीं थी। शुक्रवार शाम को हम लोग डीली सरैया बारात लेकर पहुंचे। भाई बहुत खुश था। धूमधाम के साथ शादी हुई। दूल्हा-दुल्हन से साथ में फोटो भी खिंचवाई। दीपक कुमार ने बताया कि सुबह 11 बजे दुल्हन की विदाई हुई। हम लोग दोपहर 1 बजे घर पहुंचे। शाम 4 बजे तक पूजन का कार्यक्रम चला। रात 11 बजे तक महिलाएं गीत गाकर जश्न मनाती रहीं। फिर भइया और भाभी कमरे में गए। आज रिसेप्शन था, इसलिए सुबह मैं मंडी सब्जी लेने गया था। घरवालों ने फोन कर घटना की सूचना दी। दरवाजा तोड़ा तो अंदर शव लटका हुआ था। भाई ने ऐसा क्यों किया? इसकी कोई जानकारी नहीं है। सब कुछ अच्छा चल रहा था।



### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी-बारिश थमी, तापमान बढ़ा, उत्तराखंड में लैंडस्लाइड और एवलांच का डर

**जम्मू/भोपाल/नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी का दौर फिलहाल थम गया है। प्रशासन ने सड़कों पर जमीं बर्फ हटाई, जिससे रास्ते खुल सकें। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर के तापमान में भी वृद्धि हुई है। हिमाचल प्रदेश में 10 मार्च से मौसम बदलेगा। एक हफ्ते तक पहाड़ों पर बर्फबारी होगी। जम्मू-कश्मीर के साथ उत्तराखंड में लैंडस्लाइड व बर्फ के पहाड़ खिसक सकते हैं। मध्य प्रदेश में बर्फीली हवाओं का असर घटने लगा है। दिन का पारा 36°C के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 15 मार्च के बाद तेजी से गर्मी बढ़ेगी। बीते चार दिन में रात का पारा 6°C तक पहुंचा था। राजस्थान में 12 मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद तापमान में 2°C तक और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। हालांकि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर के चलते बादल छा सकते है। हरियाणा में दिन का तापमान 30°C पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते 9 से 13 मार्च के बीच राज्य में बादल छाएंगे। हल्की बारिश भी हो सकती है।

### योगी ने दिल्ली में की मोदी से मुलाकात, 1 घंटे हुई बातचीत, मंत्रिमंडल विस्तार और प्रदेश अध्यक्ष पर चर्चा

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, मोदी-योगी के बीच 1 घंटे तक बातचीत हुई। इस दौरान यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा, सीएम ने महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर भी बात की। महाकुंभ में 5 फरवरी को पीएम प्रयागराज आए थे। तब दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। 32 दिन बाद दोनों की फिर से मुलाकात हुई। कल सीएम योगी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। यूपी में भाजपा अध्यक्ष को लेकर तस्वीर साफ नहीं है। केंद्रीय नेतृत्व पंचायत चुनाव-2026 और विधानसभा चुनाव-2027 के जातीय समीकरण के हिसाब से प्रदेश अध्यक्ष बनाना चाहता है। शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि किसी ऐसे शख्स को बनाया जाए तो योगी और प्रदेश सरकार से बेहतर तालमेल बिठा सकें। यूपी में 2027 चुनाव से पहले योगी मंत्रिमंडल का विस्तार होना है। अभी मंत्रिमंडल के 6 पद खाली हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित अन्य विधायकों की मंत्रिमंडल में वापसी होनी है। बताया जा रहा है कि योगी-मोदी के बीच इन विषयों पर चर्चा हुई। योगी ने शनिवार शाम दिल्ली में जेपी नड्डा से मुलाकात की। योगी ने नड्डा को कुंभ की एक किताब भेंट की। यूपी में अब तक जिलाध्यक्षों की सूची फाइनल नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच जिलाध्यक्षों की सूची पर बात हुई। यूपी में भाजपा के 98 (संगठनात्मक जिले) जिलाध्यक्षों की सूची जारी होनी है। सूत्रों के मुताबिक, ज्यादातर जिलों में अध्यक्षों के नाम फाइनल हो गए थे। हालांकि, बाद में शीर्ष नेतृत्व ने 30% महिला और दलित को अध्यक्ष बनाने की बात कही थी। इसके चलते इस लिस्ट को रोक दिया गया था।

# कुकी संगठनों ने अनिश्चितकालीन बंद बुलाया

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन शनिवार को सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में 40 लोग घायल हुए हैं। राज्य में 8 मार्च से सभी इलाकों में सामान्य आवाजाही शुरू की गई, जिसका कुकी समुदाय के लोगों ने विरोध किया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों की शनिवार की कार्रवाई के खिलाफ कुकी-जो समूहों द्वारा अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया है। कांगपोकपी जिले में रविवार सुबह स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत है। यहां अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की है। गुलेल का भी इस्तेमाल किया गया है। सुरक्षाबलों के 5 वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। झड़प के दौरान 16 प्रदर्शनकारी घायल हो गए और एक प्रदर्शनकारी की चोटों के कारण मौत हो गई। वाहन जलाए, सड़कों पर पेड़ काटकर डाल दिए इससे पहले शनिवार को कुकी समुदाय ने प्रदर्शन के दौरान सड़कों पर पत्थर बिछाकर और टायर जलाकर सड़कें ब्लॉक करने की कोशिश की। कई जगह वाहनों में आग लगा दी गई। बसों को पलट दिया गया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े। हाईवे पर पेट्रोलिंग की जा रही है कांगपोकपी जिले के एक अधिकारी ने बताया कि एनएच-2 (इम्फाल-दीमापुर रोड) के साथ गमघीफई और अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की गश्त की जा रही है।

ITLF ने अनिश्चितकालीन बंद का समर्थन किया कुकी-जो के संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (ITLF) ने कुकी जो काउंसिल (KZC) द्वारा बुलाए गए अनिश्चितकालीन बंद का समर्थन किया है। संगठन ने कहा कि शनिवार को प्रदर्शन में शामिल लोगों का हम सम्मान करते हैं। लोगों से अपील है कि वे बंद का समर्थन करें। कुकी काउंसिल बोली- सरकार फैसले पर फिर विचार करे कुकी जो काउंसिल (KZC) ने अपनी प्रेस रिलीज में कहा- झड़प में 50 से ज्यादा महिलाएं घायल हुई हैं। सुरक्षाकर्मियों के बल प्रयोग करने से हमारा संकल्प और भी मजबूत हो गया है। काउंसिल शांति का समर्थन करती है लेकिन शांति थोपने से नाराजगी और संघर्ष होगा। हम सरकार से इस फैसले पर दोबारा विचार करने का आग्रह करते हैं। काउंसिल मैतेई लोगों की स्वतंत्र आवाजाही की गारंटी नहीं दे सकती। हम किसी भी अप्रिय घटना के जिम्मेदार नहीं होंगे।

सरकार के फैसले का तब तक कड़ा विरोध किया जाएगा जब तक समुदाय के लिए स्थायी शांति का राजनीतिक समाधान नहीं निकल जाता। अमित शाह ने फ्री मूवमेंट का ऐलान किया था गृह मंत्री अमित शाह ने 1 मार्च को मणिपुर के हालात पर गृह मंत्रालय में समीक्षा बैठक की थी। गृह मंत्री ने 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा था। साथ ही सड़कें ब्लॉक करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।




मणिपुर में हिंसा के बाद एक्स्ट्रा फोर्स तैनात, पुलिस बोली- प्रदर्शनकारियों ने फायरिंग की, गुलेल चला रहे

## तेलंगाना टनल हादसा, 16वें दिन एक डेडबॉडी मिली, मशीन से चिपकी हुई है

**एजेंसी, नागरकुर्नूल**

तेलंगाना टनल हादसे के 16वें दिन रेस्क्यू टीम को पहला शव मिला है। बॉडी मशीन में फंसी हुई है। शव निकालने के लिए मशीन को काटने का काम जारी है। 7 मार्च को स्निफर डॉग्स (खोजी कुत्ते) को टनल में ले जाया गया था। रेस्क्यू ऑफिसर ने बताया कि मशीन में फंसे शव के केवल हाथ दिखाई दे रहे थे। बीते दिन राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया था कि खोजी कुत्तों ने खास जगह पर तेज गंध का पता लगाया है।

पता चला है कि वहां तीन लोग मौजूद हैं। इसके बाद वहां पर जमा मलबा हटाया जा रहा था। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि शव उसी जगह मिला है या किसी अन्य जगह। बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए रोबोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। मजदूरों की तलाश में 525 कर्मी लग हुए हैं।



राज्य के नागरकुर्नूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को धंस गया था। इस वजह से अंदर काम कर रहे 8 मजदूर फंस गए थे। राज्य सरकार ने कहा था कि उनके बचने की संभावना बहुत हम है, लेकिन हम हर संभव प्रयास करेंगे। 5 साल पहले चेतावनी दी थी, कोई एक्शन नहीं लिया गया 2020 में एमबर्ग टेक एजी नाम की कंपनी ने टनल का सर्वे किया था। कंपनी ने टनल में कुछ फॉल्ट जोन और कमजोर चट्टानों के खतरे को लेकर अलर्ट किया था।

सर्वे रिपोर्ट टनल बनाने वाली कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड को भी दी गई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि 14 किमी लंबी टनल के 13.88 किमी से 13.91 किमी के हिस्से की चट्टानें कमजोर हैं। इस हिस्से में पानी भी भरा हुआ है। जमीन खिसकने का भी खतरा है।

**काटकर निकाला जा रहा 7 अन्य की तलाश जारी**

बचावकर्मियों के मुताबिक जिस हिस्से को रिपोर्ट में खतरनाक बताया गया था, वही हिस्सा गिरा है। हालांकि राज्य सरकार के सिंचाई विभाग को इसकी जानकारी थी या नहीं, यह साफ नहीं है। सिंचाई विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि उन्हें ऐसी किसी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है।

काम छोड़कर जा रहे मजदूर रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे के बाद टनल में काम कर रहे कुछ मजदूर डर के कारण काम छोड़कर चले गए हैं। सीनियर सरकारी अधिकारी ने बताया कि श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) प्रोजेक्ट में 800 लोग काम कर रहे हैं।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में मंदिर में तोड़फोड़, हिंदू-विरोधी नारे लिखे

**सात महीने पहले भी कैलिफोर्निया के मंदिर में अभद्र नारे लिखे गए थे**

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। ये घटना चिनो हिल्स इलाके में हुई। इसकी जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गई हैं, उनमें 'मोदी-हिंदुस्तान मुर्दाबाद' जैसे स्लोगन और पीएम मोदी के लिए अभद्र भाषा लिखी दिखाई दे रही है। मंदिर बनवाने वाली संस्था BAPS अमेरिका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर घटना की जानकारी शेयर की। सात महीने पहले सितंबर में भी कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में श्री स्वामीनारायण मंदिर में इस तरह की घटना हुई थी।

**भारतीय विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा की:** भारत के विदेश मंत्रालय ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा कि हम स्थानीय लॉ अथॉरिटीज से अपील करते हैं कि वे आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। साथ ही पूजा की जगहों पर पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम करेंगे।

**हिंदू संगठन बोला- खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले हुई घटना:** अमेरिकी हिंदू संगठन CoHNA ने भी इस घटना की निंदा की है। संस्था ने कहा कि एक बार फिर हिंदू मंदिर को तोड़ा गया। यह बस एक आम दिन है, जब मीडिया और अकादमिक जगत यह मानने से इनकार करेगा कि हिंदू विरोधी नफरत मौजूद है और #Hinduphobia को सिर्फ हमारी कल्पना बताया जाएगा। इसमें भी कोई हैरानी नहीं है कि ऐसा तब हो रहा है, जब लॉस एंजिलिस में "खालिस्तान जनमत संग्रह" का दिन नजदीक आ रहा है। CoHNA ने ये भी बताया कि 2022 से अब तक अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में कम से कम 10 मंदिरों में हिंदुओं के लिए अभद्र भाषा लिखी गई।




## फिलिस्तीन समर्थकों ने ट्रम्प के गोल्फ कोर्स में तोड़फोड़ की, ट्रम्प के लिए गालियां और फ्री गाजा जैसे नारे लिखे

**एजेंसी, लंदन**

फिलिस्तीन समर्थकों ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के स्कॉटलैंड वाले गोल्फ रिसोर्ट पर तोड़फोड़ की। ये तोड़फोड़ ट्रम्प के गाजा पर कब्जे करके उसे दोबारा बसाने के बयान को लेकर की गई। फिलिस्तीन एक्शन नाम के समूह ने रिसोर्ट की दीवारों पर लाल रंग से ट्रम्प के लिए गालियां और गाजा के समर्थन में 'फ्री गाजा' 'फ्री फिलिस्तीन' नारे लिखे। इसके अलावा गोल्फ कोर्स की हरी घास पर लाल रंग से 'गाजा बेचने के लिए नहीं है' लिखा। गोल्फ कोर्स में गड्ढे भी किए। समूह ने रिसोर्ट की खिड़कियां और कई लाइट्स भी तोड़ दीं।

**फिलिस्तीन एक्शन ने X पर लिखा- हम शांत नहीं बैठ सकते:** इस ग्रुप ने X पोस्ट में लिखा, 'फिलिस्तीन एक्शन ग्रुप आज ब्रिटेन के सबसे महंगे गोल्फ कोर्स पहुंचा। ये ट्रम्प का टर्नबेरी गोल्फ रिसॉर्ट है। ऐसे समय में जब अमेरिकी प्रशासन इजराइल को हथियार दे रहा है और गाजा में जातीय नरसंहार की योजना बना रहा है, आम लोग शांत नहीं बैठ सकते हैं।'

**ट्रम्प ने पिछले महीने गाजा पर कब्जा करने की बात कही थी:** ट्रम्प ने पिछले महीने गाजा पर कंट्रोल करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि फिलिस्तीनियों को गाजा से निकालकर मिस्र और जॉर्डन भेजा जाए और गाजा का फिर से निर्माण किया जाए। ट्रम्प ने कहा कि संघर्ष के अंत में इजराइल, गाजा पट्टी को अमेरिका के हवाले कर देगा। अमेरिका, गाजा में विकास करेगा और यहां शानदार घर बनाएगा। इसके लिए वहां पर अमेरिकी सैनिकों की जरूरत नहीं होगी। ट्रम्प की घोषणा के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि उन्होंने सेना को इससे जुड़ा प्लान तैयार करने को कहा है। जो गाजावासी खुद ही गाजा छोड़ना चाहते हैं, इजराइली सेना उनकी मदद करेगी।

**इजराइल ने ट्रम्प के बयान का समर्थन किया:** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प के बयान का समर्थन किया और कहा कि यह काबिलेतारीफ है। नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि गाजा को लेकर यह सबसे अच्छा आइडिया है, जो उन्होंने सुना है। इसे लागू किया जाना चाहिए। इससे सभी को फायदा पहुंचेगा।



## शाहरुख, अजय, टाइगर जयपुर कंज्यूमर-कोर्ट में तलब

**एजेंसी, जयपुर**

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और विमल कुमार अग्रवाल को जयपुर कंज्यूमर कोर्ट ने तलब किया है। विमल कुमार अग्रवाल, विमल पान मसाला बनाने वाली कंपनी जेबी इंडस्ट्रीज के चेयरमैन हैं। आरोप है कि केसर के नाम पर विमल पान मसाला खरीदने के लिए लुभाया जा रहा है, जबकि इसमें केसर है ही नहीं। केसर के नाम पर आम लोग भ्रमित हो रहे हैं। जयपुर के वकील योगेंद्र सिंह बडियाल की शिकायत पर यह नोटिस जारी किया गया है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (कंज्यूमर कोर्ट) के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने 5 मार्च को सुनवाई की थी। अगली सुनवाई की तारीख 19 मार्च की सुबह 10 बजे तय की गई है। कोर्ट ने कहा है कि यदि आप व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होने में विफल रहते हैं, तो एकपक्षीय निर्णय लिया जाएगा। शिकायतकर्ता योगेंद्र सिंह बडियाल ने दावा किया- विज्ञापन में कहा गया है कि दाने दाने में केसर का दम है। इसके कारण जेबी इंडस्ट्रीज करोड़ों रुपए कमा रही है। आम लोग नियमित रूप से पान मसाला खा रहे हैं। यह सेहत के लिए हानिकारक है और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन रहा है।



**विमल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन को भी नोटिस, आरोप- पान मसाले में केसर का दावा कर भ्रमित कर रहे**

## महाराष्ट्र में GB सिंड्रोम के 225 केस, 12 की मौत

**एजेंसी, मुंबई**

**179 मरीज ठीक हुए, 15 वेंटिलेटर पर, 144 वाटर सोर्स में इन्फेक्शन कंफर्म**

महाराष्ट्र में गुइलैन-बैरे सिंड्रोम (GBS) का पहला केस 9 जनवरी को सामने आया था। इसके अबतक 225 संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं। 197 में GBS की पुष्टि हुई है। 179 मरीज ठीक हुए हैं। 24 का इलाज जारी है। 15 वेंटिलेटर पर हैं। कुल 12 मौतें दर्ज हुई हैं। इनमें से 6 की वजह GBS और 6 की मौत का कारण संदिग्ध है। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक ये सभी मामले पुणे नगर निगम, पुणे निगम के गांव, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम, पुणे ग्रामीण और दूसरे जिलों से हैं। इन इलाकों से 7262 पानी के नमूने केमिकल और बायोलॉजिकल एनालिसिस के लिए लैब भेजे गए। 144 वाटर सोर्स में इन्फेक्शन की बात सामने आई हैं। प्रशासन ने इन जिलों के 89,699 घरों की दौरा भी किया है। इनमें पुणे नगर निगम में 46,534, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम (PCMC) के 29,209 और पुणे ग्रामीण में 13,956 घर शामिल हैं। प्राइवेट क्लिनिक को एडवाइजरी जारी की गई है कि GBS का कोई केस नजर आए तो सूचित करें।

इलाज महंगा, एक इंजेक्शन 20 हजार का GBS का इलाज महंगा है। डॉक्टरों के मुताबिक मरीजों को आमतौर पर इम्युनोग्लोबुलिन (IVIG) इंजेक्शन का कोर्स करना होता है। निजी अस्पताल में इसके एक इंजेक्शन की कीमत 20 हजार रुपए है। पुणे के अस्पताल में भर्ती 68 साल के मरीज के परिजन ने बताया कि इलाज के दौरान उनके मरीज को 13 इंजेक्शन लगाने पड़े थे। डॉक्टरों ने मुताबिक GBS की चपेट में आए 80% मरीज अस्पताल से छुट्टी के बाद 6 महीने में बिना किसी सपोर्ट के चलने-फिरने लगते हैं। लेकिन कई मामलों में मरीज को एक साल या उससे ज्यादा समय भी लग जाता है।

## सीरिया में हिंसा से 2 दिन में एक हजार मौतें

**एजेंसी, दमिश्क**

सीरिया के लताकिया और टार्टस में बीते कई दिनों से सेना और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के समर्थकों के बीच झड़प जारी है। इस हिंसा से 2 दिन में 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। मौतों का यह आंकड़ा 2011 में सीरियाई गृह युद्ध के बाद सबसे ज्यादा है। इसकी जानकारी सीरिया में युद्ध पर नजर रखने वाली संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दी है। संस्था के मुताबिक पिछले दो दिनों में सुरक्षाबलों ने अलावी मुस्लिम समुदाय के 745 से ज्यादा लोगों की हत्या कर दी। इनमें से ज्यादातर को फांसी दी गई है। इसके अलावा असद समर्थक 148 लड़ाके भी मारे गए हैं। वहीं इस हिंसा में सुरक्षा बलों के 125 जवानों की भी मौत हुई है। पिछले साल दिसंबर में तख्तापलट होने के बाद बशर देश छोड़कर रूस भाग गए थे। इसके बाद सीरिया की सत्ता पर उग्रवादी संगठन हयात तहरीर अल-शाम (HTS) का कब्जा हो गया।

सीरिया सरकार का कहना है कि असद के वफादार लड़ाकों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया, जिससे हिंसा शुरू हुई। वहीं, असर के लड़ाकों ने सुरक्षाबलों पर रिहाइशी इलाकों पर बमबारी करने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक झड़प तब शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने की कोशिश की। इसके बाद सरकार ने लताकिया और टार्टस में भारी संख्या में सेना की तैनाती की है। साथ ही कर्फ्यू लगाने का भी आदेश दिया है। लताकिया और टार्टस प्रांतों में हिंसा ने अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। ये इलाके अल्वी समुदाय के गढ़ हैं, जो पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के प्रति वफादार रहे हैं। सीरिया में बीते साल दिसंबर में बशर अल असद को सत्ता से हटाए के बाद ये सबसे भीषण हिंसक झड़प है।

**जुलानी ने कैसे किया तख्तापलटः** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2016 में जब सीरिया का गृह युद्ध थमा, तब से जुलानी अपनी लड़ाकों को मजबूत करने में जुट गया। चीन के उईगर मुसलमानों से लेकर अरब और सेंट्रल एशिया से लोगों की मदद से उसने अपनी फौज तैयार की। जुलानी ने सही समय का इंतजार किया, जो इजराइल-हमास जंग और रूस-यूक्रेन जंग की वजह से आया। 2022 में यूक्रेन में जंग शुरू हो गई और रूस वहां व्यस्त हो गया। इसके चलते रूस ने अपने सैनिकों को सीरिया से निकाल लिया। फिर 2023 में इजराइल और हमास के बीच जंग शुरू हुई। नतीजा ये हुआ कि ईरान और हिजबुल्लाह जो सीरिया में असद की मदद कर रहे थे वे अब उन पर ध्यान नहीं दे पाए। हसन नसरल्लाह की मौत के बाद हिजबुल्लाह कमजोर हो गया।



**सेना और असद समर्थकों में झड़प, अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के लोगों को फांसी पर चढ़ाया**

# जयपुर में पांच आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां जोरों पर

**एजेंसी, जयपुर**

आईपीएल 2025 के मुकाबले 22 मार्च से शुरु होने जा रहे हैं। इस बार जयपुर में भी पांच मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में आईपीएल के लिए कार्यक्रम जारी किया था। इस कार्यक्रम के तहत ही 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल को लेकर इस बार बीसीसीआई ने नए नियम भी जारी किये हैं। इनके अनुसार अब खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और दोस्त ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकेंगे। ये नियम अभ्यास के दौरान भी लागू रहेगा। इसके साथ ही टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को टीम बस से ही यात्रा करनी होगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजियों को स्पष्ट रुप से आदेश दिया है कि परिवार के अलावा अभ्यास मैच के दौरान केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान पर जा सकेंगे, इन बातों के अलावा बीसीसीआई ने मैच के दिन के नियम भी नियम तय किए हैं जिसके अनुसार मैच के दौरान एलईडी बोर्ड्स के सामने बैठने की अनुमति नहीं होगी, खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी। परिवार और दोस्त अलग वाहन से यात्रा करेंगे और हॉस्पिटैलिटी एरिया से अभ्यास देख सकते हैं, साथ ही मैच से पहले अभ्यास करने के लिए टीमों को 2 नेट्स और मुख्य मैदान पर 1 साइड विकेट मिलेगा, ओपन नेट्स की अनुमति नहीं रहेगी, इसके अलावा और भी अन्य नियम तय किए गए हैं जिनका खिलाड़ियों को पालन करना होगा. जयपुर में आईपीएल को लेकर खेल परिषद और एडहॉक कमेटी के आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर विवाद चल रहा था जो अब खत्म हुआ हैं। इससे पहले बीसीसीआई ने जयपुर में इस बार खेल परिषद को आईपीएल मैच करवाने की जिम्मेदारी दी है पर ये भी साफ किया है कि अंतिम बार स्पोर्ट्स काउंसिल को यह जिम्मेदारी दी गई है, अगले साल से ऐसा नहीं होगा। साथ ही चेताया है कि अगर क्रिकेट संघ में स्थिति नहीं सुधरती है तो अगले साल जयपुर में आईपीएल मैचों का आयोजन नहीं होगा।




## आईपीएल ट्रॉफी के बिना अधूरा रहेगा विराट कोहली का करियर: एबी डिविलियर्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली का शानदार करियर तब और खास हो जाएगा जब वह आरसीबी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जिताएंगे। यह मानना है दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का।

विराट कोहली 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही आरसीबी से जुड़े हुए हैं और उन्होंने 140 मैचों में टीम की कप्तानी भी की है। हालांकि, अब तक वह एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं, जिससे उनकी उपलब्धियों की सूची में यह एक अधूरा सपना बना हुआ है। विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 252 मैचों में 38.67 की औसत से 8,004 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 55 अर्धशतक शामिल हैं। वह इस टूर्नामेंट में 6,769 रनों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद शिखर धवन से काफी आगे हैं। बावजूद इसके, आरसीबी 17 सीजन में एक भी बार चैंपियन नहीं बन सकी है। टीम 2009, 2011 और 2016 में तीन बार फाइनल में पहुंची थी, लेकिन हर बार उसे हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले, डिविलियर्स ने उम्मीद जताई है कि इस बार विराट अपनी टीम के लिए खिताब जीत सकते हैं। उन्होंने एक इवेंट में कहा, "विराट के खेल में नयापन और निडरता साफ दिखती है। वह अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर नए शॉट्स आजमा रहे हैं और अपनी बल्लेबाजी को लगातार बेहतर कर रहे हैं। आरसीबी के साथ आईपीएल जीतना उनके पहले से ही शानदार करियर के लिए परफेक्ट फिनिशिंग टच होगा।" डिविलियर्स ने पिछले सीजन में कोहली के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनका स्ट्राइक रेट कोई समस्या नहीं थी, बल्कि उन्होंने वही भूमिका निभाई जो टीम को उनसे चाहिए थी। उन्होंने कोहली की तुलना दिल्ली कैपिटल्स के फ्रेजर मैकगर्क से करते हुए कहा कि विराट को पारी को संभालने की जिम्मेदारी दी गई थी और उन्होंने इसे बखूबी निभाया। आरसीबी आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करेगी।

## भारतीय टीम की जीत के लिए मां गंगा का किया दुग्धाभिषेक

**एजेंसी, हरिद्वार।**


आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में आज भारतीय टीम का न्यूजीलैंड के साथ मुकाबला है। मैच को लेकर भारतीय क्रिकेट प्रेमी बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके साथ ही भारतीय टीम की जीत के लिए दुआओं का दौर जारी हो गया है। हरिद्वार में हर की पैड़ी पर तीर्थ पुरोहितों ने भारतीय टीम की जीत के लिए कामना करते हुए मां गंगा का दुग्धाभिषेक किया।

तीर्थ पुरोहित उज्ज्वल पंडित ने कहा कि आज हरिद्वार की पावन स्थली हर की पौड़ी ब्रह्मकुंड पर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए प्रार्थना की गई है। भगवती मां गंगा का दुग्धाभिषेक किया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लीग स्टेज में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी, उसी तरह फाइनल में भी एक बार फिर भारतीय टीम को जीत हासिल हो। भारतीय टीम ट्रॉफी लेकर भारत आए। उन्होंने कामना की कि इस बार फिर से रोहित शर्मा और विराट कोहली का बल्ला चमत्कार दिखाए।



# 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतना चाहते हैं प्रवीण

**एजेंसी, विजयनगर**



एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। वह 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था।


एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें। प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था। मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है। इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता।

राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं।

## एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप का अभिष्य नहीं : मोईन अली

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप भविष्य नहीं है। मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है। जिससे गेंदबाजों के लिए इस प्रारुप में कुछ नहीं बचा है। साथ ही कहा कि इसी कारण आजकल टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल संन्यास लेने वाले मोईन ने इंग्लैंड की ओर से 138 एकदिवसीय मैचों में 2,355 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। वहीं 68 टेस्ट मैच में उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए हैं और 200 से अधिक विकेट लिए हैं। वह आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलेंगे। मोईन ने कहा, ''विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर एकदिवसीय प्रारूप लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह खेलने के लिए सबसे खराब प्रारूप है और मुझे लगता है कि इसके कई कारण हैं। '' पहले के समय में पहले पावरप्ले के बाद सर्कल के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक हुआ करते थे पर पिछले कुछ साल में यह संख्या चार हो गई है जिससे बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है जो पहले नहीं होता था जिससे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना अब बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब हैं। पहले पावरप्ले के बाद अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना, मुझे लगता है कि विकेट लेने और किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए यह एक खराब नियम है। इसी वजह से अब खिलाड़ी एकदिवसीय क्रिकेट में 60 और 70 का औसत बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब आप किसी को गेंदबाजी कर रहे होते हैं और आप थोड़ा दबाव डालते हैं तो बल्लेबाज बस रिवर्स-स्वीप करता है और यह एक रन नहीं बल्कि यह चौका होता है।



# जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत इस साल 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें । यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। '' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था!

# शिखर धवन ने भारतीय टीम को दी शुभकामनाएं, 2013 चैंपियंस ट्रॉफी की जीत को किया याद

**एजेंसी, दुबई**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला भारतीय टीम और न्यूजीलैंड टीम के बीच खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड की टीम मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रही है। देशभर में भारतीय क्रिकेट फैंस भारत की जीत के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने भी भारतीय टीम को ट्रॉफी घर लाने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। धवन ने 2013 चैंपियंस ट्रॉफी की जीत को याद किया और सोशल मीडिया पर उस पल के लम्हों को शेयर किया। धवन 2013 चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम का हिस्सा थे। धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2013 चैंपियंस ट्रॉफी की जीत की फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा



कि एक अविस्मरणीय जीत, 2013 की यादें अभी भी ताजा हैं। लड़कों को फाइनल में प्रवेश करते हुए देखकर, मुझे उस ट्रॉफी को उठाने की खुशी और सम्मान की याद आती है। इतिहास रचने और एक बार फिर उस पल को फिर से जीने का मौका है। टीम को शुभकामनाएं, इसे घर ले आओ। वरुण चक्रवर्ती की तारीफ की इसके अलावा धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर जारी विज्ञप्ति में कहा कि भारत ने इस आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान शानदार क्रिकेट खेला है। उन्होंने कहा कि मुझे वरुण चक्रवर्ती के रूप में एक अतिरिक्त स्पिनर को लाने के लिए किया गया बदलाव पसंद आया, जो एक गेम-चेंजर रहा है। उन्होंने भारत को अधिक संतुलित टीम बनाया है, खासकर धीमी और टर्निंग पिचों पर।

धवन ने आगे कहा कि एक अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ी मोहम्मद शमी हैं, जो चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर बहुत प्रभावशाली दिखे हैं। इस तरह के बड़े टूर्नामेंट में खेलने पर हमेशा दबाव रहता है और आपको अपने अनुभवी खिलाड़ियों की जरूरत होती है, जो उन्होंने किया है। पूरी टीम कर रही अच्छा धवन ने कहा कि सबसे प्रभावशाली बात यह रही है कि सिर्फ एक या दो खिलाड़ी नहीं, बल्कि पूरी टीम अच्छा कर रही है। श्रेयस अय्यर शानदार क्रिकेट खेल रहे हैं, साथ ही शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, केएल राहुल, सभी अद्भुत क्रिकेट खेल रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए पूरी टीम के अच्छा प्रदर्शन करने और एकजुट होने की जरूरत है। एक खिलाड़ी आपको मैच जिता सकता है लेकिन ट्रॉफी नहीं, पूरी टीम को आगे बढ़कर प्रदर्शन करना होता है, जो भारत ने पूरे प्रदर्शन में किया है। हर कोई अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है, जैसा कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में करना था। ट्रॉफी जीतने का इंतजारपूर्व खिलाड़ी ने कहा कि यह भारत में एक बड़ा दिन है और हर कोई भारत के ट्रॉफी जीतने का इंतजार कर रहा है ताकि वे जश्न मना सकें।

# उत्तर क्षेत्रीय हॉकी में दिल्ली ऑडिट बनी चैम्पियन

**एजेंसी, प्रयागराज**

दिल्ली ऑडिट ने एजीयूपी को 4-0 से हराकर भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग की उत्तर क्षेत्र हॉकी प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमा लिया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय स्थित एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान पर रविवार को खेले गये खिताबी मुकाबले में दिल्ली ऑडिट के लिए पहले हॉफ में विष्णु कांत ने 14वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हॉफ के 47वें मिनट में राजकुमार पाल ने दूसरा, 49वें मिनट में नितिन मुकेश तिग्गा ने तीसरा और 57वें मिनट में मिथिलेश कुमार ने चौथा गोल करके दिल्ली ऑडिट को 4-0 से जीत दिला दी। एजी-दिल्ली के नीलम मैन ऑफ दी मैच तथा एजीयूपी के अंकित मलिक मैन



ऑफ दी टूर्नामेंट रहे। एजी-दिल्ली के ओलम्पियन राजकुमार पाल को मुख्य अतिथि प्रधान महालेखाकार रामहित ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए लेखापरीक्षा मनोरंजन क्लब के अध्यक्ष एवं उपमहालेखाकार श्रेयांश सिंह व अन्य पदाधिकारियों अनिल सिंह, अमित सिंह, कुशल बाल्मिकी एवं कमेंटेटर विजय पांडेय को बधाई दी। समापन समारोह में उप महालेखाकार एम पी श्रीवास्तव के साथ दीपक श्रीवास्तव, अजय भट्ट एवं जय किशन, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 10 मार्च, 2025



# दुधारू पशु एवं आदर्श पशुशाला



देश का उत्तर पश्चिमी क्षेत्र पशुपालन व दूध उत्पादन के लिये विख्यात रहा है। इस क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन के लिये दुधारू पशु पाले जाते है जिनमें गायों (देशी एवं संकर नस्ल) व भैसों की मुख्य भूमिका समय तक होती है। गर्मियों के मौसम में (मई व जून) में वायुमंडलीय तापमान 45 डिग्री से.ग्रे. से भी अधिक हो जाता है। ऐसे मौसम दुधारू पशुओं पर अपना अत्यधिक दुष्प्रभाव डालता है। जिसे पशुपालक अपने पशुओं में होने वाले व्यवहार के बदलाव से जान सकते है।

## गर्मियों में पशुओं का उचित रखरखाव

ग्रीष्म ऋतु में दुधारू पशुओं में होने वाले उन दुष्प्रभावों को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय करना पशुओं के उत्पादन व प्रजनन क्षमता को बनाए रखने में मदद करता है –

## उचित आवास होना अति आवश्यक

आवास साफ–सुथरी व हवादार होना चाहिए, जिसका फर्श पक्का व फिसलन रहित हो तथा मूत्र व पानी की निकासी हेतु ढलान हो।

- पशुगृह की छत उष्मा की कुचालक हो ताकि गर्मियों में अत्यधिक गरम न हो। इसके लिये एस्बेस्टस शीट उपयोग में लाई जा सकती हैं अधिक गर्मी के दिनों में छत पर 4–6 इंच मोटी घांसफूस की परत या छप्पर डाल देना चाहिये। ये परत उष्मा अवशोषक का कार्य करती है जिसके कारण पशु पशुशाला के अंदर का तापमान उचित बना रहता है।
- पशुशाला की छत की ऊंचाई से कम 10 फुट ऊंची होनी चाहिए ताकि हवा का समुचित संचार पशुगृह में हो सके तथा छत की तपन से भी पशु बच सके।
- पशुशाला में खिड़किया व दरवाजों व अन्य खुली जगहों पर जहां से तेज गरम हवा आती हो बोरी या टाट आदि टांग कर पानी का छिड़काव कर देना चाहिए।
- पशुशाला में पशुओं की संख्या अत्यधिक नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक पशु को उसकी आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराएं। मुक्त हर व्यवस्था में गाय व भैसों को क्रमश: 3.5 व 4.0 वर्ग मीटर स्थान ढका हुआ तथा 7 से 8 वर्ग मीटर खुले स्थान बाड़े के रूप में प्रति पशु उपलब्ध होना चाहिए।
- पशुओं को नहलाने का उचित प्रबंध होना चाहिए– पशुओं के शरीर पर दिन में 2 या तीन



बार ठंडे पानी का छिड़काव करें। यदि संभव हो तो तालाब में बैसों को नहलाएं। प्रयोगों से यह साबित हुआ है कि दोपहर को पशुओं पर ठंडे पानी का छिड़काव उनके उत्पादन व प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता है।

- पशुओं को पीने की ठंडे पानी उपलब्ध होना चाहिए। इसके लिये पानी की टैंक पर छाया की व्यवस्था करना अति आवश्यक होता है।
- पशुशाला के आसपास छायादार वृक्षों का होना अति आवश्यक है यह वृक्ष पशुओं को छाया तो प्रदान करते हैं साथ ही पशुओं को गरम लू से भी बचाते हैं।

अत: पशुपालकों को गर्मियों में पशुओं की सुरक्षा हेतु कुछ विशेष बतों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे –

- पशुओं को पीने के लिए ठंडा व ताजा जल उपलब्ध करायें।
- पशुओं को आहार में हरा चारा अधिक से अधिक मात्रा में उपलब्ध करायें।
- तेज गर्मी के दिनों में पशुओं को ठंडे पानी से नहलायें।
- पशुओं को लू से बचाने हेतु पशुशाला से आसपास छायादार वृक्ष लगावें।
- पशुशाला में प्रत्येक पशुओं को पर्याप्त मात्रा में स्थान उपलब्ध करायें।
- पशुशाला की छत की ऊंचाई अधिक से अधिक हो।
- पशुशाला में पशुओं को गर्मी से बचाने हेतु पंखे लगवायें तथा दरवाजों पर खिड़कियों पर खस व टाट लगाकर उन पर पानी का छिड़काव करें। इससे पशुशाला का तापमान सामान्य बना रहता है।

उपरोक्त बातों को ध्यान रखकर पशुपालक अगर अपने दुधारू पशुओं का प्रबंध करेंगे तो गर्मियों में भी अपने पशुओं के उत्पादन व प्रजनन क्षमता को बनाए रखकर डेयरी व्यवसाय के द्वारा अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं।

## गर्मियों में दुधारू पशुओं पर पड़ने वाले मुख्य दुष्प्रभाव

### पशुओं की श्वसन क्रिया में वृद्धि होना

गर्मियों में शरीर की उष्मा को निकालने के लिये पशु अपने शरीर से पानी को पसीने के रूप से वाष्पीकरण करता है। पानी को शरीर से वाष्पित करने के लिये पशु के शरीर से उष्मा लेनी पड़ती है तथा पशु पसीने को शरीर से वाष्पीत होने पर राहत महसूस करता है। गर्मियों में पशु अपनी श्वसन क्रिया को बढ़ाकर पानी की वाष्पीकरण क्रिया को बढ़ा देते है इन सबके कारण पशुओं में पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है।

### पशु सूखा चारा खाना कम कर देते हैं

गर्मियों में जल वायुमंडलीय तापमान पशुओं के शारीरिक तापमान से अधिक हो जाता है तो पशु सूखा चारा खाना कम कर देते है क्योंकि सूखा चारा को पचाने में शरीर में उष्मा का अधिक मात्रा में निकलता है ये क्रम चारा खाना उनकी दुग्ध क्षमता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है।

### दुधारू पशुओं के दुग्ध उत्पादन में कमी होना-

गर्मियों के मौसम में दुधारू पशुओं हेतु चारे की उपलब्धता व गुणवत्ता में कमी हो जाती है जिसका दुष्प्रभाव दुधारू पशुओं के दुग्ध उत्पादन की क्षमता में कमी हो जाना है।

### प्रजनन क्रिया क्षीण मंद हो जाना-

इस मौसम में भैसों व संकर नस्ल गायों की प्रजनन क्षमता मंद हो जाती है तथा मदचक्र लम्बा हो जाता है एवं मद अवस्था का काल व उग्रता दोनों बढ़ जाती है। जिसके कारण पशुओं में गर्भधारण की संभावना काफी घट जाती है जो कि दुग्ध उत्पादन पर सीधा प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

### पशुओं को लू लगने का डर बना रहता है -

अत्यधिक गर्मी में पशुओं को लू लगने के कारण पशु बीमार पड़ जाते हैं जिससे उनके दुग्ध उत्पादन में तो काफी कमी आती है साथ ही बीमार पशु की उचित देखभाल न होने के कारण उसकी मृत्यु तक हो जाती है जिससे पशुपालक को काफी आर्थिक हानि होती है।

# गेहूं बीज उत्पादन तकनीक



## बीज स्त्रोत

**आधार बीज तैयार करने के लिए प्रजनक या आधार बीज और प्रमाणित बीज उत्पादन के लिये आधार बीज किसी प्रमाणीकरण संस्था के मान्य स्त्रोत से प्राप्त किया जाता है। बोने से पूर्व बीज थैलों पर लगे लेबिल आदि से बीज की किस्म की शुद्धता की जांच कर लेनी चाहिये और लेबिल संभालकर रखना चाहिए।**



## पृथक्करण दूरी

गेहूं एक स्व–परागित फसल हैं अत: गेहूं की सभी जातियों को आपस में अच्छे बीज उत्पादन हेतु 3 मीटर पृथक्करण दूरी अन्य जातियों से रखना चाहिए, लेकिन अनावृत कंड रोग से बचाव के लिये न्यूनतम पृथक्करण दूरी 150 मीटर



रखी जाती हैं।

## बीजोपचार

2.5–3 ग्राम थायरम दवा से प्रति किलोग्राम बीज को उपचारित करना चाहिए। लूज स्मट की रोकथाम के लिए वीटावैक्स 2.5 ग्राम/किलोग्राम बीज उपचारित करना चाहिए।

## खरपतवार नियंत्रण

खरपतवार वे अवान्छित पौधे होते हैं जो कि वहां उगते हैं जहां इनकी आवश्यकता नहीं होती है। खरपतवार आर्थिक दृष्टि से हानिकारक होते हैं जो फसलों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। इनके कारण उपज व गुणवत्ता प्रभावित होती है।

## अवांछनीय पौधों को निकलना

सभी भिन्न पौधों (दूसरी किस्मों, अन्य फसलों व खरपतवारों) व कंडुआग्रस्त पौधों को उनमे बाली निकलने के समय पहचानकर निकाल देना चाहिए। पौधों को जड़ सहित निकाला जाता है और कंडुआग्रस्त पौधों को बालियों पर पहले लिफाफा ढंककर लिफाफे के निचले हिस्से को मुट्ठी से बंद करने के बाद उखाड़ना चाहिये, जिससे उखाड़ते समय बीजाणु खेत में न गिरे। बाद में गड्डों में दबा या जला देना चाहिये। शेष बचे रहे पौधों को पकने के समय दोबारा निकाल देना चाहिए।



## संसाधन व भण्डारण

कटाई व गहाई के बाद बीज को अच्छी तरह सुखाकर साफ कर लेना चाहिये। बीज भरने में प्रयुक्त होने वाले बोरों को अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिये। बीजों के विक्रय तथा बुवाई के समय तक उसकी अंकुरण क्षमता एवं गुणवत्ता को कायम रखना ही भण्डारण का उद्देश्य होता है। अनाज का उचित भण्डारण नही करने से कुल पैदावार का लगभग 10 से 12 प्रतिशत नुकसान कीड़े, चूहे व अन्य जीव जन्तु द्वारा होता है। फसल की कटाई के साथ ही इस व्यवस्था की शुरूआत होने लगती है। भण्डारण के लिए गेहूं बीज में नमी की मात्रा (अधिकतम) 10.12: होनी चाहिए। बीज भण्डारण के लिये गोदाम ऊँचे स्थान पर होना चाहिये, जिसका फर्श कंकरीट का बना हो, दीवारों में दरारे न हो व नमी से सुरक्षित व स्वच्छ होना चाहिये। बोरों को लकड़ी के लट्ठों पर अलग–अलग रखना चाहिये, जिससे एक ढेर से दूसरे ढेर की दूरी कम से कम आधा मीटर हो। इसके बाद 15–15 दिन के अंतराल पर गोदाम का निरीक्षण करते रहना चाहिये।

## कटाई व गहाई

बीज फसल की कटाई के समय बीज में नमी की मात्रा 15: से अधिक नहीं होना चाहिये। अत: कटाई से पूर्व नमी की मात्रा की जांच कर लेना चाहिये। बीज फसल की विभिन्न किस्मों की गहाई अलग खलिहान में करनी चाहिये, जिससे अपमिश्रण न होने पाये। गहाई, बीज में नमी की मात्रा 14 प्रतिशत से कम होने पर करनी चाहिये। गहाई से पूर्व गहाई यंत्र को अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिये, जिससे उसमें पहले की गई किस्म के दाने न रह गये हों।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 10 मार्च, 2025



# अब फिल्म बनाएंगी श्वेता त्रिपाठी



'मिर्जापुर' फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने ऐसा क्यों किया?

क्यों लिया फिल्म का निर्माता बनने का फैसला?

श्वेता के प्रोडक्शन में बनने वाली यह फिल्म LGBTQIA+ पर आधारित है। निर्माता के तौर पर फिल्म से जुड़ने के फैसले के बारे में बात करते हुए श्वेता त्रिपाठी ने कहा, जब एक एक्टर के रूप में यह स्क्रिप्ट मेरे पास आई तो मैं तुरंत इसकी संवेदनशीलता और जिस तरह से इसमें प्रेम को उसके शुद्ध रूप में दर्शाया गया था, उससे आकर्षित हो गई। जैसे-जैसे मैंने गहराई से इसे जाना, मुझे एहसास हुआ कि इस कहानी को सही तरीके से बताया जाना कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही मैंने निर्माता के रूप में इसका हिस्सा बनने का फैसला किया। श्वेता ने आगे कहा, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह प्रेम, पहचान और खुद के होने के साहस का उत्सव है। एक निर्माता के रूप में अब मेरे पास कहानियां कहने की रचनात्मक स्वतंत्रता है और मैं इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। इसके अलावा श्वेता के प्रोडक्शन स्लेट में एक हॉरर फिल्म, एक ड्रामा और एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर शामिल है।

### बच्चों की कहानियां बनाना चाहती हैं श्वेता

इस फिल्म के अलावा श्वेता की रुचि बच्चों की कहानी बनाने में भी है। यह जॉनर उनके दिल के काफी करीब है। अभिनेत्री का मानना है कि हम जो फिल्में देखते हुए बड़े होते हैं, वह हमें बहुत गहराई से आकार देती हैं और उन्हें ऐसी कहानियां बनाने की उम्मीद है जो बच्चों के दिमाग पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ें।



## फिल्म इंडस्ट्री में समान अवसर मिलेगा तभी सशक्त बनेंगी महिलाएं

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री मोना सिंह ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर बात की।

अभिनेत्री का मानना है कि इंडस्ट्री में महिलाएं तभी सशक्त बन सकती हैं, जब उन्हें भी मुख्य किरदार मिले, समान अवसर मिले। मोना ने कहा, मेरी राय में हमारे मनोरंजन जगत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव महिलाओं के प्रतिनिधित्व और उसकी विविधता को बढ़ावा देने के साथ ही अधिक समान अवसर मुहैया कराने की आवश्यकता है।


उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि कैमरे के सामने और पीछे दोनों जगह महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाकर, उन्हें अधिक बारीक या अलग हटकर भूमिका निभाने की छूट देकर उनके लिए बेहतर किया जा सकता है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री लोकप्रिय टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं में शानदार काम कर घर-घर छा गईं। शो में उनका किरदार आज भी भूला नहीं जा सकता है। उन्होंने शो में एक सेक्रेटरी की भूमिका निभाई, जो आंखों पर मोटा चश्मा, लगाए नजर आई, जिसमें कॉन्फिडेंस की कमी रहती है। टीवी के साथ ही मोना सिंह कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। जस्सी जैसी कोई नहीं के बाद वह रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के पहले सीजन में नजर आईं, जिसकी वह विजेता भी रहीं। 'फेमिना मिस इंडिया' और 'झलक दिखला जा 2' को भी होस्ट कर चुकी हैं।

टीवी जगत में सफल होने के बाद अभिनेत्री साल 2009 में बॉलीवुड में एंट्री कीं। उन्होंने राजकुमार हिरानी की कॉमेडी-ड्रामा 3 इडियट्स (2009) में सहायक भूमिका निभाई। उनके किरदार को दर्शकों ने पसंद किया। इस दौरान मोना ने कई और भी फिल्मों में सहायक भूमिका निभाई। उन्होंने लाल सिंह चड्ढा और मुंज्या जैसी फिल्में की। उन्होंने फिल्म लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान की मां की भूमिका निभाई थी। साथ ही वह वेब सीरीज मेड इन हेवन और काला पानी में भी अहम किरदार में नजर आईं। मोना सिंह साल 2012 में फोर्ब्स इंडिया की 100 सेलिब्रिटी की लिस्ट में भी शामिल हो चुकी हैं।

## जेलर 2 को लेकर आई बड़ी जानकारी

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस के लिए खुशखबरी है। वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई बड़ी फिल्में हैं, जिनमें से एक जेलर 2 भी है। फिल्म में फैंस रजनीकांत को एक बार फिर से पहले भाग की तरह मुथुवेल पांडीयन के किरदार में देखे सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलर 2 की शूटिंग अगले हफ्ते में शुरू होने वाली है। फिल्म की टीम पहले चेन्नई में शूटिंग करेगी। उसके बाद गोवा और तमिलनाडु के थेनी में आगे की शूटिंग की जाएगी। फिल्म में एक बार फिर से अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार करने वाले हैं। फिल्म सिनेमाघरों में कब तक दस्तक देगी इस बात का अभी आधिकारिक एलान नहीं किया गया है।





## टीवी की दुनिया ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया

रूपाली गांगुली लगभग पांच साल से सीरियल 'अनुपमा' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह सीरियल आम महिलाओं की समस्याओं को भी अपनी कहानी के जरिए दिखाता है। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश भी देता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रुपाली गांगुली ने अपने टीवी सीरियल में काम करने के अनुभव, यहां के माहौल के बारे में बात की। हाल ही में जूम को दिए गए इंटरव्यू में रुपाली गांगुली कहती हैं, 'टीवी जैसी कोई और इंडस्ट्री हो ही नहीं सकती है। यह एक अच्छी जगह है। यहां आपको काबिलियत पर काम मिलता है। मैं आज भी ऑडिशन देती हूं। लेकिन इस इंडस्ट्री ने महिलाओं को बहुत सम्मान दिया है। महिला कलाकारों को यहां रानियों की तरफ ट्रीट किया जाता है।

### फिल्मों के बुरे अनुभव भी बताए

टीवी की तारीफ करने के अलावा रुपाली गांगुली ने यह भी बताया कि उन्होंने फिल्मों में काम करना क्यों छोड़ा। वह बताती हैं, 'कई लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का सामना किया है। आज तो महिलाएं इस बारे में बात कर रही हैं, उस वक्त बात नहीं होती थी। यही बड़ी वजह रही कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री को छोड़ दिया।

## पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं



मशहूर निर्देशक सुंदर सी अपनी नई पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' के साथ एक भव्य सिनेमाई अनुभव देने जा रहे हैं। ये फिल्म न सिर्फ क्षेत्रीय सिनेमा की सीमाओं को तोड़ेगी, बल्कि भारत और दुनिया भर के दर्शकों को एक नई कहानी से जोड़ने का काम करेगी। इसमें साउथ इंडियन एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल प्ले करेंगी। नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा- 'इस किरदार को निभाना महज अभिनय तक सीमित नहीं है। ये एक भावना है। 'महाशक्ति' सिनेमा से परे एक शक्ति रखती है। सुंदर सर के विजन के साथ हम एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं, जो हर दर्शक पर अपना असर छोड़ेगी। मैं इस भव्य यात्रा का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं'। फिल्म की शूटिंग जोरों पर है और मेकर्स जल्द ही इसकी रिलीज डेट का ऐलान करेंगे। इस फिल्म को भारत समेत कई भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा, जिससे ये एक पैन-इंडिया ब्लॉकबस्टर बनने की पूरी संभावना है। फिल्म में नयनतारा एक दिव्य शक्ति और रक्षक की भूमिका निभाएंगी।



## प्रभास ने मुफ्त में किया कन्नप्पा में कैमियो? विष्णु मांचू ने किया खुलासा

विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और मोहनलाल के दिलचस्प कैमियो की वजह से चर्चा में है। अब विष्णु मांचू अपनी फिल्म का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें प्रभास के कैमियो और उनके किरदार के बारे में खास चर्चा हुई थी। वहीं, अब प्रभास के किरदार से जुड़ी बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### फ्री में प्रभास ने किया काम

साउथ सुपरस्टार प्रभास ने विष्णु मांचू की आने वाली फिल्म कन्नप्पा में अपने दमदार कैमियो के लिए एक भी रुपये नहीं लिया। फिल्म में अभिनेता रुद्र की पौराणिक भूमिका निभाते नजर आएंगे। हाल ही में एक्स पर चैटिंग सेशन के दौरान एक यूजर ने विष्णु मांचू से पूछा, क्या प्रभास सर फ्री में एक्टिंग करते हैं? क्या यह सच है? इस पर विष्णु मांचू ने हां कहकर इसकी पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन उनका सकारात्मक जवाब प्रभास के प्रशंसकों को खुश करने के लिए काफी था।

### प्रभास ने तुरंत किरदार के लिए कह दी थी हां

विष्णु मांचू ने यह भी बताया कि प्रभास को कन्नप्पा में रुद्र की भूमिका स्वीकार करने में बस कुछ ही मिनट लगे। अभिनेता ने कहा, उन्हें यह बेहद पसंद आया। कन्नप्पा में बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार भी भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी की बात करें तो रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य भूमिका निभाने वाले विष्णु मांचू युद्ध की कठोर वास्तविकताओं का सामना करने के बाद भगवान शिव के एक उत्साही भक्त बन जाएंगे।

### फिल्म की शूटिंग और निर्माण

फिल्म में काजल अग्रवाल देवी पार्वती की भूमिका में होंगी और मोहनलाल किराता की भूमिका में नजर आएंगे। मुख्य भूमिका निभाने के अलावा विष्णु ने कन्नप्पा की पटकथा भी लिखी है। इसका निर्माण विष्णु मांचू के पिता और दिग्गज अभिनेता-निर्माता मोहन बाबू ने किया है। इसकी शूटिंग न्यूजीलैंड, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर की गई है।





## मैं हूं भारतीय सिनेमा का असली बादशाह, कार्तिक ने उड़ाया मजाक

बॉलीवुड के चमकते सितारे कार्तिक आर्यन लगातार चर्चाओं में बने रहते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो तब का है जब दोनों स्टार 25वें आईफा अवॉर्ड्स के लिए जयपुर पहुंचे थे। इस वीडियो में दोनों एक-दूसरे पर तंज कस रहे हैं और इस बात पर बहस कर रहे हैं कि भारतीय सिनेमा का असली राजा कौन है?

### कौन है भारतीय सिनेमा का असली बादशाह?

वीडियो की शुरूआत में करण जौहर कार्तिक आर्यन से कहते हैं, कार्तिक, रॉयल्टी का भी कुछ मतलब होता है। बॉलीवुड का बादशाह मैं हूं, तुम नहीं। इस पर कार्तिक जवाब देते हुए कहते हैं, अगर आप बादशाह हो, तो मैं इंडियन सिनेमा का राजकुमार हूं। इस पर करण कहते हैं, हे भगवान, तुम और रॉयल्टी? असली रॉयल्टी मैं हूं। जिसके बाद भूल भूलैया 3 स्टार कार्तिक करण जौहर के ट्रांसफॉर्मेशन और उनके दुबले होने पर मजाकिया लहजे में तंज कसते हुए कहते हैं, आप इतने पतले कैसे हुए हो? ऐसा लग रहा है किसी ने करण भेज दिया है, और जौहर अभी बाकी है।

### करण ने कार्तिक की फिल्म का उड़ाया मजाक

आगे करण जौहर कार्तिक पर मजाकिया लहजे में सख्त होते हुए 2023 में आई कार्तिक की फ्लॉप फिल्म 'शहजादा' पर तंज कसते हुए कहते हैं, ओह मिस्टर कैजादा। जिस पर कार्तिक कहते हैं, जोक शहजादा पर बनता है, उस पर होना चाहिए। इस पर करण जौहर कहते हैं, उस पर कुछ नहीं बनता है।

### करण-कार्तिक के बीच हो गई थी अनबन

कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच तब रिश्तों में तल्खियां आने की खबरें सामने आई थीं जब 2021 में कार्तिक आर्यन को करण जौहर की फिल्म 'दोस्ताना 2' से बाहर कर दिया गया था। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन बाद में कार्तिक को हटा दिया गया था। जिसके बाद इन दोनों के बीच अनबन की खबरें सामने आई थीं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया था।

### करण की फिल्म में नजर आएंगे कार्तिक

2023 में कार्तिक आर्यन के जन्मदिन के मौके पर करण जौहर ने कार्तिक के साथ अपनी नई फिल्म की घोषणा करके दोनों के बीच फिर से दोस्ती हो जाने का संकेत दिया था। करण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेता के साथ एक फिल्म की घोषणा की थी। जिसके बाद दोनों के बीच की अनबन पूरी तरह से खत्म हो गई है। अब दोनों 2025 के आईफा अवॉर्ड्स को भी होस्ट करते दिखेंगे।



## रणबीर कपूर के साथ फिल्म में काम करना चाहती हैं मावरा हुसैन

पिछले महीने पर्दे पर फिर से रिलीज हुई सनम तेरी कसम ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया। नए फिल्मों से मुकाबला होने के बावजूद यह रोमांटिक ड्रामा फिर से दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही। फिल्म में मावरा हुसैन ने हर्षवर्धन राणे के साथ मुख्य भूमिका निभाई है। माहिरा हुसैन होकेन ने हाल ही में रणबीर कपूर के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने व्यक्त किया कि वह उनके साथ रॉकस्टार का हिस्सा बनना पसंद करतीं। इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत में मावरा हुसैन से पूछा गया कि वह रणबीर कपूर के साथ किस तरह की फिल्में करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मैं रॉकस्टार करना पसंद करती। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसे उन्होंने कई बार देखा है।

